

- आईटी मंत्री की चेतावनी : प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो रोकेंगे सरकारी फंड-12



- पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा हर जिले में 2 पंपों पर रहेगी सुविधा-12



- ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से ट्रांजिट टोल वसूल करने की तैयारी में-13



- लोगों को बात करने दें, मैं अपना हुनर साबित करने के लिए नहीं खेल रहा हूं : रहाणे-14


आज का मौसम 33.0° अधिकतम तापमान 20.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.05 सूर्यास्त 06.28

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ · बरेली · कानपुर · मुरादाबाद · अयोध्या · हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 06:56 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 31 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 34, पृष्ठ 14 · मूल्य 6 रुपये


# लेखक केवल शब्दों के निर्माता नहीं समाज के मार्गदर्शक भी : धामी

## मुख्यमंत्री ने किया डॉ. जितेन ठाकुर को उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह



डॉ. जितेन ठाकुर को उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित करते सीएम धामी। ● अमृत विचार

- 13 विद्वानों के साथ विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट साहित्यकारों को भी मिला सम्मान

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, साहित्य समाज का दर्पण होता है और लेखक केवल शब्दों के निर्माता नहीं, बल्कि समाज के मार्गदर्शक और प्रेरक भी होते हैं।

सोमवार को मुख्य सेवक सदन में उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा आयोजित उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह-2025 में मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ''उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान'' से डॉ. जितेन ठाकुर के साथ ही डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, श्याम सिंह कुटौला, डॉ. प्रीतम सिंह, केसर सिंह राय एवं अताए साबिर अफजल मंगलौरी को ''उत्तराखंड दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार'' से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट साहित्यकारों एवं ''युवा कलमकार प्रतियोगिता'' के विजेताओं के साथ

साहित्य नारी वंदन सम्मान के अंतर्गत प्रो. दिवा भट्ट, उत्कृष्ट बाल साहित्य हेतु प्रो. दिनेश चमोला, उत्तराखंड मौलिक रचना पुरस्कार के अंतर्गत डॉ. भूपेंद्र बिष्ट, डॉ. सुधा जुगरान, शीशपाल गुसाई, उत्कृष्ट कुमाऊनी एवं गढ़वाली साहित्य हेतु तारा पाठक, हेमंत सिंह बिष्ट एवं गजेंद्र नौटियाल आदि को सम्मानित किया।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि, राज्य सरकार साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा विभिन्न पुरस्कारों के माध्यम से साहित्यकारों को सम्मानित करने के साथ-साथ ग्रंथ प्रकाशन हेतु अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है। उत्तराखंड को साहित्यिक पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए राज्य में दो ''साहित्य ग्राम'' स्थापित किए जा रहे हैं, जहां साहित्यकारों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौट रहा है और साहित्यिक धरोहर को पुनर्स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रेरणा से राज्य सरकार भी उत्तराखंड की बिखरी साहित्यिक धरोहर को संकलित एवं संरक्षित करने के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के साहित्यकारों से आह्वान किया कि वे अपनी रचनाओं के माध्यम से उत्तराखंड की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को देश-विदेश तक पहुंचाएं तथा समाज को दिशा देने का कार्य निरंतर करते रहेंगें। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, खजान दास, विधायक सविता कपूर आदि मौजूद रहे।

### चैती मेला के विकास को बनेगा मास्टर प्लान

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डीएम ऊधमसिंह नगर को चैती मेला परिसर के विकास के लिए मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को मां बाल सुंदरी देवी उज्जैनी शक्तिपीठ पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि, यह मेला भव्य स्वरूप लेता जा रहा है और इस आयोजन से क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन बढ़ने के साथ अनेक संभावनाएं सृजित होंगी। स्थानीय विकास भी तेज गति से आगे बढ़ेगा। विस्तृत पेज-8

# ट्रंप की फिर धमकी, होर्मुज खोलो नहीं तो पावर प्लांट कर देंगे तबाह

वाशिंगटन/दुबई, एजेंसी

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने शांति समझौते को लेकर रविवार को ईरान को नए सिरे से दी धमकी
- ईरान ने रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना प्रमुख अलीरजा तंगसिरी की मौत की पुष्टि की
- तेहरान के मिसाइल हमले के बाद इजराइली तेल रिफाइनरी के निकट आग जलती दिखी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को नए सिरे से धमकी देते हुए कहा कि अगर शांति समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका ईरान के बिजली संयंत्रों, तेल के कुओं और खार्ग द्वीप को नेस्तनाबूद कर देगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि उनका प्रशासन सैन्य अभियानों को समाप्त करने के लिए ईरान के साथ गंभीर बातचीत कर रहा है। ट्रंप ने पोस्ट में कहा कि बहुत प्रगति हुई है, लेकिन अगर किसी भी कारण से जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है, जिसकी आशंका बहुत अधिक है, और अगर होर्मुज तुरंत व्यापार के लिए नहीं खुलता है, तो हम ईरान में अपनी कार्रवाई का समापन उनके सभी बिजली उत्पादन संयंत्रों, तेल कुओं और खार्ग द्वीप (और संभवतः सभी विलवणीकरण संयंत्रों!) को उड़ाकर और पूरी तरह से नष्ट करके करेंगे।

वहीं, ईरान ने रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना प्रमुख अलीरजा तंगसिरी की मौत की सोमवार को पुष्टि की। इजराइल ने गुरुवार को दावा किया था कि उसने ईरानी नौसेना के रियर एडमिरल तंगसिरी को मार गिराया है। रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक बयान में कहा कि तंगसिरी गंभीर रूप से घायल होने के बाद अल्लाह के पास चले गए। ईरान के हमले में उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में एक तेल रिफाइनरी पर सोमवार को आग लग गई। घटनास्थल की वीडियो फुटेज में यह आग दिख रही है। वीडियो में एक बड़े रिफाइनरी टैंक में आग की लपटें और घना काला धुआं दिखाई दिया, जिसे इजराइल की अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने जल्दी ही बुझा दिया। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आग मिसाइल हमले से लगी थी या किसी मलबे के गिरने से। इजराइल में केवल दो ही रिफाइनरियां हैं और यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इजराइल ने ईरान के साउथ पार्स प्राकृतिक गैस क्षेत्र व पेट्रोकेमिकल स्थलों पर हमले किए हैं।

### ईरान ने अमेरिकी-इजराइली अधिकारियों के आवास को निशाना बनाने की दी चेतावनी

**दुबई।** ईरान की संयुक्त सैन्य कमान के प्रवक्ता ने रविवार को चेतावनी दी कि अब अमेरिका और इजराइल के अधिकारियों के निजी आवास को निशाना बनाया जाएगा। पश्चिम एशिया में एक माह से अधिक समय से जारी युद्ध भयावह होता जा रहा है। यह धमकी इजराइल तथा पश्चिम एशिया में रहने वाले अमेरिका और इजराइल के सैन्य तथा राजनीतिक अधिकारियों को लक्षित है।

### कुवैत में ईरानी हमलों में एक और भारतीय की मौत

**दुबई।** रविवार को कुवैत में एक बिजली और जल अलवणीकरण संयंत्र पर ईरान के हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। इस घटना के साथ ही इस युद्ध में मारे गए भारतीय नागरिकों की संख्या आठ हो गई है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत की पुष्टि की है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह कुवैत में एक जल अलवणीकरण संयंत्र पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने जिलेटिन की 104 छड़ों के साथ एक को किया गिरफ्तार

**बागेश्वर :** कपकोट पुलिस ने सघन जांच में लीती निवासी पान सिंह की दुकान से जिलेटिन की 104 छड़ें बरामद की हैं। एसपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि, यह विस्फोटक पदार्थ साल 2010-2012 से सड़क निर्माण में बचने के बाद इसी दुकान में अवैध रूप से रखा था। आरोपी पान सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।
विस्तृत पेज-9

### देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडार, किसान चिंतित न हों : नड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि भारत में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त उर्वरक भंडार मौजूद है और पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। नड्डा ने उर्वरक कंपनियों और हरित अमोनिया बनाने वालों के बीच हरित अमोनिया की आपूर्ति से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर के अवसर पर कहा, यह ही नहीं, भारत ने कई संकट देखे हैं। हम उर्वरक आपूर्ति के मामले में पूरी तरह सक्षम हैं। सरकार उर्वरक क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रही है।

# दो गुटों में फायरिंग, रिटायर्ड ब्रिगेडियर को लगी गोली, मौत

मुख्य संवाददाता, देहरादून



घटना के दौरान क्षतिग्रस्त हुई फॉर्च्यूनर कार।



- राजपुर क्षेत्र में सनसनीखेज वारदात, बार मालिक समेत चार आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचारः** राजधानी देहरादून के राजपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह कानून व्यवस्था को चुनौती देती सनसनीखेज और हृदयविदारक घटना में सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी की गोली लगने से मौत हो गई। वे सुबह की सैर पर निकले थे। इस दौरान कार सवार युवकों के दो गुटों में हुई फायरिंग में उन्हें गोली जा लगी। पुलिस ने इस मामले में बार मालिक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सिटी प्रमोद कुमार के अनुसार, सुबह करीब 6:50 बजे जोहड़ी गांव में फायरिंग की सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची तो प्रारंभिक जांच में सामने आया कि, मसूरी रोड पर मालसी के पास गाड़ी को पास न देने को लेकर दिल्ली नंबर की फॉर्च्यूनर कार और उत्तराखंड नंबर की स्कॉर्पियो में सवार युवकों के बीच विवाद के बाद फायरिंग हो गई। इस दौरान सुबह की सैर पर निकले मुकेश कुमार जोशी (74) पुत्र स्व. गिरीश चंद्र जोशी निवासी तुला अपार्टमेंट जोहड़ी गांव थाना राजपुर को दुर्घटनावश गोली लग गई, जिन्हें उनके साथियों द्वारा तत्काल निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हालांकि इस घटना में मृतक मुकेश जोशी के रिश्तेदार राकेश उप्रेती की तहरीर पर हत्या का अभियोग दर्ज किया गया। हालांकि रात होते-होते रोडरेज की बात गलत निकली। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने खुलासा किया कि, दोनों पक्षों के बीच शनिवार रात कुठालगेट स्थित जेन-जेड बार में बिल कम कराने को लेकर झगड़ा हुआ था जिसके बाद दोनों पक्ष सोमवार सुबह फिर आमने-सामने आ गए थे और दोनों में फायरिंग हो गई थी। इस मामले में बार संचालक संदीप सिंह निवासी दिल्ली, बार के कर्मचारी रोहित कुमार निवासी दिल्ली और मोहम्मद अखलाक निवासी बिहार के अलावा देहरादून निवासी आदित्य चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में आदित्य के साथियों शान्तनु त्यागी, कविश त्यागी, समीर चौधरी और वैभव की तलाश की जा रही है। संबंधित पेज-2

# आईबीसी संशोधन विधेयक पारित, सुधरेगी बैंकों की हालत

नयी दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- एनपीए की वसूली में मदद मिली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के कारण देश की बैंकिंग प्रणाली में काफी सुधार हुआ है तथा वाणिज्यिक बैंकों की एनपीए की वसूली में भी मदद मिली है। उन्होंने सदन में 'दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025' पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक के माध्यम से आईबीसी में 12 संशोधन प्रस्तावित हैं। विधेयक पर चर्चा में 40 सदस्यों ने भाग लिया। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से इस विधेयक को मंजूरी दी।

वित्त मंत्री ने कहा कि संसद की प्रवर समिति ने विधेयक में कुल 17 बड़ी अनुशंसाएं कीं, जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया। सरकार ने एक और सिफारिश को इसमें जोड़ा है कि कर्जदाताओं की समिति को आवेदकों को चयन करने के कारणों को दर्ज करना होगा, इससे पारदर्शिता आएगी। आईबीसी संहिता से भारतीय बैंकिंग प्रणाली में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि एनपीए की वसूली में इस संहिता की प्रभावी भूमिका रही है। सीतारमण के अनुसार वाणिज्यिक बैंक के एनपीए की कुल वसूली में दिवाला संहिता का 54 प्रतिशत से अधिक का योगदान रहा है।

### ग्राहकों के लॉकर में रखे सामान को बैंक नहीं देख सकते



**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला ने कहा कि ग्राहकों के लॉकर में रखे सामान को बैंक नहीं देख सकते और ना ही उसका रिकॉर्ड रख सकते हैं क्योंकि इससे बैंकिंग नियमों का उल्लंघन होगा। सीतारमण लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सदस्य किरसन नामदेव के पूरक प्रश्न उत्तर दे रही थीं। उन्होंने कहा, किसी ग्राहक के लॉकर में रखे कीमती सामान पर नजर रखना बैंकिंग नियमों का उल्लंघन है, और बैंक ऐसा नहीं करेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि किसी भी नुकसान की स्थिति में लॉकर धारकों के लिए उनके सामान की क्षति या लॉकर टूटने जैसे मामलों में मानक कवरेज लॉकर के सालाना किराये का 100 गुना तय है।

### नीतीश का विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी व जेडीयू के एमएलसी संजय कुमार ने कुमार का इस्तीफा विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह को सौंपा। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी बिहार विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बांकीपुर सीट से उनका इस्तीफा भाजपा की बिहार इकाई के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को सौंपा।

# घुसपैठ चुनावी नहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रधानमंत्री का कांग्रेस पर अरोप, घुसपैठियों को जमीन कब्जाने की दी अनुमति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को जमीन कब्जाने की अनुमति देने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि असम में घुसपैठ केवल चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह राज्य की अस्मिता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले असम में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य ने लंबे समय तक अस्थिरता का दौर देखा, लेकिन पिछले एक दशक में स्थिति बदली है क्योंकि भाजपा की डबल-इंजन सरकार ने राज्य में शांति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया। पहली बार वोट देने वाले व युवाओं को असम में पिछली कांग्रेस सरकारों के कुशासन के बारे में याद दिलाने की जरूरत है और आगाह करना चाहिए कि छोटी गलती भी राज्य को पीछे धकेल सकती है।

### हमने वह दौर देखा जब असम हिंसा में जल रहा था

प्रधानमंत्री ने बताया कि पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ 12 शांति समझौते किए गए हैं और कार्यकर्ताओं को यह याद दिलाना चाहिए कि कांग्रेस सिर्फ कागजों पर समझौते करती थी। कहा, हमने वह दौर देखा है जब असम हिंसा में जल रहा था। लेकिन पिछले दशक में स्थिति बदली है और आज राज्य में नया आत्मविश्वास दिख रहा है।

# वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में कोहराम, सेंसेक्स 1,636 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी



- 71,947.55 अंक पर बंद हुआ सेंसेक्स, निफ्टी भी 488 अंक टूटकर 22,331.40 पर बंद
- दो कारोबारी सत्रों में निवेशकों की संपत्ति 18.60 लाख करोड़ रुपये डूबी

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को चालू वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी सत्र में तेज गिरावट आई और सेंसेक्स 1,636 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी 488 अंक के नुकसान में रहा। पश्चिम एशिया संकट और कच्चे तेल के दाम में तेजी से निवेशकों की धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा है। सेंसेक्स 1,635.67 अंक यानी 2.22% टूटकर 71,947.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,809.09 अंक तक लुढ़क गया था।

निफ्टी 488.20 अंक यानी 2.14 प्रतिशत टूटकर 22,331.40 अंक पर बंद हुआ। पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी जबर्दस्त गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति में 18.60 लाख करोड़ रुपये की भारी कमी आई है।

### रुपया 95 प्रति डॉलर के पार जाने के बाद संभला

**मुंबई।** रुपया सोमवार को दिन में कारोबार के दौरान अमेरिका मुद्रा के मुकाबले 95 के स्तर को पार कर गया और अंत में 94.78 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। कारोबार के दौरान रुपये में 165 पैसे का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.62 प्रति डॉलर पर खुला और फिर मजबूत होकर एकबार तो 93.57 प्रति डॉलर तक पहुंच गया था।

**भरोसा** — जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार बोले- किसी योजना का लाभ लेने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता डेटा

# कई राज्यों में कल से जनगणना, गोपनीय रहेगा व्यक्तिगत डेटा

नई दिल्ली, एजेंसी




भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सोमवार को लोगों से जनगणना करने वालों को सही जानकारी देने की अपील करते हुए आश्वस्त किया कि व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहेगा। उन्होंने कहा कि इसे किसी साक्ष्य या किसी योजना का लाभ लेने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जनगणना अधिनियम की धारा 15 के तहत सभी व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रहती है।

दिल्ली समेत देश के कुछ राज्यों में अप्रैल में 16वीं जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू होने से पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली में जनगणना 16 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा, जनगणना के दौरान एकत्र किया गया सभी व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहता है। इसे सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत साझा नहीं किया जा सकता, न ही अदालत में साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जा सकता है और न ही किसी सरकारी या निजी संस्था के साथ साझा किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सांख्यिकीय डेटा का उपयोग केवल संकलन के लिए किया जाएगा। जाति को जनगणना में शामिल करने और लोगों द्वारा सही जानकारी नहीं दिए जाने की आशंका के बारे में पूछे जाने पर महापंजीयक ने कहा कि जाति से संबंधित डेटा दूसरे चरण में एकत्र किया जाएगा और इसके प्रश्न व्यापक चर्चा के बाद तय किए जाएंगे। नारायण ने बताया कि पहली बार स्व-गणना की व्यवस्था शुरू की गई है, जिसमें लोग जनगणना के पहले चरण (हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना) से पहले 15 दिनों की अवधि में डिजिटल रूप से अपनी जानकारी जमा कर सकते हैं। पहले डेटा कागज पर एकत्र किया जाता था, जिससे डिजिटलीकरण में काफी समय लगता था। अब शुरुआत से ही डिजिटल डेटा मिलेगा।

### लिव-इन में रहने वालों की गणना वैवाहिक दंपती के समान मानकर की जा सकती

**नई दिल्ली।** भारत में जनगणना के सिलसिले में स्व-गणना पोर्टल पर दिए गए में कहा गया है कि अगर लिव-इन संबंध में रहने वाले दो लोग एक-दूसरे को हमेशा के लिए अपना मानते हैं तो उन्हें जगणना के दौरान वैवाहिक दंपति के समान माना जाए। स्व-गणना का विकल्प चुनने वालों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल जनगणना के दोनों चरणों हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना (एलएलओ) और जनसंख्या गणना के लिए उपलब्ध होगा। एफएक्यू में कहा गया है, क्या लिव-इन संबंध में रहने वाले जोड़े को विवाहित जोड़ा माना जाएगा? यदि वे हमेशा के लिए एक-दूसरे को अपना मानते हैं, तो उन्हें विवाहित जोड़े के रूप में माना जाए। सरकार ने शुरू होने वाले जनगणना हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग गणना के पहले चरण के दौरान लोगों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं।

स्टेट ब्रीफ

## जोशी ने रि. ब्रिगेडियर की मौत पर शोक जताया

**देहरादून :** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को मसूरी रोड स्थित मालसी क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना में सेवानिवृत ब्रिगेडियर मुकेश जोशी की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया। जोशी घटना के बाद मैक्स अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने मालसी जोहड़ी गांव जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने और आवश्यक स्थानों पर सुरक्षा नाका भी लगाने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## कुंड बैराज से एक को छोड़ा जाएगा पानी

**देहरादून :** रुद्रप्रयाग जनपद अंतर्गत, मंदाकिनी नदी पर बनी सिंगोली भटवारी जल विद्युत परियोजना के कुंड बैराज से आगामी एक अप्रैल बुधवार को सभी गेटों से पानी छोड़ा जायगा इसलिए परियोजना प्रबंधन ने नदी के आसपास रहने वालों से तट से दूर रहने और सतर्कता बरतने का अनुरोध करते हुए चेतावनी दी है। परियोजना प्रबंधन की ओर से सोमवार को जारी चेतावनी पत्र के अनुसार, एक अप्रैल को सुबह 07 :30 बजे से लेकर अपराह्न 04 :00 बजे तक मंदाकिनी नदी पर बने सभी गेटों से पानी छोड़ा जाएगा। यहां लगाए गए रेडियल गेट्स की मरम्मत तथा सिल्ट फ्लैशिंग के लिए ऐसा किया जाना अति आवश्यक है।

# रात में बिल का विवाद, दिन में निर्दोष की मौत

## रिटायर्ड सैन्य अधिकारी के लिए बनी मौत की मॉर्निंग वॉक, युवाओं में कानून का नहीं रहा खौफ

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** राजधानी में युवाओं में कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है। रात को बार में शराब का बिल कम कराने के विवाद ने दिन निकलने पर सेना के एक निर्दोष रिटायर्ड ब्रिगेडियर की जान ले ली। यह कोई सामान्य मौत नहीं बल्कि कानून और शांति व्यवस्था की दिनदहाड़े हत्या है।

घटनाक्रम के अनुसार, मसूरी रोड स्थित जोहड़ी गांव में सुबह के समय दिल्ली नंबर की फॉर्च्यूनर कार और उत्तराखंड की स्कॉर्पियो में सवार युवकों के बीच रास्ता देने को लेकर हुए विवाद में गोलीबारी हो गई थी। इस दौरान सुबह की सैर पर निकले सेना के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी गोलीबारी की चपेट में आ गए थे। गोली लगने से घायल हुए जोशी को तत्काल मैक्स अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गयी। इस घटना के बाद फॉर्च्यूनर कार अनियंत्रित होकर राजकीय प्राथमिक विद्यालय-जोहड़ी के पास सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। इसके बाद स्कॉर्पियो कार में सवार व्यक्तियों ने फॉर्च्यूनर कार में सवार व्यक्तियों के साथ मारपीट करते हुए उनकी कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद स्कॉर्पियो कार में सवार सभी लोग मौके से फरार हो गए।

शाम तक यह मामला रोडरेज को लेकर माना जा रहा था लेकिन एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के निर्देशन में रात तक इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार इसका खुलासा कर दिया गया। इस मामले में कुठालगेट देहरादून स्थित जेन-जेड बार के संचालक संदीप सिंह के साथ बार के कर्मचारी रोहित और अखलाक को जबकि दूसरे पक्ष से आदित्य चौधरी को गिरफ्तार किया गया जबकि आदित्य के साथियों शांतनु व कविश त्यागी, समीर चौधरी व वैभव की तलाश है। पुलिस ने दो तमंचे, चार कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं।


राजपुर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी। ● अमृत विचार


घटना के संबंध में अस्पताल में एक युवक से पूछताछ करते एसएसपी पीएस डोबाल।

### पुलिस की पूछताछ में यह बोले रोहित व अखलाक

घटना के सम्बन्ध में रोहित और अखलाक ने पुलिस को बताया कि, वे दोनो कुठालगेट स्थित जेन-जेड बार में काम करते हैं। रविवार देर रात उनके बार में आए शान्तनु त्यागी, आदित्य चौधरी, कविश त्यागी व उसके अन्य साथियों का उनके बार में काम करने वाले मोहित अग्रवाल के साथ बिल कम करने को लेकर विवाद हो गया था, जिसमें उनके द्वारा आदित्य की स्कार्पियो का पिछला शीशा फोड़ दिया था, जिसके बाद आदित्य व उसके साथी उन्हें देख लेने की धमकी देकर मौके से चले गये थे। रात्रि में हुए विवाद के दौरान उनके मोबाइल व चार्जर बार में ही छूट गये थे, जिन्हें लेने के लिये वह बार मालिक की फार्च्यूनर कार से बार तक गये थे, इस दौरान गोली रेस्टोरेंट के पास आदित्य व उसके साथियो द्वारा उन्हें कार में जाता देख रोकने का प्रयास किया गया तथा उनके द्वारा अपने वाहन को भगाने पर आदित्य व उसके साथियों द्वारा अपने स्कार्पियो वाहन को उनके पीछे तेजी से दौडाते हुए उन पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में उन दोनों ने भी तमंचों से उन पर जवाबी फायर किया। जोहड़ी गांव के पास वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने तथा आदित्य व उसके साथियों के पास आटोमैटिक पिस्टल होने के कारण वे दोनों मौके पर अपने साथियों को छोडकर जंगल की ओर भाग गये थे। बाद में उन्होंने पुलिस को रोडरेज की झूठी जानकारी दी थी। जिसके बाद दोनों को तमंचे उपलब्ध कराने वाले बार मालिक संदीप को भी गिरफ्तार कर हथियार बरामद किए गए।

### बार सील, लाइसेंस रद्द

एसएसपी पीएस डोबाल ने बताया कि, आरोपी संदीप के बार जेन-जेड को बंद कराते हुए उसे सील करने तथा उसके लाइसेन्स निरस्तीकरण हेतु जिलाधिकारी देहरादून को रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है।

# भूमि विवाद में सगे भाई ने ही मौत के घाट उतारा

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचारः** गदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बकानिया में जमीन के बंटवारे को लेकर रविवार रात दो भाइयों, सरवेश्वर और सर्वजीत के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि आवेश में आकर एक पक्ष ने दूसरे पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी।

इस गोलीबारी में सरवेश्वर की मौत हो गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी अजय गणपति, अपर पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर और क्षेत्राधिकारी विभव सैनी भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। एसएसपी ने स्वयं घटनास्थल का मुआयना किया और मृतक के बच्चों व पत्नी से घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। कोतवाली प्रभारी संजय पाठक ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वे अंतिम संस्कार के बाद ही औपचारिक तहरीर देंगे। सरवेश्वर अपने पीछे दो बेटे, एक बेटी और पत्नी को रोते-बिलखते छोड़ गए हैं। इस जघन्य वारदात के बाद से पूरे गांव में तनाव का माहौल है, जिसके मद्देनजर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।


सरवेश्वर (फाइल)


गदरपुर घटना की जानकारी लेते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति।

# गैस वितरण में गड़बड़ी पर आयुक्त सख्त, तीन पर एफआईआर के निर्देश

- बिना खाली गैस सिलेंडर लिए छोड़ गए 10 भरे सिलेंडर

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचारः** पश्चिम एशिया में युद्ध जैसे हालातों के बीच उत्पन्न गैस संकट के दौरान जहां नैनीताल जिला प्रशासन उपभोक्ताओं को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से गैस सिलेंडर वितरण सुनिश्चित करने में जुटा है, वहीं कुछ कर्मचारियों द्वारा कालाबाजारी और घटतौली की शिकायतें सामने आ रही हैं।

सोमवार को दीपक रावत, कुमाऊं आयुक्त को सूचना मिली कि डहरिया स्थित महेंद्र फोटो स्टूडियो के पास इंडेन गैस सिलेंडर का वितरण किया जा रहा है। मौके पर जांच में पाया गया कि गैस वितरण कर रहे कर्मचारी 10 भरे सिलेंडर छोड़कर बिना खाली सिलेंडर लिए ही चले गए। इस पर आयुक्त ने संबंधित ठेकेदार और कर्मचारियों को तलब कर जानकारी ली। पूछताछ के दौरान कोई भी कर्मचारी बिना खाली सिलेंडर लिए 10 भरे सिलेंडर एक साथ छोड़ने का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। कालाबाजारी की आशंका के चलते आयुक्त ने कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक को आउटसोर्स कर्मचारी संदीप, प्रेमपाल सिंह ठाकुर और प्रमोद चौहान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

आयुक्त दीपक रावत ने स्पष्ट किया कि गैस वितरण व्यवस्था को किसी भी हालत में प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। कालाबाजारी और घटतौली की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने केएमवीएन और गैस एजेंसी के अधिकारियों को औचक निरीक्षण करने तथा सिलेंडर वितरण व्यवस्था पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

## चार कारों में भिड़ंत कई लोग घायल

**हरिद्वारः** थाना श्यामपुर क्षेत्र में सोमवार तड़के चंडीघाट चौकी से पहले राजमार्ग पर चार कारों की आपस में टक्कर हो जाने से कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। पुलिस जांच में सामने आया कि दुर्घटना में शामिल एक कार चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था।

पुलिस ने चालक का जिला चिकित्सालय हरिद्वार में मेडिकल परीक्षण कराया, जहां शराब के सेवन की पुष्टि हुई। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर उसकी कार को सीज कर लिया। बताया कि अन्य वाहन स्वामियों और घायलों की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान ललित राठी निवासी गुरुग्राम (हरियाणा) के रूप मे हुई है।

# सीएम का काशीपुर-खटीमा तक भव्य स्वागत


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का अभिनंदन करते स्थानीय निवासी।


त्रिशुल चौक पर मुख्यमंत्री धामी को गदा भेंटकर पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

संवाददाता, खटीमा

- काशीपुर से सड़क मार्ग से खटीमा पहुंचे मुख्यमंत्री धामी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को सड़क मार्ग से काशीपुर से खटीमा पहुंचे। इस दौरान यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों द्वारा उनका भव्य एवं अभूतपूर्व स्वागत किया गया। कई स्थानों पर बुलडोजर के माध्यम से भी स्वागत कर जनता ने अपना उत्साह और समर्थन प्रदर्शित किया।

यात्रा के दौरान काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, दिनेशपुर, किच्छा, सितारगंज सहित कई स्थानों पर भारी संख्या में लोग मुख्यमंत्री धामी के इंतजार में सड़कों के किनारे खड़े रहे। युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने फूल-मालाओं और पुष्पवर्षा के साथ मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। हर जगह जनसैलाब उमड़ा और लोगों ने मुख्यमंत्री से मिलने के लिए उत्साहपूर्वक भागीदारी दिखाई। जगह-जगह पर आयोजित स्वागत कार्यक्रमों ने यह स्पष्ट किया कि प्रदेश की जनता राज्य सरकार की विकास नीतियों और जनहितकारी निर्णयों के साथ मजबूती से खड़ी है और इस विकास यात्रा की सक्रिय सहभागी बन रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह अपार स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद उन्हें प्रदेश के विकास, सुशासन और जनसेवा के लिए और अधिक ऊर्जा प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समग्र और संतुलित विकास के लिए संकल्पबद्ध है, ताकि विकास का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जा सके।




## स्व.रघुनाथ मनराल की प्रतिमा का अनावरण

**अल्मोड़ा :** विधायक महेश जीना ने सोमवार को आर्य इंटर कॉलेज, अल्मोड़ा देघाट के पूर्व प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक स्व. रघुनाथ सिंह मनराल की प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक, पूर्व एवं वर्तमान प्रधानाचार्य, क्षेत्रीय जनता, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनके लिए उन्हें पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया।

## चारधाम को ग्रीन कार्ड बनने शुरू

**हरिद्वारः** चारधाम यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने सोमवार को रोशनाबाद स्थित आरटीओ कार्यालय में ग्रीन कार्ड व्यवस्था का विधिवत शुभारंभ किया।

मंत्री ने बताया कि 19 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा के मद्देनज़र प्रदेश में तैयारियां जोरों पर हैं। यात्रा के दौरान संचालित होने वाले सभी व्यावसायिक यात्री वाहनों के लिए ग्रीन कार्ड अनिवार्य किया गया है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा सके। ग्रीन कार्ड बनाने की सुविधा प्रदेश के सभी आरटीओ कार्यालयों में उपलब्ध रहेगी। उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित नारसन बॉर्डर पर भी विशेष केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# टनल की खोदाई हुई पूरी, जमरानी बांध परियोजना में बड़ी उपलब्धि

मुख्य संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचारः** बहुप्रतीक्षित जमरानी बहुद्देशीय बांध परियोजना में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल करते हुए डायवर्जन टनल-2 की 600 मीटर लंबाई की खोदाई सोमवार को सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई है।

8.10 मीटर व्यास वाली इस टनल का निर्माण कार्य फरवरी 2025 में शुरू हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार, जटिल भू-वैज्ञानिक परिस्थितियों के बावजूद निर्धारित मानकों और सुरक्षा निर्देशों का पालन करते हुए यह कार्य तय समय में पूरा कर लिया गया है। इस उपलब्धि के साथ ही अब परियोजना के अगले चरण-लाइनिंग और अन्य संरचनात्मक कार्यों के लिए रास्ता साफ हो गया है, जिस पर तेजी से काम चल रहा है। बताया जा रहा है कि इस सफलता में पूरी टीम के समन्वित प्रयासों की अहम भूमिका रही है। परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र में सिंचाई, जल प्रबंधन और समग्र विकास को बड़ा लाभ मिलेगा। टनल कार्य पूरे होने के अवसर पर महाप्रबंधक एमके खरे, उप महाप्रबंधक बीबी पांडे और ललित बिष्ट, परियोजना प्रबंधक अजय पंत, योगेश कांडपाल, उमेश अग्रवाल समेत कंपनी के अनेक अधिकारी व फील्ड स्टाफ मौजूद रहा।

# सेल्फी के फेर में नहर में बहा युवक, सुराग नहीं

संवाददाता, हरिद्वार

**अमृत विचारः** सेल्फी के चक्कर ने एक पर्यटक युवक नहर में गिरकर तेज धारा में बह गया।

जानकारी के अनुसार, नोएडा उत्तर प्रदेश के तीन मित्र आयुष (26) पुत्र सुनील कुमार मूल निवासी ग्राम महुआ, पटना, बिहार, ऋतिक मिश्रा (26) पुत्र संजय मिश्रा, ग्रेटर नोएडा और श्रुति वत्स (31) पुत्री देवेंद्र वत्स अपनी निजी कार से सोमवार को हरिद्वार और ऋषिकेश घूमने आए थे। बताया जा रहा है कि चीला-ऋषिकेश मार्ग पर कुमाऊं सौड़ गुर्जर बस्ती के पास आयुष नहर के पैराफिट को पार कर अंदर की ओर खड़े होकर सेल्फी लेने का प्रयास कर रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया और वह नहर के तेज बहाव में बह गया। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ गुर्जर बस्ती से चीला बैराज तक गहन सर्च अभियान शुरू किया। टीम ने राफ्ट के माध्यम से नहर में व्यापक खोजबीन की, लेकिन अभी तक आयुष का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

एसडीआरएफ ने आम लोगों से आग्रह किया है कि नहर और जलाशयों के किनारे सतर्क रहें और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। खोज अभियान मंगलवार सुबह से फिर जारी किया जायेगा।




राहत | 61 मीटर व्यास के इस क्षुद्रग्रह के 2032 में टकराने की आशंका वैज्ञानिकों ने जताई थी

# क्षुद्रग्रह के टकराने की आशंका को नासा ने सिरे से नकारा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** क्षुद्रग्रह 2024 वाईआर 4 के पृथ्वी या चंद्रमा से टकराने की संभावना नासा ने सिरे से नकार दी है। 61 मीटर व्यास का यह क्षुद्रग्रह 13200 मील दूर से गुजर जाएगा। नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से ऑब्जर्वेशन के बाद यह जानकारी सामने आई है।

क्षुद्रग्रह 2024 वाई आर 4 की खोज दो साल पहले हुई थी। 61 मीटर व्यास के विशाल क्षुद्रग्रह की चाल और दिशा के शुरुआती अध्ययन से पता चला कि यह पृथ्वी और चंद्रमा के बीच से होकर गुजरने वाला है, जो पृथ्वी या चंद्रमा से टकरा सकता है। गणना में सामने आया कि साल 2032 में यह हम तक पहुंच जाएगा। इसके टकराने के अंदेशे से नासा समेत अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों ने इसकी दूरबीनों से निगरानी शुरू कर दी। कई ऑब्जर्वेशन के बाद इसके चंद्रमा पर टकराने की संभावना बनी हुई थी।

दरअसल, चंद्रमा हमारा सबसे करीबी उपग्रह होने के कारण क्षुद्रग्रह उससे टकराता तो निश्चित ही धरती भी उसके प्रभाव से अछूती नहीं रहती क्योंकि जितना बड़ा यह क्षुद्रग्रह है, उसकी टक्कर मामूली नहीं होती। इस खतरे को लेकर नासा ने दुनिया की सबसे बड़ी अंतरिक्ष दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप को लगाया और इसकी गति और दिशा की पुनः गणना की गई। नतीजा निकला कि यह चंद्रमा के 13200 मील की दूरी से सुरक्षित गुजर जाएगा। यह खबर राहत देने वाली है जिसकी नासा ने आधिकारिक तौर पर सुरक्षित गुजर जाने की घोषणा कर दी।


क्षुद्रग्रह 2024 वाईआर 4, पृथ्वी और चंद्रमा की काल्पनिक तस्वीर। ● अमृत विचार

### ...तो बहुत नुकसान पहुंचा देता

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के अनुसार, इस क्षुद्रग्रह का चन्द्रमा से टकराना भी बड़ा जोखिम हो सकता था क्योंकि वर्तमान में मंगल ग्रह को लेकर चलाए जा रहे मिशन का एक बड़ा आधार चन्द्रमा है। नासा द्वारा इसके नहीं टकराने की खबर वास्तव में राहत देने वाली है।

## सिटी ब्रीफ

### कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

हल्द्वानी : पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लामाचौड़ क्षेत्र में छापेमारी की, जहां घर से करीब 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। महिला की पहचान चन्द्र किरन (45 वर्ष) निवासी नाथूपुर पाडली, लामाचौड़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार महिला पहले भी शराब बेचने पर जेल जा चुकी है। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी : राजपुरा क्षेत्र में पुलिस ने गौला गेट के पास चेकिंग के दौरान अवैध शराब बेचते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 52 पाउच देसी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार युवक की पहचान सूरज शर्मा निवासी राजेन्द्रनगर, राजपुरा के रूप में हुई है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### मुम्बई-काठगोदाम विशेष ट्रेन की अवधि बढ़ी

हल्द्वानी : यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने इज्जतनगर मंडल में संचालित विशेष ट्रेनों की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। रेलवे की ओर से बताया गया है कि मुम्बई सेंट्रल–काठगोदाम साप्ताहिक विशेष ट्रेन अब 1 से 29 अप्रैल तक प्रत्येक बुधवार को चलाई जाएगी। वापसी में यह ट्रेन काठगोदाम से 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रत्येक गुरुवार को चलाई जाएगी। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोनों विशेष ट्रेन अपने पूर्व निर्धारित मार्ग, ठहराव, और समय के अनुसार ही चलाई जाएंगी। इस निर्णय से उत्तराखंड और मुम्बई के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

### तीन अप्रैल से फिर से सक्रिय होगा प. विक्षोभ

हल्द्वानी : राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं बारिश हो रही है। इधर पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर से सक्रिय होने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार तीन अप्रैल से राज्य में फिर से पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर से सक्रिय हो जाएगा। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के भी आसार हैं। इधर सोमवार को मैदानी इलाकों में गर्मी रही। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री रहा। चार अप्रैल से यहां एक बार फिर से तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

---

### शराब तस्करी के शक में पकड़ कर खुलवाई थी स्कूटी की डिग्गी, शराब मिलने पर सोशल मीडिया पर वायरल की वीडियो

# महिलाओं ने वीडियो वायरल की, युवक ने सल्फास खाकर जान दी

- गंभीर हालत में परिजन ले गए अस्पताल, नहीं बच सकी जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शराब तस्करी के शक में स्कूटी सवार को महिलाओं ने जबरन रोका गया। उसकी स्कूटी की डिग्गी खुलवाई गई और इस दौरान पूरी घटना का वीडियो बनाया गया। स्कूटी की डिग्गी से कच्ची शराब बरामद होने के बाद वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद तनाव में आए युवक ने अपने परिजनों से यह बात साझा की और फिर जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस कार्रवाई के लिए तहरीर का इंतजार कर रही है। मामला लालाकुआं कोतवाली क्षेत्र का है।

रावतनगर बिंदुखत्ता निवासी दीपक सिंह (30 वर्ष) पुत्र माधव सिंह यहां परिवार के साथ रहता था। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे दीपक के भाई प्रवीण ने बताया कि कुछ दिन पहले दीपक स्कूटी लेकर बाजार गया था। कुछ देर बाद वह वापस घर की ओर लौट रहा था। रास्ते में ग्रामीण महिलाओं ने उसे जबरन रोक लिया और वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जबरन उससे स्कूटी की डिग्गी खुलवाई। डिग्गी में कच्ची शराब दिखने के बाद लोगों ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

प्रवीण का कहना है कि यह वीडियो क्षेत्र में तेजी से वायरल हुआ। दीपक ने यह वीडियो देखा तो अवसाद में चला गया। लोग दीपक के बारे में बातें करने लगे। यह बात दीपक के घर तक भी पहुंच गई। पूछताछ हुई तो दीपक ने पूरी बात बताई और बताया कि पूरे इलाके में उसकी बदनामी हो गई है। जिसके बाद रविवार को दीपक ने सल्फास गटक लिया। हालत बिगड़ी तो आनन-फानन में परिजन दीपक को लेकर हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल पहुंचे, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।

लालकुआं कोतवाल बृजमोहन सिंह राणा का कहना है कि घटना उनके संज्ञान में है, लेकिन परिजनों की ओर से अभी तक लिखित शिकायत नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



दीपक। फाइल फोटो

#### भाई तस्कर था तो पुलिस को बताते वीडियो क्यों वायरल की

हल्द्वानी : पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे दीपक के भाई प्रवीण का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि उसका भाई शराब की तस्करी करता था, लेकिन अगर ऐसा था भी तो लोगों को पुलिस से शिकायत करनी चाहिए थी। उसे लोगों के वीडियो बनाने से भी एतराज नहीं है। प्रवीण का कहना है कि वीडियो बनाने के बाद उसे पुलिस को देना चाहिए था, लेकिन सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने का अधिकार लोगों को किसने दिया। प्रवीण ने ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। उसका कहना है कि अगर वीडियो वायरल न होता तो उसका भाई आज जिंदा होता। उसका दो माह का बेटा अनाथ हो गया है।

#### बच्चे भी चर्चा करने लगे तो दीपक को कुछ समझ नहीं आया

हल्द्वानी : प्रवीण ने बताया कि करीब तीन साल पहले दीपक के हार्ट की सर्जरी हुई थी। इस सर्जरी के बाद परिवार की आर्थिकी बिगड़ गई। दीपक पहले से ही परेशान था और जब वीडियो वायरल हुआ तो पूरे इलाके में दीपक के वायरल वीडियो की चर्चा होने लगी। इलाके के बच्चे तक इस बारे में बात करने लगे। वायरल वीडियो में कई महिलाएं दिख रही हैं, जो स्कूटी की डिग्गी से कच्ची शराब निकालते और दीपक को हड़काते नजर आ रही हैं। प्रवीण का कहना है कि इलाके में जब सभी दीपक को घूरने लगे तो वह घर पहुंचा और बोला, मेरी इज्जत चली गई। इसी के बाद उसने जहर खा लिया।

---

## आज खुलेगी ओपीडी, मरीजों की उमड़ेगी भीड़

हल्द्वानीः स्वास्थ्य विभाग के सरकारी अस्पतालों में मंगलवार को ओपीडी खुलेगी। पिछले पांच दिनों में केवल दो दिन ही ओपीडी में मरीज देखे गए।

त्योहारी सीजन की वजह से सोबन सिंह जीना अस्पताल और राजकीय महिला अस्पताल की ओपीडी बंद रही है। गुरुवार को अष्टमी का अवकाश था। शुक्रवार और शनिवार को ओपीडी खुली तो रविवार को अवकाश रहा और सोमवार को महावीर जयंती का अवकाश घोषित हो गया। इस वजह से ओपीडी बंद रही। अब मंगलवार को ओपीडी खोली जाएगी। अनुमान है कि त्योहारी सीजन खत्म होने के बाद मंगलवार को अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ रहेगी।

---

# अनदेखी: निजी स्कूलों की मनमानी के आगे शिक्षा विभाग ने किया सरेंडर

### बसों का किराया बढ़ाने के साथ ही महंगी किताबों, फीस व ड्रेस के नाम पर लूट बरकरार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : निजी स्कूलों में बसों का किराया बढ़ाए जाने के बाद अभिभावकों पर महंगी किताबों, स्कूल की एडमिशन फीस, एनुअल फीस और अलग-अलग ड्रेस खरीदने के नाम पर चल रही लूट पर कोई एक्शन नहीं हो रहा है। शहर के विभिन्न जाने-माने स्कूलों की वेबसाइट खंगालने पर पता चलता है कि उनकी ओर से एडमिशन फीस के नाम पर 8 से 30 हजार रुपये तक वसूले जा रहे हैं।

इसी तरह हर साल अच्छी-खासी रकम एनुअल फीस के नाम पर ली जा रही है। मेंटीनेंस फीस के नाम पर भी 5 से 15 हजार तक लिए जा रहे हैं। इस लूट के खिलाफ अभिभावक चाहकर भी खुलकर नहीं बोल पा रहे हैं। शिक्षा विभाग और प्रशासन की ओर से पूर्व में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि कोई भी स्कूल किताबें और यूनिफॉर्म किसी निर्धारित दुकान से खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकता। इसके बावजूद शहर में कई दुकानों के बाहर स्कूलों के नाम सहित ड्रेस और किताबों की सूची खुलेआम प्रदर्शित की जा रही है। इतना ही नहीं, इन दुकानों पर डिस्काउंट के नाम पर अभिभावकों को आकर्षित किया जा रहा है, जिससे स्कूल और दुकानदारों के बीच मिलीभगत की आशंका और गहरा रही है। अभिभावकों का आरोप है कि उन्हें अप्रत्यक्ष रूप से इन्हीं दुकानों से सामान खरीदने के लिए दबाव डाला जाता है। फीस को लेकर कोई पारदर्शिता नहीं है और हर स्कूल अपने हिसाब से फीस तय कर रहा है। स्कूलों, पब्लिशर्स और स्थानीय दुकानदारों की मिलीभगत से खुली लूट चल रही है। वहीं, दूसरी ओर शिक्षा विभाग अभिभावकों की ओर से ऑफिशियल शिकायत मिलने का इंतजार कर रहा है। या यूं कहें कि विभाग निजी स्कूलों के आगे पूरी तरह सरेंडर कर चुका है। उल्लेखनीय है कि नया शैक्षणिक सत्र कल बुधवार से शुरू होने जा रहा है। कॉपी- किताब, ड्रेस और बच्चों की पढ़ाई के लिए जरूरी अन्य सामान भी खरीदने के लिए अभिभावक इन दिनों दुकानों और जगह-जगह बैंक्वेट हॉल में सजाई गई दुकानों में पहुंच रहे हैं। स्कूलों की ओर से दी गई कॉपी-किताबों की लिस्ट लेकर अभिभावक यहां पहुंच रहे हैं।



हल्द्वानी में एक स्टेशनरी की दुकान पर कॉपी–किताब खरीदते लोग। ● अमृत विचार

#### ऊंची एमआरपी पर बिक रही हैं किताबें

निजी स्कूलों की अलग–अलग कक्षाओं की किताबें बहुत अधिक एमआरपी पर बेची जा रही हैं। जिनमें कोई डिस्काउंट नहीं दिया जा रहा है। 11वीं कक्षा की कंप्यूटर की किताब जिसे इंफार्मेटिक्स प्रैक्टिसेस नाम से बेचा जा रहा है। इस किताब की एमआरपी 625 है और बिना किसी डिस्काउंट के एमआरपी पर किताब बिक रही है। इसी तरह विभिन्न स्कूलों की लगभग सभी किताबें एमआरपी पर बेची जा रही हैं।

> निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर अभिभावकों की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। कोई भी स्कूल अभिभावकों को किसी निर्धारित दुकान से किताबें व ड्रेस खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकता है। साथ ही कोई दुकान स्कूलों के नाम प्रदर्शित कर स्कूल सामग्री नहीं बेच सकता है।
> –गोविंद राम जायसवाल, सीईओ, नैनीताल

---

## आरटीओ रोड पर 10 दिन से नहीं पहुंची गैस

हल्द्वानी : शहर के आरटीओ रोड स्थित सरिता विहार, छड़ायल क्षेत्र में रसोई गैस की भारी किल्लत से स्थानीय लोग परेशान हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि पिछले 10 दिनों से इंडेन गैस की गाड़ी इलाके में नहीं पहुंची है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय निवासी दीपक सुतेड़ी और संतोष सिंह ने बताया कि समस्या केवल इंडेन गैस एजेंसी के साथ है, जबकि भारत गैस और एचपी गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। उन्होंने कहा कि गैस बुक कराने के बावजूद 10 से 12 दिन बीत चुके हैं और उपभोक्ताओं को डीएसी (डिलीवरी) नंबर भी मिल चुके हैं, लेकिन सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हो रही है। लोगों ने बताया कि "न गाड़ी आ रही है और न ही फोन उठाया जा रहा है", जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। गैस गाड़ी चालकों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन फोन तक नहीं उठाए जा रहे हैं। इससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। दीपा बिष्ट ने बताया कि घर में लगा सिलेंडर खत्म होने की कगार पर है और मजबूरी में इंडक्शन चूल्हे की मदद से खाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले उपभोक्ता सीधे गैस एजेंसी जाकर सिलेंडर प्राप्त कर लेते थे, लेकिन अब वहां से भी राहत नहीं मिल रही है।

---

# ठेका कर्मी पर गैस सिलेंडर ब्लैक में बेचने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पश्चिम एशिया में हो रहे युद्ध के बीच एलपीजी संकट के बीच उपभोक्ता एक-एक सिलेंडर के लिए 'जंग' कर रहे हैं। कभी गोदाम तो कभी दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं। वहीं, एजेंसी के कर्मी ही सिलेंडर की कालाबाजारी कर मोटा मुनाफा कमा कर रहा है। ऐसा एक मामला उजागर होने के बाद कुमाऊं मंडल विकास निगम की हल्द्वानी गैस सर्विस एजेंसी ने ठेका कर्मी के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी है।

जानकारी के अनुसार, हल्द्वानी गैस सर्विस का डिलीवरी मैन ठेका कर्मी शिब्बू सोमवार को आनंद बाग वार्ड-11 में गैस बांट रहा था। इस बीच उसने एक उपभोक्ता को 2500 रुपये में सिलेंडर बेच दिया। इस बीच पार्षद रवि जोशी भी मौके पर पहुंच गए और डिलीवरी मैन को पकड़ लिया। फिर उन्होंने फोटो खींच कर इसकी शिकायत गेस प्रबंधन से की। पार्षद ने बताया कि उपभोक्ता के रुपये वापस दिलवाए।

इधर, गैस सर्विस के प्रबंधक ने डिलीवरी मैन के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। प्रबंधक रवि मेहरा ने कहा कि डिलीवरी मैन के खिलाफ कार्यवाही को लेकर पुलिस को तहरीर सौंप दी गई है, घरेलू सिलेंडर की कालाबाजारी नहीं होने दी जाएगी। जो भी यह कुकृत्य करेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### गैस संकट के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

हल्द्वानी : गैस की किल्लत और कालाबाजारी के आरोपों को लेकर प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है। संगठन की बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि बुकिंग के बावजूद आम जनता को गैस नहीं मिल पा रही है। आरोप लगाया कि कालाबाजारी करने वाले सक्रिय हैं और प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा। व्यापार मंडल ने मांग की कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और कॉमर्शियल सिलेंडर की उपलब्धता और वितरण में पारदर्शिता लाई जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो संगठन जनता के साथ आंदोलन करेगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण, सह प्रभारी देवेश अग्रवाल, प्रदेश सचिव राकेश गुप्ता, प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, महामंत्री रिषभ पाठक रहे।

---

# राज्य में पुलिस के रडार पर हैं काली कमाई करने वाले 50 ड्रग माफिया

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी



- पिछले साल 27 और इस साल की तीन महीनों में 23 ड्रग माफिया कमर्शियल क्वांटिटी के साथ किए गए गिरफ्तार

अमृत विचार : पुलिस मुख्यालय से स्पष्ट निर्देश हैं कि ड्रग माफिया की कमर तोड़नी है और इसके लिए जरूरी है कि उन्हें आर्थिक चोट दी जाए। नैनीताल पुलिस ने मुख्यालय के निर्देश पर एक ड्रग माफिया की उस संपत्ति को जब्त कर लिया है, जिसे ड्रग बेच कर जुटाई गई थी।

अब पुलिस के निशाने पर वो 50 ड्रग माफिया हैं, जो पिछले साल से इस साल मार्च तक कॉमर्शियल क्वांटिटी के ड्रग के साथ गिरफ्तार किए गए हैं। बताया जा रहा है कि इन सभी ने नशा बेच कर अथाह काली कमाई जुटाई है और सभी की संपत्ति का आंकलन किया जा रहा है। नैनीताल के जिले के 15 कोतवाली और थानाक्षेत्रों में इस वर्ष की 1 जनवरी से 23 मार्च के दरम्यान कुल 23 ड्रग माफिया पकड़ गए। मुक्तेश्वर से एक माफिया को 1.229 किग्रा चरस के साथ पकड़ा गया। इसी तरह खनस्यूं से दो लोगों को 5.457 किग्रा चरस, रामनगर से 4 माफिया को 156.86 किग्रा गांजा, लालकुआं एक को से 2.339 किग्रा चरस, चोरगलिया से 3 को 1.577 किग्रा, हल्द्वानी से 5 लोगों को 5.95 किग्रा चरस के साथ, काठगोदाम से 4 लोगों को 3.743 किग्रा चरस और बनभूलपुरा से 1.281 किग्रा चरस के साथ पकड़ा गया। जबकि पिछले साल के 12 महीनों में 27 ड्रग माफिया को कॉमर्शियल क्वांटिटी के साथ पकड़ा गया। पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देशों के तहत अब विभिन्न विभागों के साथ मिलकर पुलिस इन सभी माफिया की संपत्ति का आंकलन कर रही है। एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी का कहना है कि जिले को नशा मुक्त बनाना और ड्रग माफिया की कमर तोड़ना ही पुलिस का ध्येय है। एक माफिया की संपत्ति चिह्नित कर जब्त की गई है। जबकि अन्य के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

---



नगर निगम में हाउस टैक्स जमा करने के लिए आएं लोग। ● अमृत विचार

## अवकाश के दिन 100 लोगों ने जमा किया टैक्स

हल्द्वानी, अमृत विचार : नगर निगम में सोमवार को सार्वजनिक अवकाश के दिन भी टैक्स विभाग खुला रहा। जिस दौरान बड़ी संख्या में व्यवसायियों ने कमर्शियल टैक्स जमा किया। निगम के कर विभाग के आंकड़ों के अनुसार सोमवार को कुल 100 लोगों ने टैक्स जमा किया, जिससे कुल 339604 रुपए वसूले गए। आज (मंगलवार) वित्तीय वर्ष का आखिरी दिन है, जिसमें व्यवसायियों को टैक्स जमा करने पर निर्धारित छूट का लाभ मिलेगा। नगर निगम के कर अधीक्षक महेश पाठक ने बताया कि मंगलवार को वित्तीय वर्ष का आखिरी दिन होने पर टैक्स जमा करने पर छूट का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद टैक्स में छूट का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने सभी करदाताओं से समय पर टैक्स जमा करने की अपील की है।

---

# आवेदन फार्मों की स्क्रूटनी शुरू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण प्रकरण में प्रधानमंत्री आवास योजना के चार हजार से अधिक फार्म जमा हो गए हैं। अब सिर्फ आज (31 मार्च) का ही दिन बाकी है, ऐसे में संभावना है कि पांच हजार से अधिक फार्म जमा हो सकते हैं।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण प्रकरण में छह सार्वजनिक स्थानों पर कैंप लगाकर पीएम आवास योजना के फार्म वितरण व जमा किया जा रहे हैं। ये कैंप 19 मार्च से लगाए गए हैं, अब तक कुल चार हजार से अधिक फार्म जमा हो गए हैं। वर्ष 2024 के सर्वे के मुताबिक 5236 परिवार प्रभावित हैं। 31 मार्च तक जमा फार्म जमा होने हैं, ऐसे में पूरी संभावना है कि आज तक सभी प्रभावितों या पीएम आवास योजना के दायरे में आ रहे लोगों के फार्म जमा हो जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी को फार्म भरने में परेशानी है तो वे सीधे कैंप पर आ सकते हैं। इन कैंपों में पैरा लीगल वॉलंटियर्स, प्रशासन, नगर निगम, राजस्व कर्मी मौजूद हैं। लोगों की सहूलियत के लिए स्टांप व नोटरी की सुविधा भी कैंपों में दी जा रही है। सचिव त्रिपाठी ने बताया कि आवेदन फार्म की स्क्रूटनी शुरू हो गई है। साथ ही आवेदन फार्मों की जांच भी की जा रही है। यदि किसी आवेदन में कोई दस्तावेज, सूचना की कमी होती है तो उस व्यक्ति से संपर्क कर दूर की जाएगी।



प्रधान मंत्री आवास योजना के लिए लगाए गए शिविर में अपना फार्म जमा करते लोग।

---

लापरवाही

### एसपी सिटी ने दोबारा कराई गारद सलामी, हल्द्वानी कोतवाली के निरीक्षण के लिए पहुंचे एसपी अव्यवस्थाएं देख बिफरे

# सलामी तक ठीक से नहीं ठोक सके सिपाही, सवाल पर झुका लिए सिर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : साहब को सामने देख सैल्यूट करने वाले सिपाही गारद सलामी भी सही तरीके से नहीं दे पाए। सलामी में मौजूद दरोगा और सिपाहियों के सामने एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल थे। खराब सलामी पर एसपी नाराज हुए और उन्होंने फिर से सलामी कराई। साथ ही हिदायत दी कि अभ्यास करें।

कुल मिलाकर निरीक्षण की शुरुआत की खराब रही और जब उन्होंने कोतवाली के भीतर सवाल दागने शुरू किए तो सिपाही एक-दूसरे का मुंह ताकते नजर आए। एसपी सिटी सोमवार की दोपहर कोतवाली के वार्षिक निरीक्षण पहुंचे थे। उनके कोतवाली पहुंचने से पहले पुलिस कर्मियों ने कोतवाली में चूने का छिड़काव किया और हर अव्यवस्थित सामान को उसके उचित स्थान पर सजा दिया। यह सब इसलिए कि एसपी जब कोतवाली की ओर निगाहें फेरें तो सब कुछ दुरुस्त नजर आए। हालांकि ऐसा हुआ नहीं और गार्द सलामी के साथ हुई निरीक्षण की शुरुआत ही खराब हो गई।

गार्द सलामी का नेतृत्व एक महिला दरोगा कर रही थीं, उनके पीछे कुछ सिपाही थे और सामने एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल। महिला दरोगा की आवाज पर सलामी करते सिपाहियों को देख एसपी नाराज हो गए। उन्होंने सिपाहियों के चारों ओर घूमकर उनकी वर्दी, जूते और बॉडी लैंग्वेज जांची। जिसके बाद फिर से सलामी कराई। सलामी लेने के बाद एसपी ने कोतवाली का निरीक्षण किया और यहां वह ज्यादा खुश नहीं दिखे। मालखाने में दस्तावेज व्यवस्थित नहीं थे। उन्होंने नाराजगी जताई और कहाकि मालखाना किसी भी कोतवाली या थाने की शान होती है। उन्होंने साफ-सफाई पर जोर देने को कहा। साथ ही कहा कि कोतवाली आने वाले हर फरियादी से मित्रवत व्यवहार करें। सीनियर सिटीजन के साथ ज्यादा धैर्य बरतें। निरीक्षण के दौरान सीओ सिटी अमित कुमार सैनी, कोतवाल विजय कुमार मेहता व अन्य लोग मौजूद रहे।



हल्द्वानी कोतवाली में पुलिस कर्मियों से सवाल–जवाब करते एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल। ● अमृत विचार

#### हर मंगलवार शस्त्र प्रशिक्षण के निर्देश

हल्द्वानी : निरीक्षण के दौरान एसपी ने सवालों के साथ पुलिस कर्मियों उनकी दिक्कतें भी पूछी। हालांकि एसपी का एक सवाल सिपाहियों के सिर के ऊपर से गुजर गया और उन्हें सिर झुका कर खड़े होने के लिए मजबूर होना पड़ गया। एसपी ने पूछा था कि अगर दंगा होता है तो वह कौन सा हथियार इस्तेमाल करेंगे और इसका जवाब किसी के पास नहीं था। एसपी ने सभी को फटकारा और हर महीने मंगलवार को शस्त्र प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के निर्देश दिए।

---

# बेवजह डायल किया 112 पुलिस ने लगाया जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- शराब पीने के बाद खुद पर चाकू से हमला होने की दी थी सूचना

अमृत विचार : शराब के चार पैग मारने के बाद पुलिस के डायल 112 पर कॉल करना युवक को भारी पड़ गया। उसने खुद पर चाकू से जानलेवा हमले की सूचना दी और जब पुलिस मौके पर पहुंची तो मामला पूरी तरह झूठा पाया। जिसके बाद सूचना देने वाले का पांच हजार का चालान काटा गया और भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत दी गई है।

कोतवाल हल्द्वानी विजय कुमार मेहता ने बताया कि 29 मार्च की दोपहर करीब 3 बजे उनकी टीम के पास डायल 112 से सूचना मिली कि भोटियापड़ाव क्षेत्र में एक युवक पर चाकू से हमला हुआ है और वो बुरी तरह घायल है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम वैलेजॉली लॉज पहुंच गई और फोन करने वाले से संपर्क साधा। पुलिस सूचना देने वाले राहुल चौहान के घर पहुंच गई। वैलेजली लॉज में उसके घर पहुंचने के बाद पुलिस ने उसे शराब के नशे में झूमता पाया। दरअसल, उस पर कोई हमला हुआ ही नहीं था और नशे में होने के बाद उसने पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस के पहुंचने के बाद सूचना देने वाले राहुल का नशा भी उतर गया। हालांकि उसका पांच हजार रुपए का चालान काटा गया और भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी गई।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana, Ayushman Bharat, PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरी तरह भक्ति के रंग में रंगा रामनगर, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का किया स्वागत

# श्री राम-हनुमान शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु, झांकियों ने मोहा मन

- बाला जी महाराज की शाही सवारी बनी मुख्य आकर्षण
- समापन पर डोले की भव्य आरती के बाद प्रसाद बांटा

संवाददाता, रामनगर




रामनगर में निकाली गई शोभायात्रा में हनुमान जी की भव्य झांकीऔर शोभायात्रा में बाला जी महाराज की शाही सवारी।

**अमृत विचार:** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर रामनगर नगर पूरी तरह भक्तिमय रंग में रंग गया, जब श्री राम-हनुमान शोभायात्रा के दौरान आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्री बाला जी मंदिर से प्रारंभ हुई यह भव्य शोभायात्रा कोसी रोड, रानीखेत रोड, मुख्य बाजार, पुलिस लाइन और नंदा लाइन से होते हुए वापस मंदिर परिसर में जाकर संपन्न हुई।

शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्ति देखते ही बन रही थी। सोने की लंका, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती और भगवान श्रीराम सहित विभिन्न आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। विशेष रूप से हनुमान जी की झांकी और श्री बाला जी महाराज की शाही सवारी शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रही। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। बाहर से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भगवान की जीवंत और मनमोहक लीलाओं ने लोगों को भाव-विभोर कर दिया। डीजे पर बज रही भक्ति धुनों के साथ श्रद्धालु झूमते-नाचते आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा नगर भक्ति रस में डूब गया। शोभायात्रा के अंत में सिद्धपीठ श्री बाला जी महाराज की शाही डोला यात्रा निकाली गई, जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। डोले के दर्शन मात्र से ही भक्तों के हृदय में अपार श्रद्धा और आनंद का संचार हुआ। समापन पर डोले की भव्य आरती की गई, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर महंत डॉ. शुभम गर्ग ने नगरवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए श्री बाला जी महाराज की कृपा सभी पर बनी रहने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर नंदा बल्लभ बुधानी, देवेंद्र सिंह बिष्ट, प्रवीण मित्तल, विष्णु शरण देवल, सौरभ सक्सेना, संजय सागर, प्रखर अग्रवाल, संदीप शर्मा, राकेश चंद्रा, अतुल टर्रे, अनुज कुमार शर्मा, प्रशांत प्रजापति, देवेश ठाकुर, राकेश प्रजापति, मनोज पुजारी, आशु कालरा, सोनी जोशी, राजू मारवाड़ी, मुदित अग्रवाल, फूलचंद्र निषाद, नवदीप शर्मा, मयंक प्रजापति, शिवांग देवल, हर्षित पंत, उमेश काण्डपाल, हेम चंद्र, कमला काण्डपाल, गीता काण्डपाल, मंजू लखचौरा, रेखा शर्मा, ज्योति देवी, प्रभा गिन्नती, प्रीति गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

## पांच जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

**रामनगर:** कोतवाली पुलिस ने जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह ट्रांसपोर्ट नगर के पास छापेमारी के दौरान जुआ खेलते हुए ललित मोहन निवासी रानीखेत जिला अल्मोड़ा, हरीश कुमार निवासी जोगीपुरा, रामनगर, गोपाल सिंह निवासी रानीखेत जिला अल्मोड़ा, रविंद्र कुमार नेगी निवासी दुर्गापुरी लखनपुर, रामनगर तथा महेंद्र निवासी नई बस्ती, गुलरघट्टी, रामनगर को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से खाईबाड़ी करते हुए कुल 9,515 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। इस कार्रवाई में कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीपक बिष्ट, एसआई सोमेंद्र सिंह, एसआई तारा सिंह राणा, हेकां. नवीन पांडे, कां. जसवीर सिंह व सचिन शर्मा रहे।

# महिलाएं बोलीं- मधुशाला नहीं, पाठशाला चाहिए

### मंगोली में शराब की दुकान के विरोध में धरने पर बैठीं महिलाएं, युवाओं व जनप्रतिनिधियों ने भी की भागीदारी

संवाददाता, कालाढूंगी



कालाढूंगी नैनीताल मोटर मार्ग में मंगोली पर धरना प्रदर्शन करती महिलाएं व युवा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कालाढूंगी-नैनीताल मोटर मार्ग स्थित मंगोली बाजार क्षेत्र में प्रस्तावित शराब की दुकान के विरोध में रविवार को विरोध-प्रदर्शन के बाद अब महिलाओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने धरना शुरू कर दिया है। महिलाओं, युवाओं और स्थानीय प्रतिनिधियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने पर रोक लगाने की मांग की है।

महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि जब तक प्रशासन और शासन द्वारा शराब की दुकान का प्रस्ताव वापस नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। सोमवार को न्याय पंचायत खुर्पाताल के मंगोली, नलनी, खमारी, जलालगांव, अधौड़ा और बजून क्षेत्र की महिलाएं, युवा और जनप्रतिनिधि सूचना मिलते ही घरों से निकलकर मंगोली पहुंचे। सभी ने एकजुट होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और विरोध जताया।

कालाढूंगी–नैनीताल मोटर मार्ग के किनारे जिस स्थान पर शराब का ठेका खोला जाना प्रस्तावित है, उसके सामने महिलाओं और क्षेत्रवासियों ने दरी बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। महिलाओं ने दिनभर भजन-कीर्तन कर सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना भी की। धरने में शामिल महिलाएं और युवा हाथों में मधुशाला नहीं, पाठशाला चाहिए, शराब नहीं, रोजगार चाहिए और नशा मुक्त भारत बनाना है, हमें आगे आना होगा जैसे नारों की तख्तियां लेकर बैठे थे। आक्रोशित महिलाओं ने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी तो वे आत्मदाह जैसे कठोर कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटेंगी। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के बहिष्कार की भी चेतावनी दी गई। महिलाओं का कहना है कि शराब की दुकान खुलने से क्षेत्र में असुरक्षा, घरेलू हिंसा, गुंडागर्दी और दुर्घटनाओं में वृद्धि होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान दीपक बिष्ट, ग्राम प्रधान अधौड़ा प्रेमा मेहरा, जलालगांव प्रधान खुशाल बिष्ट, नलनी प्रधान गोविंद सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य सूरज अधिकारी, खुर्पाताल ग्राम प्रधान हंसी नेगी, खमारी ग्राम प्रधान हेम बहुखंडी, सामाजिक कार्यकर्ता भास्कर बहुखंडी, चंदन सिंह कनवाल, जीवन सिंह नेगी सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रहीं।

### बोले ग्रामीण



मंगोली व बजून में दो शराब की दुकानों का प्रस्ताव है। डीएम को ज्ञापन देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। यदि नीति वापस नहीं ली तो पंचायत प्रतिनिधि त्यागपत्र देंगे। **–खुशाल बिष्ट**, ग्राम प्रधान, जलालगांव



आज तक किसी पर्यटक ने शराब के बारे में नहीं पूछा, लेकिन पेट्रोल पंप के बारे में जरूर पूछते हैं। **–नीमा बुढलाकोटी**



हम शराब की दुकान खुलने का विरोध कर रहे हैं। यह हमारे भविष्य के लिए जहर और समाज को खोखला कर देगी। **–विक्रम कनवाल**, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, खुर्पाताल



हमारे बच्चे मेहनत-मजदूरी कर परिवार चला रहे हैं। शराब की दुकान खुलने से पूरा क्षेत्र बर्बाद हो जाएगा। **–नंदी देवी**, बुजुर्ग महिला, खमारी



हम शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं। यदि दुकान नहीं रोकी गई तो हम कठोर कदम उठाने को मजबूर होंगे। **–मंजू बिष्टानिया**, स्थानीय दुकानदार



प्रशासन को पहले ही ज्ञापन दिया गया है, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। हमारा धरना जारी रहेगा। **–प्रेमा मेहरा**, ग्राम प्रधान, अधौड़ा



शराब की दुकान खुलने से पूरे पहाड़ी क्षेत्र में अराजकता फैलेगी। हमने घरों में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार देखे हैं। **–हेमलता ध्यानी**, खमारी



सरकार की इस नीति से पूरे क्षेत्र में आक्रोश है। यदि दुकान खोली गई तो आगामी विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। **–राधा देवी**, वार्ड सदस्य, गहना

## छात्रों ने बिखेरे संस्कृति के रंग, मेधावी सम्मानित



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** नगर के गोस्वामी सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में छात्रों ने देशभक्ति और संस्कारों पर आधारित नाटक, विभिन्न संस्कृतियों पर आधारित नृत्य तथा समूह गान प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति के रंग बिखेर दिए। समारोह में मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा कत्यूरा, विशिष्ट अतिथि सह विभाग प्रचारक नरेंद्र, दर्जा मंत्री शांति मेहरा, दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, जिला पंचायत सदस्य दीपा दरम्वाल और ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया। सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने पंजाबी, कुमाऊंनी, गढ़वाली, राजस्थानी, हरियाणवी और डांडिया सहित भारतीय संस्कृति पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अनेकता में एकता का प्रभावी संदेश दिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नंदा राजजात यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। प्रधानाचार्य भैरव दत्त सत्यवली ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट का वितरण भी किया गया। अतिथियों ने मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रबंधन समिति अध्यक्ष आन सिंह गेडा, सांसद प्रतिनिधि विक्रम जंतवाल, मयंक गुप्ता, विनोद बुढलाकोटी, सुमन अधिकारी, नगर संघ चालक घनश्याम बौरा, स्व. लक्ष्मण सिंह देउपा, मोहन खोलिया, ललित मोहन कांडपाल, किशन बन गोस्वामी, हरीश मेहरा, रितु बिष्ट, चंद्रा टम्टा, कमलेश कन्याल रहे।

# लोगों को पंप से दो सौ का ही मिला तेल

- नैनीताल में पंप पर तेल के सीमित स्टॉक के चलते दिखी भारी भीड़
- टैंकर पहुंचने के बाद सुचारू की गई आपूर्ति

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** शहर में गैस सिलेंडर की कमी के बाद अब पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति भी प्रभावित होने लगी है। सोमवार को तेल की किल्लत के चलते तल्लीताल पेट्रोल पंप पर लोगों को केवल दो सौ रुपये तक का ही पेट्रोल-डीजल दिया गया, जिससे दिनभर परेशानी बनी रही।

बताया जा रहा है कि सूखताल स्थित पेट्रोल पंप पर बीते शुक्रवार से मशीन की मरम्मत का कार्य चल रहा है, जिसके कारण वह बंद है। ऐसे में शहर में फिलहाल तल्लीताल पेट्रोल पंप ही एकमात्र विकल्प बचा है। सीमित स्टॉक के चलते पंप पर भारी भीड़ देखने को मिली। स्थिति यह रही कि दोपहर करीब 1 बजे से 2 बजे तक पेट्रोल पूरी तरह खत्म हो गया और आपूर्ति बंद करनी पड़ी। बाद में दोपहर 2 बजे टैंकर पहुंचने के बाद फिर से पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति शुरू की गई। पेट्रोल पंप संचालक देवकीनंदन तिवारी ने बताया कि सीमित स्टॉक के कारण व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी ग्राहकों को दो सौ रुपये तक का ही तेल दिया गया। टैंकर पहुंचने के बाद अब आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

### गैस संकट भी बरकरार, 335 सिलेंडर वितरित



**नैनीताल:** शहर में गैस की किल्लत लगातार बनी हुई है, जिसके चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को गैस वितरण के दौरान उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। लोग सुबह आठ बजे से ही गैस एजेंसियों के बाहर सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लग गए। शहर में कुल 400 उपभोक्ताओं ने गैस बुकिंग कराई थी, जिनमें से 335 उपभोक्ताओं को ही सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सका। गैस एजेंसी की मैनेजर अंकिता पांडे के अनुसार, रोटेशन के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में सिलेंडरों का वितरण किया गया। स्टोनले में 30, गेठिया में 50, तल्लीताल धर्मशाला में 70, बोरा प्वाइंट में 45, डीएसए मैदान में 80 और तल्लीताल शेरवानी क्षेत्र में 50 सिलेंडर वितरित किए गए।

# मंत्री कैड़ा ने सुनीं समस्याएं, समाधान के निर्देश

संवाददाता, धानाचूली




पदमपुरी में सड़क डामरीकरण कार्य का शुभारंभ करते कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रदेश के शहरी विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन तथा जलागम प्रबंधन मंत्री राम सिंह कैड़ा ने पदमपुरी व भटेलिया आदि क्षेत्रों का दौरा कर जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनता की समस्याओं के निराकरण के निर्देश भी दिए। पदमपुरी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सड़क डामरीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

उत्तराखंड लोनिवि द्वारा राज्य योजना के अंतर्गत जनपद नैनीताल के भीमताल विस क्षेत्र में 935.27 लाख की लागत से इस परियोजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत रानीबाग- भीमताल-खुटानी-चाफी-पदमपुरी- धानाचूली-मोतियापाथर-शहरफाटक-मोरनोला-देवीधुरा (राज्य मार्ग संख्या-10) के किमी 23.00 से 39.00 तक डामरीकरण के माध्यम से सड़क का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। मंत्री कैड़ा ने कहा कि इस सड़क के सुधार से न केवल यातायात सुगम और सुरक्षित होगा, बल्कि क्षेत्र के किसानों, स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भी बड़ी राहत मिलेगी। लंबे समय से खराब सड़क की समस्या झेल रहे लोगों के लिए यह परियोजना राहत लेकर आई है। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने भटेलिया में आयोजित जनसभा को भी संबोधित किया तथा गंगुवाचौर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के वार्षिकोत्सव में प्रतिभाग कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर प्रमुख भावना आर्य, कृष्ण चंद्र, जिला पंचायत सदस्य सरना रेखा देवी, महिपाल कुरौला, ललित मोहन शर्मा, प्रकाश चंद्र, रघुवर जोशी, कैलाश गुणवंत सहित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

**समस्या** | 200–300 के मुकाबले सिर्फ 25 सिलेंडरों का हो रहा है वितरण

# सिलेंडर के लिए सुबह 5 बजे से ही लाइन में लग रहे हैं लोग

- निजी साधनों से सिलेंडर लेकर गोदाम पहुंच रहे हैं लोग
- समस्या को लेकर लोगों में आक्रोश

संवाददाता, भीमताल



भीमताल में सिलेंडरों के लिए लाइन में लगे लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भीमताल नगर में गैस सिलेंडरों को लेकर लोगों में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। हालांकि विभाग का दावा है कि सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। इसके बावजूद, रामलीला ग्राउंड में सुबह 5 बजे से ही लोग खाली सिलेंडर लेकर लंबी कतारों में खड़े हो रहे हैं।

लोग सोशल मीडिया पर भी इन कतारों की तस्वीरें साझा कर स्थिति से अवगत करा रहे हैं। दूसरी ओर, गैस गोदाम से सिलेंडरों से भरी गाड़ियां आते ही लोगों द्वारा रास्ते में रोक ली जा रही हैं और वहीं वितरण का दबाव बनाया जा रहा है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि शहर के अन्य क्षेत्रों में गैस वितरण नहीं हो पा रहा है। सिलेंडर न मिलने पर कई लोग अपने निजी साधनों से सिलेंडर लाकर गोदाम के आसपास खड़े दिखाई दे रहे हैं। वहीं, गोदाम कर्मचारियों ने अपने मोबाइल फोन भी बंद करने शुरू कर दिए हैं। जिसको लेकर लोगों में आक्रोश है। सोमवार को रामलीला ग्राउंड में लगभग 200 उपभोक्ता लाइन में खड़े थे, जबकि करीब 10:30 बजे पहुंचे वाहन से मात्र 25 सिलेंडरों का ही वितरण हो सका। इससे अधिकांश लोगों को निराश होकर घर लौटना पड़ा। अब इस समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी जवाब देना बंद कर दिया है।



पूरे देश में गैस का संकट है। ऐसे में लोगों को अफरा-तफरी नहीं मचानी चाहिए। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि हर दिन एक क्षेत्र में पर्याप्त सिलेंडरों का वितरण करें, ताकि समस्या का समाधान हो सके। **–सीमा टम्टा**, अध्यक्ष, नगर पालिका



पुराने रोस्टर के अनुसार ही वितरण होना चाहिए, जैसा पहले किया जाता था। विभाग की लापरवाही के कारण स्थिति पैनिक में बदल रही है। अधिकारियों को इस बारे में अवगत करा दिया गया है। **–मनोज भट्ट**, जिला मंत्री भाजपा



मैंने साक्ष्यों के साथ जिलाधिकारी नैनीताल को यह समस्या भेजी है। इस पर मुझे डीएसओ का फोन आया। उनका कहना है कि विभाग को सख्त निर्देश दे दिए गए हैं कि रूटीन के अनुसार 9 वार्डों में गाड़ियां भेजी जाएं और लाइन लगाना बंद किया जाए। अधिकारी का साफ कहना है कि गैस की कोई कमी नहीं है। **–पूरन बृजवासी**, सामाजिक कार्यकर्ता

## गैस किल्लत पर पीरूमदारा में हंगामा, एजेंसी का घेराव

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** ग्राम पीरूमदारा क्षेत्र में गैस की किल्लत से नाराज ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को गैस एजेंसी का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। करीब तीन दर्जन गांवों के लोग लंबे समय से गैस आपूर्ति बाधित होने से परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल रहा और लोग घंटों लाइन में लगकर भी खाली लौट रहे हैं।

उन्होंने कालाबाजारी का भी आरोप लगाया, जहां सिलेंडर 2 से 2.5 हजार रुपये में बेचे जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अगर गैस की कमी है, तो ब्लैक में गैस बेचने वालों के पास सिलेंडर कहां से आ रहे हैं। पूर्व प्रधान राहुल डंगवाल ने 24 घंटे में व्यवस्था सुधारने की चेतावनी दी। इधर, रामनगर एजेंसी में भी दो दिन से आपूर्ति न होने पर उपभोक्ताओं ने नारेबाजी की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली। वहीं पूर्ति निरीक्षक कमल तिवारी ने बताया कि अवकाश के कारण आपूर्ति बाधित रही, मंगलवार से वितरण सामान्य होगा। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश सिंह,ग्राम प्रधान रचना रावत,ग्राम प्रधान विक्रम नेगी,ग्राम प्रधान प्रकाश मठपाल,ग्राम प्रधान जसकरण सिंह आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### निर्मला ने जीता गोल्ड और सिल्वर मेडल

**हल्द्वानी :** असम के गुवाहाटी स्थित सरुसाजाई स्टेडियम में आयोजित द्वितीय पैरा लॉन बॉल्स नेशनल चैंपियनशिप में प्रदेश की खिलाड़ी निर्मला मेहता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। यूओयू से जुड़ी निर्मला मेहता ने बी सिक्स कैटेगरी के वूमेन डबल और वूमेन ट्रिपल इवेंट्स में हिस्सा लिया। उन्होंने वूमेन डबल में सिल्वर मेडल और वूमेन ट्रिपल में गोल्ड मेडल हासिल किया। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि निर्मला की सफलता से अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। प्रतियोगिता में पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के सहयोग से देश के 11 राज्यों के करीब 120 पैरा खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### पंकज ने मूकबधिर तैराकी में जीता ब्रॉन्ज



**हल्द्वानी :** हल्द्वानी शहर के पंकज आर्य ने अहमदाबाद में आयोजित मूकबधिर तैराकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 200 मीटर बैस्ट स्टोक इवेंट में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस उपलब्धि के साथ पंकज ने न केवल अपने कौशल का लोहा मनवाया, बल्कि मूकबधिर खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बने। प्रतियोगिता में देश भर के कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पंकज की इस सफलता पर उनके परिवार और कोच ने गर्व जताया और भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी सफलता की शुभकामनाएं दी।

# पांच माह हुए घोषणा को लेकिन जमीन पर नहीं उतरा रैन बसेरा

## एसटीएच में मरीजों के तीमारदारों के लिए रैन बसेरा बनाए जाने का मामला अटका

**350** बेड का रैन बसेरे के निर्माण का है प्रस्ताव

**1400** वर्ग मीटर भूमि पर होगा रैन बसेरा का निर्माण



संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीजों के तीमारदारों के लिए आधुनिक रैन बसेरा (विश्राम गृह) बनाए जाने का मामला अटका हुआ है। यह जमीन कृषि विभाग की है। रैन बसेरा का संचालन 'सेवादान आरोग्य फाउंडेशन' करेगा। जमीन को लीज पर दिए जाने का मामला अटका हुआ है।

पिछले साल नवंबर में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की थी राज्य के हर मेडिकल कॉलेज में रैन बसेरा खोला जाएगा। इसके तहत चार मेडिकल कॉलेजों का चयन किया गया। इसी क्रम में हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में 1400 वर्ग मीटर भूमि पर 350 बेड का रैन बसेरा बनाया जाना प्रस्तावित हुआ। यहां डॉर्मिटरी का शुल्क 55 और डबल बेड रूम का शुल्क 300 प्रति रात निर्धारत किया गया। रैन बसेरे में डॉर्मिटरी के साथ-साथ भोजन और नाश्ता भी किफायती दरों में तय किया गया है। जिसमें नाश्ता 20 रुपये और भोजन 35 रुपये में मिलेगा। परियोजना के लिए राज्य सरकार ने फाउंडेशन के साथ समझौता किया है। मेडिकल कॉलेज ने इसके लिए मेडिकल चौकी बरेली रोड के पास भूमि भी दी है। इस भूमि पर स्वामित्व कृषि विभाग का है। कृषि विभाग ने मेडिकल शिक्षा के लिए यह भूमि कॉलेज को दी है। इतना सब होने के बाद भी रैन बसेरा का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि फाउंडेशन इस भूमि पर 99 साल की लीज की मांग कर रहा है लेकिन कृषि विभाग इसके लिए तैयार नहीं है। ऐसा करने से भूमि पर एक प्रकार से फाउंडेशन का हक हो जाएगा। मार्केट रेट में देखा जाए तो इस भूमि की कीमत करोड़ों रुपये में है।

### कैंसर संस्थान में भी प्रस्तावित है रैन बसेरा

**हल्द्वानी :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन सरकारी अस्पतालों में मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों के लिए पहले कैंसर संस्थान में रैन बसेरा बनाया जाना प्रस्तावित है। यहां 153 बेड का रैन बसेरा बनाया जा रहा है। इसकी लागत पांच करोड़ रुपये तक आएगी लेकिन रैन बसेरा बनाए जाना का मामला पहले से ही वन विभाग में जमीन को लेकर अटका हुआ था।

### 2000 से ज्यादा मरीज आते हैं प्रतिदिन

**हल्द्वानी :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल, टीबी और चेस्ट क्लीनिक और कैंसर संस्थान में प्रतिदिन करीब 2000 मरीज तो ओपीडी में ही आते हैं। फिलहाल इन मरीजों या इनके तीमारदारों के पास रुकने लिए कोई सस्ता साधन नहीं है। गरीब तबके के लोग अस्पताल में परिसर में ही इधर-उधर सोकर गुजारा कर लेते हैं।



मेडिकल कॉलेज परिसर में रैन बसेरा बनाया जाना प्रस्तावित है। फाउंडेशन और कृषि विभाग में जमीन को लेकर बात हो रह है जब यह मामला निपट जाएगा, इसके बाद निर्माण शुरू हो जाएगा।

**-डॉ. जीएस तितियाल,** प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

### आज जिला बार चुनाव के लिए होगी टेंडर वोटिंग

**नैनीताल:** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव से पहले अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए आज मंगलवार को टेंडर वोटिंग कराई जाएगी। सहायक चुनाव अधिकारी शंकर सिंह चौहान के अनुसार जो अधिवक्ता मुख्य मतदान (1 अप्रैल) में शामिल नहीं हो पाएंगे, वो सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बार सभागार में अपना वोट डाल सकते हैं। चुनाव में अध्यक्ष पद पर अरुण बिष्ट, हरिशंकर कंसल और नीरज साह में त्रिकोणीय मुकाबला है। सचिव पद पर अनिल बिष्ट और संजय सुयाल के बीच सीधी टक्कर है। उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव पदों पर भी मुकाबले हैं।

### लालकुआं से संदिग्ध हालात में बुजुर्ग लापता

**लालकुआं:** नगर के वार्ड नंबर 2, गांधी नगर निवासी 70 वर्षीय तुलसी राम संदिग्ध हालात में लापता हो गए हैं। वह बीते दिन सुबह करीब 4 बजे मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले थे, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटे। सीसीटीवी फुटेज में वह सुबह के समय दिखाई दिए हैं, उसके बाद उनका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दे दी है। उनके पुत्र त्रिलोक आर्य ने पिता की तलाश में अपना रेस्टोरेंट भी बंद कर दिया है।

## महिला रामलीला के मंचन को आज होगा ध्वज पूजन



महिला रामलीला को लेकर पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुर्ननवा समिति की पदाधिकारी।

संवाददाता, हल्द्वानी

- 1 अप्रैल से होगा महिला रामलीला का मंचन

**अमृत विचार:** विगत तीन वर्षों से पुनर्नवा महिला समिति की ओर से पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान, हीरानगर में आयोजित होने वाली महिला रामलीला इस वर्ष भी 1 अप्रैल से मंचित की जाएगी। समिति की अध्यक्ष लता बोरा ने बताया कि महिला रामलीला के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ध्वज पूजन कार्यक्रम आज (मंगलवार) को किया जाएगा।

सोमवार को पत्रकार वार्ता के दौरान अध्यक्ष लता बोरा और सचिव शांति जीना ने बताया कि इस बार भी 4 साल की उम्र की बेटियों से लेकर 75 साल तक की महिलाएं विभिन्न भूमिकाओं में हिस्सा लेंगी। समिति की प्रचार-प्रसार सचिव कल्पना रावत ने बताया कि पहले दिन नारद, रावण, कुंभकरण और विभीषण को वरदान देने का मंचन होगा। समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग रामलीला का मंचन देखने आएं और महिला कलाकारों का उत्साहवर्धन करें।

पत्रकार वार्ता में समिति की उपाध्यक्ष यशोदा रावत, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, निर्मला बहुगुणा, अंजना बोरा, रेखा रावत, कमला रौतेला, जया बिष्ट, प्रेमा बृजवासी, कुसुम बोरा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



देहरादून में डॉ. अनिल कार्की को सम्मानित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### डॉ. अनिल को 'उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान'

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिल कार्की को हिंदी भाषा और साहित्य में योगदान के लिए 'उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान (चन्द्रकुंवर बर्त्वाल पुरस्कार) 2025' से सम्मानित किया गया। देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें 50 हजार रुपये, प्रशस्ति-पत्र और सम्मान-चिह्न देकर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने डॉ. कार्की को बधाई दी और कहा कि यह सम्मान उनके साहित्यिक योगदान और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने इसे विवि परिवार के लिए गर्व का विषय बताया। यूओयू के सभी प्राध्यापकों सहित समस्त स्टाफ ने भी डॉ. अनिल कार्की को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भाषा मंत्री खजान दास, वन, स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल, उत्तराखंड भाषा संस्थान की निदेशक मायावती डकरियाल उपस्थित रहे।

### 25 बकाएदार व्यापारियों को जीएसटी का नोटिस

**नैनीताल :** राज्य कर विभाग (जीएसटी) नैनीताल ने जिले के 25 बकाएदार व्यापारियों को नोटिस जारी किया है। इन पर विभाग का ढाई लाख रुपये से अधिक का टैक्स बकाया है। नोटिस प्राप्त करने वाले व्यापारी नैनीताल, रामगढ़, मुक्तेश्वर, भीमताल और बेतालघाट क्षेत्र के हैं।

अधिकांश व्यापारी कंपोजिशन स्कीम के तहत पंजीकृत हैं, जिन्होंने पिछले दो से तीन तिमाहियों से जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं किया। विभाग ने टैक्स जमा करने के लिए 31 मार्च तक की मोहलत दी है। जीएसटी सहायक आयुक्त प्रकाश चंद्र त्रिवेदी ने कहा कि यदि निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं हुआ, तो 25,000 रुपये प्रति माह जुर्माना लगाया जाएगा और जीएसटी रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा सकता है।

## नाबालिग से रचाया ब्याह फिर जबरन किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- आरोपी के चंगुल से निकल कर भागी पीड़िता मां संग पहुंची हल्द्वानी कोतवाली
- हल्द्वानी से भेजा गया काठगोदाम, पुलिस ने कार्रवाई की बात कही

**अमृत विचार :** प्यार में फंसा कर एक युवक, नाबालिग लड़की को लेकर फरार हो गया। बहला-फुसला कर उससे शादी कर ली और फिर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता किसी तरह उसके चंगुल से निकल कर भागी और तहरीर लेकर मां संग पुलिस के पास पहुंची।

गौलापार काठगोदाम की रहने वाली 14 साल की पीड़िता सोमवार की शाम हल्द्वानी कोतवाली पहुंची। उसने पुलिस को तहरीर दी और बताया कि कुछ दिन पहले हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र में रहने वाला एक युवक उसे बहला-फुसला कर अपने साथ अपने गांव ले गया। जहां उसके साथ न सिर्फ शादी की बल्कि जबरन उसके साथ दुष्कर्म भी किया। पीड़िता ने यह भी बताया कि वह बड़ी मुश्किल से युवक के चंगुल से निकल कर भागी है। मामला गौलापार क्षेत्र का होने का कारण पुलिस ने उसे काठगोदाम कोतवाली भेज दिया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलते ही मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## एसआईआर की बारीकियां सिखाईं

मुख्य संवाददाता, हल्द्वानी



नगर निगम सभागार में हुए प्रशिक्षण में एसआईआर की बारीकियां समझाते विशेषज्ञ।

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन की ओर से हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर और सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

सोमवार को नगर निगम सभागार में हुए प्रशिक्षण में निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूची के अपडेट करने, नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अधिकारियों को घर-घर सत्यापन अभियान को गंभीरता से संचालित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं और नए मतदाताओं को सूची में शामिल करने के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। तहसीलदार कुलदीप पांडे ने बताया कि प्रशिक्षण निर्वाचन संबंधी विभिन्न प्रपत्रों को भरने, ऑनलाइन पोर्टल के उपयोग और तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षकों ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और इसमें सभी संबंधित कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस दौरान सेक्टर अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में बीएलओ की कार्यप्रणाली की निगरानी करने और समय पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों ने पुनरीक्षण को पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने का भरोसा दिलाया।

### तैराकी प्रशिक्षण हेतु रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**हल्द्वानी:** जिला क्रीड़ा अधिकारी ने सभी तैराकी प्रशिक्षणार्थियों को सूचित किया है कि 1 अप्रैल से पहले तैराकी प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को पंजीकरण फॉर्म के साथ मेडिकल प्रमाण पत्र, एफिडेविट व आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना जरूरी होगा। केवल इन दस्तावेजों के साथ ही तैराकी प्रशिक्षण की अनुमति दी जाएगी।

जिला क्रीड़ा अधिकारी ने विशेष रूप से कहा कि अप्रैल माह में प्रशिक्षण कार्ड का नवीनीकरण करना आवश्यक है। जिन प्रशिक्षणार्थियों ने समय पर कार्ड नवीनीकरण नहीं कराया, उन्हें तैराकी प्रशिक्षण में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस निर्णय का उद्देश्य सभी प्रशिक्षणार्थियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना है।

## क्रिकेट कॉरपोरेट कप में एससीसी हल्द्वानी ने दर्ज की शानदार जीत

संवाददाता, हल्द्वानी



प्रतियोगिता से पहले मैदान में मौजूद आयोजक व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तराखंड कॉरपोरेट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित कॉरपोरेट कप के पहले सीजन में सोमवार को रोमांचक मुकाबला इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला गया। मुकाबला चारधाम क्रिकेटर और एससीसी हल्द्वानी के बीच खेला गया, जिसमें एससीसी हल्द्वानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चारधाम क्रिकेटर ने निर्धारित 20 ओवरों में 166 रन बनाए। टीम की ओर से गौतम मेहरा ने शानदार 41 रन बनाए, जबकि अन्य बल्लेबाजों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एससीसी हल्द्वानी की टीम शुरुआत में दबाव में नजर आई, लेकिन टीम ने संयमित और संतुलित बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ एससीसी हल्द्वानी ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति को मजबूत किया और दर्शकों को रोमांचक मुकाबले का आनंद दिया। आयोजक निशांत सिंह मेहता ने बताया कि आज टूर्नामेंट में दो और मुकाबले खेले जाएंगे।

### बाल कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मन मोहा

**हल्द्वानी:** स्वर संगम संगीत संस्थान की ओर से आयोजित निधि स्मृति संगीत-नृत्य प्रतियोगिता में बाल कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं।

रविवार देर शाम तक चली स्व. निधि स्मृति प्रतियोगिता में शास्त्रीय गायन में विहान जोशी, वायलिन में प्रियल सती, तबला में वैभव कर्नाटक और कथक नृत्य में शैल्बी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में गरिमा मेहता और नीरज जोशी रहे। प्रतियोगिता के अन्य विजेताओं में नमन हर्बोला, पूर्वी द्विवेदी, मेहुल जोशी, अनंत शर्मा, पार्थ भट्ट, आदविक शर्मा, अक्षया तिवारी और समायरा कन्याल शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन रण विजय सिंह ने किया। सरोद वादक स्मित तिवारी, गौरव बिष्ट और इंजीनियर आदित्य नारायण ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।



जनसमस्याएं सुनते विधायक प्रतिनिधि विकास भगत। ● अमृत विचार

### विकास भगत ने प्रेमपुर लोश्ज्ञानी में सुनीं समस्याएं

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने सोमवार को प्रेमपुर लोश्ज्ञानी ग्राम सभा के गोविन्दपुर गढ़वाल में जन समस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों से समस्याओं के समाधान के लिए कहा। प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा विधायक बंशीधर भगत के मार्गदर्शन में ग्राम सभा में सड़कों के निर्माण तेजी से हो रहा है। लोक निर्माण विभाग एवं मंडी समिति की ओर से गुणवत्तापूर्ण सड़कें बनाई जा रही हैं। यह भी बताया कि विधायक भगत के प्रयासों से क्षेत्र में नई पेयजल लाइन बिछाई गई है, जिससे अब पानी की समस्या का समाधान हो चुका है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुरेश गौड़, दीपक सनवाल, नंदाबल्लभ बुडलाकोटी, नरेंद्र सिंह, प्रधान देवेंद्र कुमार, खीम सिंह, कोमल रौतेला, हरिदत्त जोशी, पुष्पा जोशी, रेखा जोशी, दीप्ति जोशी, पूजा चुफाल, कलावती कांडपाल आदि रहे।

### कृष्णा-प्रियंका का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन





**हल्द्वानी:** हल्द्वानी स्टेडियम के हॉकी खिलाड़ियों का चयन हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हुआ है। उप क्रीड़ा अधिकारी और प्रशिक्षक वरुण बेलवाल ने बताया कि बालक वर्ग में कृष्णा वर्मा का चयन हुआ है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 1 मार्च से राजगीर, बिहार में होगी। बालिका वर्ग में प्रियंका रावत को हॉकी उत्तराखंड की टीम में शामिल किया गया है। यह प्रतियोगिता 1 अप्रैल से रांची, झारखंड में होगी। प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में दोनों खिलाड़ी हल्द्वानी स्टेडियम में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इनके चयन पर उप निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, किशोर पाल, गोविंद लटवाल आदि ने बधाई दी।

## नारी शक्ति शाखा ने वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान



कार्यक्रम के दौरान मौजूद नारी शक्ति की पदाधिकारी व अन्य महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आल इंडिया वूमन्स कॉन्फ्रेंस की नारी शक्ति शाखा हल्द्वानी की ओर से वरिष्ठ नागरिक सम्मान कार्यक्रम किया गया। इसका शुभारंभ दर्जा मंत्री शांति मेहरा, शाखा अध्यक्ष विमला सांगुड़ी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। फिर शाखा के सामाजिक हित में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। शाखा महिला सशक्तिकरण, वरिष्ठ जन कल्याण, पौधरोपण, रक्तदान, गरीब बच्चों की शिक्षा वगैरह पर काम कर रही है। कार्यक्रम का संचालन सचिव नीरजा बोरा व कोषाध्यक्ष कामिनी पाल ने किया। इस दौरान राज्य आंदोलनकारी मुन्नी तिवारी, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गोदावरी जोशी, अधिवक्ता भावना बुखानी, कुसुम दिगारी, नीमा रावत, निर्मला जोशी, मीना पांडे, हेमा नेगी, विमल पांडे, निहारिका डालाकोटी, बीना अधिकारी आदि रहे।

## कैंची धाम में व्यवस्थाएं करें दुरुस्त: एडीजी

संवाददाता, नैनीताल



कैंची धाम में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते एडीजी डॉ. वी. मुरुगेशन व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार:** आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए उत्तराखंड पुलिस ने कैंची धाम क्षेत्र में सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) डॉ. वी. मुरुगेशन ने कैंची धाम का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एडीजी ने मंदिर परिसर, आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटन सीजन शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही स्थानीय निवासियों की दिनचर्या प्रभावित न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने नो-पार्किंग जोन चिन्हित कर सख्ती से पालन सुनिश्चित करने तथा पार्किंग स्थलों पर पेयजल, शौचालय और साइनबोर्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शटल सेवा को भी सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। उन्होंने निर्माणाधीन पार्किंग और बाईपास मार्गों के कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए। सुरक्षा के मद्देनजर एडवांस फीचर वाले सीसीटीवी कैमरे व पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने के निर्देश दिए। एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चंद्र, सीओ भवाली रविकांत सेमवाल, प्रभारी निरीक्षक प्रकाश मेहरा और यातायात निरीक्षक महेश चंद्रा रहे।

### शीशमहल में पहली बार महिला रामलीला होगी

**हल्द्वानी:** नैनीताल रोड स्थित शीशमहल रामलीला मैदान में पहली बार महिला रामलीला का मंचन शुरू हो गया। रामलीला के प्रथम दिवसल सोमवार को नारद मोह का मंचन हुआ, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक अपनी भूमिकाओं का प्रदर्शन किया।

कमला जीना ने भगवान शिव की भूमिका निभाई, जय तिवारी व टीना जोशी जय-विजय के पात्र में नजर आए। नारद की भूमिका गीता नैनवाल ने निभाई, वहीं भावना बोरा कामदेव और दीपा कोश्यारी रावण के रूप में दिखीं। महिला कलाकारों के जीवंत अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्ष तनुजा जोशी ने बताया कि उद्देश्य न केवल प्रभु राम की आदर्श लीला का प्रदर्शन करना है, बल्कि महिला सशक्तिकरण व सांस्कृतिक उत्थान का संदेश देना है।



यूकेडी की जिला स्तरीय बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

### आनंद बिष्ट बने उक्रांद के संयुक्त सचिव

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम के ब्यूराखाम में सोमवार को यूकेडी की बैठक जिला अध्यक्ष प्रताप चौहान के नेतृत्व में हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। आनंद बिष्ट को संगठन का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि आनंद बिष्ट संगठन की रीति-नीति को आगे बढ़ाते हुए व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को और मजबूत करेंगे। बैठक के दौरान कई नए लोगों ने भी यूकेडी की सदस्यता ग्रहण की। इनमें कमल सनवाल, विशाल कश्यप, मोहम्मद जावेद, पंकज सक्सेना, राजेंद्र प्रताप सिंह, चंदन सिंह, हेमा बिष्ट, कमल बिष्ट, भगवती बिष्ट, पुष्पा देवी और आकाश कश्यप सहित अन्य शामिल रहे। बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष भुवन जोशी, केंद्रीय संगठन मंत्री भुवन सिंह बिष्ट, केंद्रीय मंत्री एनडी तिवारी, आंदोलनकारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिजवाली, गोविंद घसियाल, लालकुआं विधानसभा अध्यक्ष दीपक भारती आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### दो शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

**सितारगंज :** पुलिस ने शराब की तस्करी कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने दोनों अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। रविवार को रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने शक्तिफार्म के गांव बैकुंठपुर निवासी निर्मल राय (27) को 22.5 लीटर देशी शराब की 90 बोतल के साथ गांव पिपलिया से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी बाइक को भी जब्त किया है। वहीं, एक दूसरे मामले में पुलिस ने गांव सिसौना निवासी हरजिंदर सिंह (32) को सिडकुल स्थित सिद्ध गर्ब्यांग गेट के पास से 42 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस दोनों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई कर रही है।

### फेसबुक पर प्यार के बाद निकाह, अब तीन तलाक

**बाजपुर :** कोलकाता निवासी एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और 'तीन तलाक' देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, फेसबुक के जरिए ग्राम कनौरी निवासी फैजान शेख से उसकी पहचान हुई थी, जिसके बाद जुलाई 2025 में दोनों का निकाह हुआ। महिला का आरोप है कि निकाह के बाद से ही पति फैजान, ससुर यासीन, सास केसर, ननद नूर और जेठ सद्दाम उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने ससुर पर अशोभनीय हरकत और पति पर मारपीट कर तीन तलाक देने का भी आरोप लगाया है।

### अस्पताल के बाहर से दिनदहाड़े बाइक चोरी

**बाजपुर :** एक निजी अस्पताल के बाहर से तीमारदार की मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम टाण्डा (रामपुर) निवासी नाजिम अपनी पत्नी का उपचार कराने के लिए ''परम धर्म नर्सिंग होम'' आए थे। उन्होंने अपनी बाइक अस्पताल के बाहर खड़ी की थी। दोपहर लगभग 2:30 बजे जब वह बाहर आए, तो उनकी बाइक गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आज जिले के सभी क्रय केंद्रों में बैनर, कांटे समेत सभी व्यवस्थाएं हो जाएंगी पूरी

# गेहूं खरीद के लिए 123 कर्मचारी रहेंगे तैनात

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कुमाऊं में एक अप्रैल से गेहूं खरीद की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके लिए कुमाऊं में गेहूं खरीद के लिए बनाये गये क्रय केंद्रों पर 123 कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। सभी कर्मचारियों को क्रय केंद्र में मंगलवार को बैनर, कांटे लगाने के साथ सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गये हैं।

यहां बता दें गेहूं खरीद के लिए कुमाऊं में 123 क्रय केंद्र खोले गये हैं। इसमें जनपद ऊधमसिंह नगर में 108 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसमें खाद्य विभाग



के 18, सहकारिता विभाग के 51, उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ के 7, एनसीसीएफ के 15 व पीसीयू के 17 तौल कांटे खोले गये हैं। इसके अलावा नैनीताल जनपद में 12 क्रय केंद्र खोले गये हैं। इसमें खाद्य विभाग के 4 और सहकारिता विभाग के 8 क्रय केंद्र खोले गये हैं।

जबकि चंपावत जनपद में 3 क्रय केंद्र खोले गये हैं। इसमें खाद्य विभाग के एक और सहकारिता विभाग के दो क्रय केंद्र खोले गये हैं। आरएफसी विभाग ने सभी क्रय केंद्रों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है। सभी कर्मचारियों को 31 मार्च को सभी क्रय केंद्रों में कांटे, बैनर और किसानों को दी जाने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये हैं। ताकि गेहूं खरीद के दौरान किसानों की किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो।

#### अब तक 60 किसान करा चुके हैं ऑनलाइन पंजीकरण

**रुद्रपुर :** आरएफसी विभाग के अधिकारियों के इस बार सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपया प्रति कुंतल रखा हुआ है। जबकि विगत वर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपया प्रति कुंतल था। वहीं ऊधमसिंह नगर में अब तक 60 किसानों ने ऑनलाइन पंजीकरण करा लिया है।

**01** अप्रैल से शुरू हो जाएगी कुमाऊं में गेहूं की खरीद

> कुमाऊं में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए कुमाऊं में 123 क्रय केंद्र खोले गए हैं। सभी क्रय केंद्रों में 123 कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। मंगलवार को सभी कांटे, बैनर और अन्य व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएंगी।
> **-अशोक कुमार**, डिप्टी आरएमओ, कुमाऊं

# संगठन के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** वार्ड 36 में भीम आर्मी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इसमें स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन को मजबूत करने, सामाजिक एकता को बढ़ावा देने और समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों और रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान कई लोगों ने भीम आर्मी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही नए सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही संगठन की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया।

सोमवार को बैठक के दौरान कैलाश चंद्र सागर ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज में शिक्षा, एकता और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना है। जब तक समाज का हर व्यक्ति जागरूक नहीं होगा, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं है। जसपाल सागर ने कहा कि भीम आर्मी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक विचारधारा है जो समानता और न्याय की बात करती है।

उन्होंने कहा कि हमें मिलकर संगठन को और मजबूत बनाना है और हर स्तर पर समाज की आवाज उठानी है। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने, शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया। साथ ही उपस्थित लोगों से समाज में भाईचारा बनाए रखने, संगठन की नीतियों का पालन करने का आह्वान किया गया।



बैठक के दौरान भीम आर्मी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़ : महिला सरगना समेत दो दबोचे

### थाना ट्रांजिट कैंप इलाके के एक व्यापारी के साथ अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल, पांच लाख रुपये और सोने की चेन लूटी, दो आरोपी फरार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक व्यापारी को हनी ट्रैप के मायाजाल में फंसाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने गिरोह की महिला सरगना सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गिरोह के दो अन्य अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ फिरौती सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

सोमवार को थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि एक व्यापारी ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी पिंकी उर्फ काजल नाम की एक युवती से उसके मोबाइल पर चैटिंग होती रहती है। 27 मार्च 2026 को मोबाइल पर युवती का मैसेज आया कि वह रामपुर से मिलने रुद्रपुर आ रही है और मैसेज देखने के बाद वह फुलसुंगा श्मशान घाट रोड पर गया। जहां युवती से मुलाकात हुई। युवती ने बताया कि उसके परिवार की हालत खराब है और वह घर जाना चाहती है।

बातों पर विश्वास करते हुए व्यापारी युवती के साथ एक कमरे में गया। इस बीच अचानक युवती ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पिंकी उर्फ काजल के इशारे पर चार युवक आये और उसके हाथ पैर बांधकर हाथापाई करने लगे। तभी एक अन्य युवती आयी और दुष्कर्म के आरोप में झूठा मुकदमा दर्ज कर बदनाम करने की धमकी देने लगी। अभियुक्तों ने एक राय होकर सोने की चेन लूट ली और डरा धमकाकर पांच लाख रुपये भी बार कोड पर ट्रांसफर कराकर धमकी देकर छोड़ दिया।

पुलिस ने तफ्तीश शुरू की और फौरन एक टीम बनाकर दबिश देकर गैंग की सरगना पिंकी उर्फ काजल निवासी गंगापुर फुलसुंगा और थाना हजरतगढ़ी सम्भल निवासी मोतीराम को दबोच लिया। पुलिस ने रंगदारी की कुछ नगदी भी बरामद की और फरार अभियुक्तों की तलाश तेज कर दी है। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।



हनी ट्रैप गिरोह के सदस्यों के साथ पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

## नेहा, पिंकी की गिरफ्तारी के बाद भी सक्रिय है गिरोह

- नेहा व पिंकी की गिरफ्तारी में मिले अहम सुराग
- हनी ट्रैप गिरोह संचालित होने के मिले कई प्रमाण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** अभी हनी ट्रैप गिरोह का संचालन करने वाली नेहा गैंग की गिरफ्तारी करने के बाद मामला शांत भी नहीं हुआ था कि अब थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने पिंकी उर्फ काजल गिरोह का पर्दाफाश किया। पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारी यह मिली है कि यूपी व स्थानीय युवतियों के साथ मिलकर कुछ और गिरोह भी तराई भाबर में सक्रिय है। जिन पर नकेल कसने के लिए एसएसपी ने अधीनस्थों को आदेशित भी कर दिया है।

यहां बता दें कि पिछले कुछ माह पहले ही थाना गदरपुर पुलिस ने यूपी की रहने वाली नेहा नाम की युवती की गिरफ्तारी की थी और गिरोह का पर्दाफाश किया था। नेहा पर कई युवकों को प्रेमजाल, दोस्ती और झूठी परेशानी की कहानी बनाकर हनी ट्रैप मायाजाल में फंसाती थी और ब्लैकमेल कर फिरौती का धंधा संचालित करती थी। गिरफ्तार पिंकी उर्फ काजल भी यूपी की रहने वाली है और स्थानीय युवतियों के साथ मिलकर गिरोह का संचालन करती थी।

पूछताछ में यह जानकारी मिली कि पिंकी ऐसी युवतियों को चिह्नित कर गिरोह में शामिल करती है जो देह व्यापार या फिर फिरौती मांगने को तैयार हो जाती हैं। जिनका साथ गिरोह के युवक देते हैं। जो शिकार को डराने-धमकाने का धंधा करते हैं और फिरौती की रकम को आपस में बांटते हैं।

पूछताछ में यह भी पता चला है कि पिंकी और नेहा जैसे कई गिरोह अभी भी तराई भावर में सक्रिय हैं और जिसका संचालन यूपी की रहने वाली युवतियां कर रही हैं। ऐसे गिरोह को चिह्नित करने के लिए एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने अधीनस्थों को आदेशित किया है।

#### हर अभियुक्त का है अपना किरदार

**रुद्रपुर :** पिंकी उर्फ काजल गिरोह की सरगना की गिरफ्तारी के बाद यह पता चला कि हनी ट्रैप गिरोह में शामिल हर अभियुक्त का अपना किरदार होता है। जैसे महिला अभियुक्त पिंकी ने बताया कि उसका काम यह होता था कि सोशल मीडिया पर भोले-भाले युवाओं को दोस्ती कर जाल में फंसाना और अपने अड्डे तक लाना होता था। जहां वह कपड़े उतारकर वीडियो बना डालती थी। इसके बाद दूसरी महिला अभियुक्त अधिवक्ता या समझौता कराने की भूमिका निभाती है और चार गुर्गे शिकार को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटते थे और फिरौती वसूलते थे।

#### हनी ट्रैप गिरोह को नहीं दिया जाएगा पनपनेः एसएसपी

**रुद्रपुर :** एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि हनी ट्रैप गिरोह हमेशा संगठित होकर शिकार को फंसाता है। जिसका बेहतर माध्यम सोशल मीडिया है। जो व्यक्ति या युवा सोशल मीडिया में दोस्ती का मैसेज देखकर प्रस्ताव देता है और हनी ट्रैप उसे शिकार बना डालता है। ऐसे गिरोह को जिले में पनपने नहीं दिया जाएगा। हनी ट्रैप गिरोह की गिरफ्तारी के बाद कुछ अहम जानकारी मिली है। पुलिस जल्द ही गिरोह का पर्दाफाश कर खुलासा करेगी। हनी ट्रैप के प्रति सजगता ही बचाव का माध्यम है और शिकार होने पर फौरन पुलिस को सूचित किया जाए।



एसएसआई को ज्ञापन देते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल।

# कांग्रेस में शामिल होते ही ठुकराल निशाने पर

- सोशल मीडिया पर डाली जा रही आपत्तिजनक फोटो
- तहरीर लेकर कोतवाली पहुंचे राजकुमार ठुकराल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** साढ़े चार साल के राजनीतिक पार्टी वनवास के बाद जैसे ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने नई दिल्ली जाकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय जाकर कांग्रेस पार्टी की ज्वाइनिंग कर ली थी। जिसके बाद सोशल मीडिया पर पूर्व विधायक को तरह-तरह की फोटो एडिट कर बदनाम किया जाने लगा तो पूर्व विधायक ठुकराल का पारा चढ़ा और सामाजिक प्रतिष्ठा और स्वाभिमान को क्षति पहुंचाने का आरोप लगाते हुए एसएसआई को तहरीर देकर कार्रवाई का मुद्दा उठाया।

यहां बता दें कि रुद्रपुर विधानसभा से दो बार के भाजपा विधायक रहे राजकुमार ठुकराल का वर्ष 2022 को भाजपा से टिकट कटा और ठुकराल ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और 27 हजार मत प्राप्त किए। तराई भाबर में ठुकराल की हिंदू हृदय सम्राट वाली छवि थी और अक्सर ठुकराल भी विशेष समुदाय के खिलाफ जमकर भड़ास निकालते हुए दिखाई दे रहे थे, लेकिन जैसे ही कांग्रेस में ज्वाइनिंग हुई। वैसे ही ठुकराल ने रोड शो कर अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाया।

फिर दौर शुरू हुआ सोशल मीडिया वार का। जहां सोशल मीडिया पर कुछ सत्ताधारी विधायक समर्थक हो या फिर भाजपा का कार्यकर्ता। उन्होंने ठुकराल की फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करनी शुरू कर दी। जिसको लेकर विधायक ठुकराल सोमवार को नामजद पांच लोगों के खिलाफ तहरीर लेकर कोतवाली पहुंचे और भ्रामक प्रचार, झूठी अफवाह, सामाजिक प्रतिष्ठा और स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। ठुकराल ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का मुद्दा उठाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### सिर्फ भ्रामक प्रचार ही कर सकते हैं विधायक : ठुकराल

**रुद्रपुर :** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने विधायक शिव अरोरा समर्थकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सिर्फ भ्रामक प्रचार ही कर सकते हैं। जिसका जवाब आगामी विधानसभा में दिया जाएगा। ठुकराल ने कहा कि अब वह कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं और चुने गए जनप्रतिनिधि के भ्रष्टाचार की पोल खोलने को तैयार हैं। हर वार्ड में जाकर भ्रष्टाचार का प्रचार होगा और वह फोटो की राजनीति से भयभीत नहीं होने वाले हैं। कारण यह ओछी हरकत कर सकते हैं, लेकिन बिगाड़ कुछ नहीं सकते। यदि तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वह आंदोलन करेंगे।

# नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

- बौद्धिक संपदा अधिकारों पर दो दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला
- 50 शैक्षणिक संस्थानों के संकाय सदस्यों और छात्रों ने लिया भाग

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचारः** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के आईपीआर सेल और बौद्धिक संपदा प्रबंधन केंद्र की ओर से संयुक्त रूप से बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) पर दो-दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन वर्चुअल माध्यम से हुआ। इसमें देश भर के लगभग 50 शैक्षणिक संस्थानों से 300 से अधिक संकाय सदस्यों और छात्रों ने भाग लिया।

सोमवार को मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनमोहन सिंह चौहान ने उद्घाटन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को बौद्धिक संपदा अधिकारों, नवाचार में उनके महत्व, बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा और आईपीआर के विकासकर्ता को होने वाले वित्तीय लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने संकाय सदस्यों और छात्रों को जागरूक करने और शिक्षित करने के लिए ऐसी कार्यशालाओं के आयोजन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन एवं नोडल अधिकारी आईपीआर सेल डॉ.जेपी जायसवाल ने आईपीआर के साथ-साथ पेटेंट फाइल करने, डिजाइन पंजीकरण, ट्रेडमार्क, भौगोलिक संकेतक (जिओग्राफिकल इंडिकेशन), कॉपीराइट आदि से संबंधित वर्तमान रुझानों का एक अवलोकन प्रस्तुत किया।

वरिष्ठ वैज्ञानिक आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के डॉ. प्रॉलय कुमार भौमिक ने बौद्धिक संपदा अधिकारों पर अपने विचार साझा किए। जिसमें उन्होंने बासमती चावल के भौगोलिक संकेतक पंजीकरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिक उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के डॉ.हिमांशु गोयल हिमालय के संदर्भ में पारंपरिक ज्ञान और पारंपरिक सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों पर विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआरआरआई) दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी के वैज्ञानिक डॉ.सौरभ बडोनी, प्राध्यापक आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. मुकेश करणवाल, प्राध्यापक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर के डॉ.सुजीत कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ.जेपी जायसवाल, डॉ.एमजीएच जैदी, मिताली तिवारी, अभिषेक सिंह, प्रियंका परिहार, क्षितिज जायसवाल मौजूद रहे।

## राज्य में हो रहा तेजी से विकास

**रुद्रपुरः** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार उत्तराखंड में विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत हासिल कर तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी। वहीं भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात कर फूलों का गुलदस्ता भेंट किया।

भाजपा नेता मिश्रा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि धामी सरकार किसानों के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिससे किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। जनता भाजपा पर पूरी तरह विश्वास करती है।

# रोजगार वीजा बनाने की आड़ में हड़पे 6.20 लाख

- इंस्टाग्राम पर देखा था वीजा का प्रचार-प्रसार
- थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में विदेश में रोजगार वीजा बनाने का झांसा देकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम में विज्ञापन देखा और फिर दस्तावेजों की कार्रवाई की और साइबर ठगी को शिकार हो गया। थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार चंद्रा एन्क्लेव फुलसुंगा निवासी यामीन सैफी ने बताया कि उसने इंस्ट्राग्राम में ट्रैवल एडवाइजर का विज्ञापन देखा था। जिसमें विदेश में रोजगार वीजा दिलाने का प्रचार प्रकाशित था। संपर्क करने पर फौरन उसके पास चंडीगढ़ स्थित वैद्य कंसल्टेसी का प्रतिनिधि बताते हुए फोन आया और काफी देर हुई बातचीत के बाद कॉलर ने आश्वासन दिया। भरोसा करते हुए 13 दिसंबर 2025 समझौता हुआ और खाते में 6.20 लाख रुपये का भुगतान कर दिया।

अभियुक्त मैसर्स वर्ल्ड ट्रैवल एडवाइजर चंडीगढ़ की अनिशा, कुलदीप बोहरा, ईशान और अनामिका शर्मा जो कि फर्म के प्रतिनिधि थे। उनके द्वारा ऑफर लेटर, वीजा और फ्लाइट का टिकट थमा दिया जो जांच में फर्जी पाए गए। रकम वापस करने का दबाव बनाने पर अभियुक्तों ने पैसा देने से इंकार कर दिया और धमकाया कि यदि रकम मांगी तो फर्जी मुकदमा लगाकर जेल भेज दिया जाएगा।

# तराई में 34 डिग्री पहुंचा तापमान

- चार दिन पूर्व अधिकतम तापमान था 33 डिग्री सेल्सियस
- आने वाले समय में और अधिक तापमान बढ़ने की संभावना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** तराई में पिछले एक सप्ताह से तापमान लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोमवार को तराई का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है, जबकि चार दिन पूर्व अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने और तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है।

यहां बता दें कि तराई में पिछले एक सप्ताह से चटक धूप निकल रही है। इससे लोगों को गर्मी का अहसास हो रहा है। पिछले एक सप्ताह पहले की बात करें तो तराई में अधिकतम तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस तक रहा है। इधर एक सप्ताह से अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक यानी 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एएस नैन ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान में और अधिक वृद्धि होगी। हालांकि उन्होंने मौसम से गेहूं की फसल के लिए बेहतर बताया।

#### पिछले एक सप्ताह में कब कितना रहा तापमान

| दिन | अधिकतम (डिग्री सेल्सियस में) | न्यूनतम (डिग्री सेल्सियस में) |
|---|---|---|
| 30 मार्च | 34.0 | 18.9 |
| 29 मार्च | 32.8 | 16.4 |
| 28 मार्च | 31.2 | 14.4 |
| 27 मार्च | 31.1 | 15.8 |
| 26 मार्च | 33.0 | 15.4 |
| 25 मार्च | 30.5 | 12.8 |
| 24 मार्च | 29.6 | 13.9 |

#### मौसम ने दिया साथ तो किसानों को नहीं होगा नुकसान

**रुद्रपुर :** किसान विक्रमजीत सिंह विर्क का कहना है एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। इस समय तराई का मौसम किसानों के लिए काफी ठीक है। जहां किसानों की खड़ी फसल पककर तैयार हो रही है वहां किसान आसानी से फसल को काट सकते हैं। अगर मौसम खराब हुआ तो किसानों को काफी आर्थिक नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में बेमौसमी बारिश से किसानों को काफी आर्थिक नुकसान पहुंचा था।



जीत के लिए संघर्ष करते ऊधमसिंह नगर और देहरादून के खिलाड़ी।

#### यूएस नगर के खिलाड़ियों का दबदबा

**रुद्रपुर :** महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर में आयोजित तीसरे उत्तराखंड स्टेट पैरालंपिक गेम्स में सिटिंग वॉलीबॉल में ऊधमसिंह नगर दिव्यांग खिलाड़ियों ने देहरादून की टीम को पराजित किया। इस दौरान ऊधमसिंह नगर टीम ने लगातार तीनों सेट जीतकर मैच अपने नाम किया। सोमवार को डिसएबल स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश महासचिव हरीश चौधरी ने बताया कि देहरादून में आयोजित सिटिंग वॉलीबॉल के मुकाबले में देहरादून और ऊधमसिंह नगर की टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। मैच की शुरुआत से ही ऊधमसिंह नगर की टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और देहरादून की टीम पर दबाव बनाए रखा। पहले सेट में ऊधमसिंह नगर की टीम ने बेहतरीन समन्वय और रणनीति के साथ खेलते हुए 25-15 से जीत दर्ज की। दूसरे सेट में भी टीम ने अपनी लय बरकरार रखते हुए 25-12 से जीत हासिल की। तीसरे सेट में भी टीम ने 25-16 से जीत दर्ज की। इस अवसर पर पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की सचिव अमिता एवं एनआईएस कोच प्रेम कुमार मौजूद रहे।

## अश्लील मैसेज भेजने पर केस दर्ज

**रुद्रपुरः** कोतवाली इलाके में एक महिला के इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज भेजने का मामला सामने आया है। मानसिक अवसाद से गुजर रही महिला के पति ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया।

गांव कीरतपुर कोलडा के रहने वाले एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि वह परिवार के साथ रहता है। पत्नी जीआरवी नाम से इंस्टाग्राम आईडी संचालित करती है। 28 फरवरी 2026 को एक अज्ञात व्यक्ति पत्नी की इंस्टाग्राम आईडी पर अभद्र व अश्लील मैसेज भेजने लगा। जो पिछले कई दिनों लगातार मैसेज भेजकर पत्नी को परेशान कर रहा है। पत्नी ने बार-बार मैसेज का जवाब देकर घिनौनी हरकत नहीं करने की हिदायत दी, लेकिन मैसेज करने वाला नहीं माना। जिसकी वजह से उसकी पत्नी मानसिक तनाव से गुजर रही है और उसकी हालत भी बिगड़ रही है।

## ब्रीफ न्यूज

### फोरलेन किनारे मिला लापता युवक का शव

**जसपुर :** क्षेत्र के फोरलेन मार्ग पर ग्राम कालियावाला के समीप एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराई। मृतक की पहचान मोहल्ला भूप सिंह निवासी संजीव कुमार (35 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि संजीव पिछले तीन दिनों से अपने घर से लापता था। उपनिरीक्षक हरीश आर्य ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था, जिसके चलते उसकी पत्नी भी उससे अलग रहती थी। वह अपने तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। पिता की मृत्यु पहले ही हो चुकी थी, जिससे परिवार की आर्थिक और मानसिक स्थिति पहले से ही ठीक नहीं थी।

### जसपुर में दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**जसपुर :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण 2026 कार्यशाला का दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। 28 एवं 29 मार्च को एएन झा इंटर कॉलेज में हुई कार्यशाला कार्यक्रम में भाजपा की नीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला के प्रथम दिवस की अध्यक्षता शीतल जोशी एवं ब्लॉक प्रमुख अनूप कौर ने की। द्वितीय दिवस की अध्यक्षा डॉ. युनूस चौधरी, खड़क सिह चौहान, मुकेश कुमार ने की। कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मी भण्डारी, सचिन बाठला और देवेंद्र सिह रहे।

# दिनेशपुर में मां बसंती की प्रतिमा का किया विसर्जन

## मां तुमी आबार ऐसो, असुर वंशो धशो करो....जयकारे लगाए

- मां बसंती पूजा महोत्सव के समापन पर महिलाओं ने निकाली भव्य शोभायात्रा

संवाददाता, दिनेशपुर



दिनेशपुरमें मां बसंती की प्रतिमा के साथ भव्य शोभायात्रा निकालतीं महिलाएं।

**अमृत विचार :** बांग्ला लोक संस्कृति के प्रतीक पांच दिवसीय 'मां बसंती पूजा महोत्सव' का सोमवार को भव्य शोभायात्रा और प्रतिमा विसर्जन के साथ समापन हो गया। महिला संगठन के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों और शंख ध्वनि के बीच मां की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया।

शोभायात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र 'मां तुमी आबार एसो, असुर बंशो धंशो करो' (मां तुम दोबारा आना, असुरों का नाश करना) के जयघोष से गूंज उठा। महिलाओं ने पारंपरिक ''उलू-ध्वनि'' और मंगल गीतों के साथ मां के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर उत्सव की बधाई दी। भक्तिमय माहौल के बीच मां बसंती सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को धर्मनगर स्थित कागरसेन सेतु ले जाया गया, जहां विधि-विधान के साथ विसर्जन संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं की आँखें नम थीं, लेकिन अगले वर्ष मां के पुनरागमन की आस और उत्साह चरम पर दिखा। इस मौके पर शिखा ढाली, प्रभा राय, स्वीटी चक्रवर्ती, दीपाली बैरागी, मीना मंडल, राधा विश्वास, हेमा चक्रवर्ती, जमुना मंडल, सविता बैरागी, शोष्ठि ढाली, शिवानी स्वर्णकार, पारुल मंडल, श्रुति राय, सोनिया हालदार, सरस्वती विश्वास, सुधा चक्रवर्ती, बसंती चक्रवर्ती, चंपा बैरागी, विनीता बैरागी, सुजाता राय, प्रीति बैरागी, ज्योति मंडल, अनुराधा मल्लिक आदि मौजूद रहीं।

## 3.41 ग्राम हेरोइन के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**सितारगंज :** सितारगंज कोतवाली पुलिस ने 3.41 ग्राम हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की है।

रविवार को पुलिस ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के बाबत रात्रि गश्त कर रहे थे। तभी गांव गोठा स्थित लिप्टिस के जंगल में उन्हें एक व्यक्ति सड़क पर खड़ा हुआ दिखाई दिया।

बताया कि जैसे ही उसने पुलिस को उसकी तरफ आता देखा वह हड़बड़ा कर गांव की ओर भागने लगा। संदिग्ध प्रतीत होने उसे रोक कर पूछताछ की। उसने बताया कि उसका नाम दीपक सिंह (26) है। वह गांव मुड़लिया इलाही बक्श, अमरिया (पीलीभीत) में रहता है। तलाशी लेने पर उसके पास से 3.41 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गांव गुरु नानक नगरी के जंगल में एक युवक से हेरोइन खरीदी थी। वह हेरोइन का नशा करने का आदी है।

वहीं, मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज किया है। उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।



शक्तिफार्म पुलिस चौकी में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते कोतवाल सुंदरम शर्मा। ● अमृत विचार

# बैठक में नशे के कारोबार और अतिक्रमण का मामला उठाया

संवाददाता शक्तिफार्म

- पुलिस एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक में बनाई रणनीति

**अमृत विचार :** पुलिस चौकी परिसर में कोतवाल सुंदरम शर्मा की अध्यक्षता में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं संभ्रांत नागरिकों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार पर कड़ी चिंता व्यक्त की। साथ ही नगर के मुख्य मार्गों पर अतिक्रमणकारियों के कब्जे के चलते, यातायात व्यवस्था के प्रभावित होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कोतवाल सुंदरम शर्मा ने सभी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से लेते हुए, आश्वासन दिया कि नशे के अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अतिक्रमण हटाने के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जाएंगे, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारू किया जा सके। बैठक के दौरान चौकी में तैनात नए चौकी प्रभारी समेत सभी पुलिसकर्मियों का जनप्रतिनिधियों एवं संभ्रांत लोगों से परिचय कराया गया, ताकि आपसी समन्वय और बेहतर हो सके। कोतवाल ने नशे के खिलाफ अभियान में जनप्रतिनिधियों और आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही इस पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। इस दौरान चौकी प्रभारी ललित चौधरी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मानवेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय, रमेश राय, दीपा घरामी, निखिलेश घरामी, विधान सरकार, प्रकाश राय, प्रशांत मंडल, दिलीप मिस्त्री, अमीर दास, गुरशरण सिंह, देवेंद्र मेहरोत्रा, निरंजन राय आदि मौजूद रहे।



सितारगंज में शिविर के अंतिम दिन छात्रों को पुरस्कार वितरण करते प्राध्यापक।

### एनएसएस शिविर में रंगारंग कार्यक्रम पेश किए

**सितारगंज :** राजकीय पीजी महाविद्यालय सितारगंज के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हो गया। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जया जोशी, गिरीश चंद्र फुलारा, प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने संयुक्त रूप से किया। स्वयंसेवी छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से सभी अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही, छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं, अतिथियों ने स्वयं सेवियों को पुरस्कार वितरण किया। मंच का संचालन प्राध्यापक डॉ. दुर्गा तिवारी ने किया। प्राध्यापक डॉ. सोहनी ने सात दिवसीय शिविर में आयोजित कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके अलावा प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने स्वयंसेवियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शिविर का समापन डॉ. अजय लटवाल ने किया।

# सरस्वती एकेडमी में परीक्षाफल बांटा

संवाददाता, खटीमा



खटीमा के सरस्वती एकेडमी बिरागबाग में परीक्षाफल वितरित करता प्रबंधन।

**अमृत विचार :** सरस्वती एकेडमी, बिगराबाग में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों को परीक्षाफल वितरित किया गया। अभिभावकों को आगामी शैक्षणिक सत्र की योजनाओं की जानकारी दी गई।

परीक्षाफल वितरित करते हुए चेयर पर्सन ज्योति पाल ने कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस दौरान नर्सरी से कक्षा तीन तक के अधिकांश विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। जिसमें क्रमशः नर्सरी से गरिमा जोशी, आन्या राना और जियांशी जोशी, एलकेजी से देवांक जोशी, चित्राश खर्कवाल और कार्तिक मल्ल, यूकेजी से दक्षित मेहरा, काव्यांश पंत और भूमि गुरुंग, पहली कक्षा से जतिन कापड़ी, श्रेयस जोशी, हार्दिक जोशी, भूमिका जोशी, जैन्या, आयुष और निवांश, कक्षा दो से आरोही राना, आयुषी बोहरा और संग्राम कार्की तथा कक्षा तीन से अंशिका बोहरा, विशाल कफलिया, गतिका बिष्ट और गायत्री खत्री शामिल रहे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामयश ने बच्चों को बधाई दी।

## आरएसएस ने किया पथ संचलन

**किच्छा:** हिंदू नव संवत्सर के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर में पथ संचलन का आयोजन किया गया। नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह कार्यवाह पवन बिंद के नेतृत्व में पथ संचलन शुरू हुआ। नगर के बरेली मार्ग पर युवा व्यापारी मनीष सहगल तथा शगुन होटल के सामने सामाजिक कार्यकर्ता उदय जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों एवं महिला कार्यकर्ताओं द्वारा फूलों की वर्षा कर स्वयंसेवियों का स्वागत किया गया। मौके पर नगर संचालक संजय जुनेजा, नगर कार्यवाह कमल भाटिया, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, लवी सहगल, प्रहलाद खुराना, धर्मराज जायसवाल, धनीराम, श्रीकांत राठौर, भुवन जोशी मौजूद रहे।



शिविर को संबोधित करते सिविल जज सीनियर डिवीजन आशीष तिवारी।

### शिविर में दी नशे के दुष्परिणामों की जानकारी

**खटीमा :** सिविल जज सीनियर डिवीजन आशीष तिवारी के नेतृत्व में सोमवार को विभिन्न स्थानों में जाकर विधिक शिविर आयोजित किया गया। एकलव्य विद्यालय में प्राचार्य भर्ती यादव की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में एंटी ड्रग्स यूनिट मादक द्रव्य के दुरुपयोग के पीड़ित के लिए उन्मूलन योजना तथा विधिक सहायता केंद्र लीगल जानकारी और समाज को ड्रग्स के दुरुपयोग के बारे में बताया गया। इस अवसर पर राजीव गांधी नवोदय विद्यालय के उप प्राचार्य हरीश लाल आर्य मौजूद रहे। इधर राजकीय बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय अमाऊं, तिगरी, ग्रामीण क्षेत्र निकट पेयजल विभाग उम्र खुर्द वार्ड नंबर एक में सभासद गोकुल ओली की अध्यक्षता में शिविर लगाकर ग्रामीणों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जानकारी दी गई। इस मौके पर पैनल अधिवक्ता इलियास सिद्दीकी मौजूद रहे।

# हॉट मिक्स सड़क का शुभारंभ

- विधायक तिलक राज बेहड़ ने सुनीं जन-समस्याएं

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में सड़क का शुभारंभ करते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने बंडिया भट्टा से पावर हाउस तक 70 लाख की लागत से बनने वाली 1.5 किमी लंबी हॉट मिक्स सड़क का फीता काटकर शुभारंभ किया। उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी द्वारा निर्मित होने वाली इस सड़क से स्थानीय लोगों को जर्जर मार्ग से निजात मिलेगी। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ विधायक का जोरदार स्वागत किया।

विधायक बेहड़ ने बताया कि इस मार्ग को आगे नमक फैक्ट्री डॉम तक विस्तारित करने का प्रयास जारी है। साथ ही उन्होंने क्षेत्र की आधा दर्जन अन्य महत्वपूर्ण सड़कों—जैसे सिरौली कला रेलवे फाटक मार्ग और पंजाबी धर्मशाला-गुरुकुल मार्ग—के चयन की भी जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं में सुधार उनकी प्राथमिकता है।

इसके पश्चात, विधायक ने अपने कार्यालय में जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें दर्जनों लोगों ने बिजली, पानी, सड़क और राशन कार्ड से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिनके त्वरित निस्तारण हेतु विधायक ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। इस मौके पर कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर सालेह सबात, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, सुनीता कश्यप, राजीव चौधरी, जीवन जोशी, दलीप सिंह बिष्ट, हरभजन सिंह, गुरुचरण सिंह, महेंद्र सिंह, दानिश मलिक, लियाकत अंसारी, राम बाबू आदि मौजूद रहे।

## हादसे के बाद कार चालक ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** सितारगंज में अमरिया चौराहे पर हादसे के बाद चालक से मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिसमें कैंटर चालक ने कार सवार दो लोगों पर लाठी-डंडों से हमला करने और उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

नवाबगंज, बरेली (यूपी) रामेश्वर दयाल ने बताया कि 22 मार्च को वह सिडकुल स्थित बालाजी कंपनी से प्लाई बोर्ड भरकर गुजरात जा रहा था। तभी रास्ते में अमरिया चौराहे पर एक निजी अस्पताल के सामने बने ब्रेकर को पार करते समय उसका वाहन आगे चल रही एक कार से टकरा गया। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई।

बताया कि हादसे के समय कार में सवार दो लोग सवार थे। उसने कार चालक से कहा कि वह गाड़ी के नुकसान का खर्च देने को तैयार है। इसके बाद भी दोनों लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। साथ ही, आरोपियों ने उसके कैंटर को आग लगाने और जान से मारने की धमकी दी। वह किसी तरह मौके से बचकर कोतवाली पहुंचा। यहां भी दोनों आरोपी उसका पीछा करते हुए पहुंच गए। वहीं, मामले में पुलिस ने आरोपी अजय भगत के साथ कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मेधावी बच्चों को किया पुरस्कृत

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

**अमृत विचार:** निकटवर्ती ग्राम पंतपुरा स्थित विद्या पुष्प अकादमी हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम, समाजसेवी जितेंद्र गौतम एवं इफको उत्तराखंड के पूर्व जनरल मैनेजर अजीजुल रहमान सहित तमाम गणमान्य लोगों ने शिरकत कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

विद्यालय टॉपर शगुन मौर्य द्वारा 96.3 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर अतिथियों ने शगुन मौर्य को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर सम्मानित किया। इसके अलावा अलग-अलग कक्षाओं में टॉपर अरमान, उर्षिता, होनेजा, आराध्या, चित्रांशी, गुंजन, आरुषि, वेदिका, दिव्या, मोहम्मद ओवैस आदि बच्चों को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक आशा रानी, प्रधानाचार्य प्रियंका पाठक, उप प्रधानाचार्य सिमरन राजपूत, वीरेंद्र कुमार, बनवारी लाल, बलवंत लाल, अमित पाल, कविता जायसवाल, स्नेहा सैफी, किरण कौर, प्रियंका सागर, एस एन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



विजेता को पुरस्कृत करते आयोजन समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

### नृत्य प्रतियोगिता में बीके ग्रुप ने मारी बाजी

**शक्तिफार्म :** ग्रामसभा रुदपुर में आयोजित मां बसंती पूजा उत्सव एवं मेले का समापन, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नृत्य प्रतियोगिता के साथ हुआ। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। समापन अवसर पर आयोजित नृत्य प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रही, जिसमें स्थानीय सहित दूर-दराज के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में बीके ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी, जबकि रोशनी ग्रुप द्वितीय और एनीमो ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोतवाल सुंदरम शर्मा उपस्थित रहे। मंच संचालन मनोज सरकार एवं संजीत राय ने किया, वहीं निर्णायक की भूमिका संजीत हालदार एवं हरेन मंडल ने निभाई। इस अवसर पर अध्यक्ष सुकुमार वैद्य, सपन पल्ले, प्रकाश मंडल, गौरंग वैध, अमर सरकार, लव कुमार, महेश हीरा, संजीत राय, चिरंजीत सरकार आदि उपस्थित रहे।

# निरंतर परिश्रम और अनुशासन से आगे बढ़ने को किया प्रेरित

संवाददाता सितारगंज



मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रबंधक पलविंदर सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में सत्र 2025-26 के वार्षिक परिणाम वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल का विद्यालय परिवार द्वारा पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह के दौरान विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफियां और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि उपकार सिंह बल ने टॉपर्स को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए निरंतर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

समारोह में विद्यालय की ओर से स्कॉलर ऑफ द ईयर की भी घोषणा की गई। जूनियर वर्ग में जीवनजोत कौर, कक्षा दूसरी को स्कॉलर ऑफ द ईयर चुना गया, जबकि सीनियर वर्ग में अंशिका गिरी, कक्षा 11वीं साइंस को इस सम्मान से नवाजा गया। विद्यालय प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या कमलजीत कौर ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।

## क्विज में नोजगे की सिद्धि द्वितीय

**खटीमा :** नोजगे पब्लिक स्कूल की आठवीं की छात्रा सिद्धि गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर जीवाईएस प्रोगाम क्विज में द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। गेटा ट्रस्ट आंध्र प्रदेश के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित जीवाईएस प्रोग्राम क्विज प्रतियोगिता में आठवीं की छात्रा सिद्धि गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। 25 मार्च को आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से सैकड़ों छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सिद्धि की इस उपलब्धि पर प्रबंध निर्देशिका सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य एचसी पन्त सहित विद्यालय परिवार ने बधाई दी है।



सिद्धि गुप्ता।



तारकेश्वर धाम में जलाभिषेक के लिए कतार में लगे शिव भक्त।

### सुरेंद्रनगर तारकेश्वर धाम में उमड़े श्रद्धालु

**शक्तिफार्म :** पवित्र चैत्र माह के सोमवार को क्षेत्र के सुरेंद्रनगर स्थित तारकेश्वर धाम में जलाभिषेक के लिए प्रात: काल से ही शिव भक्तों का तांता लगा रहा। तारकेश्वर धाम में सर्वप्रथम हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचे कांवड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों व शिव भक्तों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान "बोल बम" और भगवान भोले शंकर के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मंदिर परिसर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल, सुरेंद्रनगर मंदिर कमेटी अध्यक्ष देवाशीष पोद्दार, ग्राम प्रधान सुमन हालदार, राजा हालदार, गोविंद सरकार, निखिल मिस्त्री, सचिंद्र हालदार, रंजीत हालदार, मोहित मंडल, परेश मंडल, उत्तम शील, दीपक बडाल आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### एआरटीओ ने तीन डग्गामार बसों को पकड़ा

**काशीपुर :** परिवहन निगम ने चेकिंग के दौरान तीन डग्गामार बसों पर कार्रवाई की है। एआरटीओ संदीप वर्मा ने बताया कि टीम ने जसपुर रोड पर तीन डग्गामार बसों को पकड़ा, जिन्हें कुंडा थाना में खड़ा किया गया। तीनों के पास परमिट नहीं था। ऐसे में बसों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बताया कि देहरादून, दिल्ली रूट पर चल रहे डग्गामार वाहनों के खिलाफ परिवहन निगम की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। डग्गामार वाहनों पर परिवहन निगम की ओर से जुर्माना किया गया है।

### निष्क्रिय स्वयं सहायता समूह को चिन्हित करने के दिए निर्देश

**काशीपुर :** ब्लॉक के तहत संचालित होने वाले स्वयं सहायता समूह में ऐसे स्वयं सहायता समूह को चिन्हित किया जा रहा है, जो पूरी तरह से निष्क्रिय हैं। ऐसे समूहों को सूची के बाहर करने की तैयारी चल रही है। ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा ने ब्लॉक के अधिकारियों से निष्क्रिय स्वयं सहायता समूह को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि ब्लॉक के अंतर्गत 686 स्वयं सहायता समूह सूचीबद्ध में हैं। इन निष्क्रिय समूह को बिना काम के ग्रांट मिल रही है, जो उचित नहीं है।

### डॉ. आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को

**काशीपुर :** आंबेडकर पार्क जन कल्याण सेवा समिति अध्यक्ष चंद्रहास गौतम ने बताया कि भोगपुर स्थित आंबेडकर पार्क में 14 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे से शाम 8 बजे तक बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम में डॉ. आंबेडकर, महात्मा बुद्ध, राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले और अन्य महापुरुषों के विचारों पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में समय से उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### चैती मंदिर में आई महिला का पर्स उड़ाया

**काशीपुर :** चैती मेले में सोमवार तड़के मां बाल सुंदरी मंदिर में प्रसाद चढ़ाने गई शुगर मिल बाजपुर निवासी ऊषा रानी का भीड़ उमड़ने के बीच किसी ने पर्स काट लिया। पर्स में सोने का मंगलसूत्र और चेन के अलावा रुपये रखे थे। ऊषा रानी ने बताया कि मंदिर में बहुत भीड़ थी। वह भीड़ में ही लाइन में लगी थी। इस बीच किसी ने उनके कंधे में टंगा बैग काटकर छोटा पर्स चुरा लिया। इससे पहले खोखरा मंदिर में दो महिलाओं की चेन कटी। आईटीआई निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

### ओवरब्रिज का शीघ्र निर्माण न होने पर होगा आंदोलनः पाल

**काशीपुर :** महानगर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अलका पाल ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि रामनगर



रोड, रेलवे क्रॉसिंग स्थित अधूरे पड़े ओवर ब्रिज का शीघ्र निर्माण न होने पर कांग्रेस बड़ा आंदोलन छेड़ेगी। सोमवार को प्रेस को जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि 10 वर्षों से भी अधिक समय से लंबित पड़े रामनगर रोड पर रेलवे क्रॉसिंग ओवर ब्रिज का निर्माण अधूरा होने से जहां यातायात में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आम जनता को भी भारी दिक्कतें हो रही है। कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर इस विषय में अवगत कराया है। साथ ही उप जिलाधिकारी से वार्ता कर ओवर ब्रिज की निर्माणाधीन कार्यदायी संस्था एनएच और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से इसके शीघ्र निर्माण की मांग की है।

### युवक पर फायरिंग करने वाले दो गिरफ्तार

**काशीपुर :** कोतवाली आईटीआई पुलिस ने मंगल बाजार में युवक पर जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 24 मार्च को बरखेड़ा पाण्डेय निवासी शानू पर अज्ञात बाइक सवारों ने मंगल बाजार में फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को मुखबिर की सूचना पर बांसखेड़ा फ्लाईओवर के पास से पुलिस ने बिलाल और मो. रफी उर्फ गुड्डू निवासी पोपरी कॉलोनी बरहैनी थाना बाजपुर को दबोचा। आरोपियों के पास से एक 315 बोर का तमंचा, दो कारतूस और घटना में इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर बाइक बरामद हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला बताया है। बताया कि आरोपी पहले हमले में शानू के बच जाने के कारण उसे दोबारा मारने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने समय रहते उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# चैती मेला परिसर के विकास के लिए तैयार होगा मास्टर प्लान

## मां बाल सुंदरी देवी उज्जैनी शक्तिपीठ पर आयोजित भजन संध्या में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कहा- मेले से क्षेत्र में व्यापार व पर्यटन बढ़ेगा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चैती मेले से प्राप्त होने वाली धनराशि से चैती मेला परिसर का विकास किया जाएगा। उन्होंने डीएम को मेला परिसर के विकास के लिये मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिये।

सोमवार को मां बाल सुंदरी देवी उज्जैनी शक्तिपीठ पर आयोजित भजन संध्या में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह मेला केवल एक आयोजन नहीं बल्कि हमारी लोक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली परंपराओं का जीवंत एक महोत्सव है। यह मेला भव्य स्वरूप लेता जा रहा है। इस आयोजन से क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन बढ़ेगा और अनेक संभावनाएं सृजित होंगी। स्थानीय विकास भी तेज गति से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज उत्तराखंड अनेक चुनौतियों का सामना करते है देश के जो प्रथम पंक्ति के राज्य हैं उसमें अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश ने सबसे पहले समान नागरिकता का कानून लागू किया है। नकल का सख्त कानून भी प्रदेश में बनाया गया। जिससे 30 हजारों युवाओं को पारदर्शिता के रोजगार मिला है। सरकार काशीपुर के स्वांगींण विकास के लिये काम कर रही है। 133 एकड़ क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर पार्क विकसित किया जा रहा है। 16 औद्योगिक इकाइयों का आवंटन हो चुका है।



काशीपुर में चैती मेले में मां बाल सुंदरी के दर्शन कर लौटते सीएम धामी।





काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान चैती मंदिर के पंडाओं को सम्मानित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

# सीएम धामी ने लिया मां बाल सुंदरी का आशीर्वाद

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मां बाल सुंदरी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश के चहुंमुखी विकास व सुख शांति की कामना की। इसके बाद उन्होंने मंदिर प्रांगण में आयोजित भजन संध्या का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध भजन गायक लखवीर सिंह लक्खा के भजनों का आनंद लिया।

सोमवार को काशीपुर चैती मेला पहुंचा सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मां बाल सुंदरी से प्रार्थना कर सभी प्रदेशवासियों पर अपनी कृपा बनाए रखने की कामना की। उन्होंने भजन संध्या के शुभारंभ के दौरान कहा कि काशीपुर-रामनगर राजमार्ग को चार लेन में उन्नत करने के लिए 494 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। साथ ही, यहां 3 किलोमीटर लंबा मिनी बाईपास भी प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि 4 करोड़ रुपए की लागत से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का निर्माण भी किया गया है और 7 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से काशीपुर, हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक की सुविधा भी प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 1,950 करोड़ रुपए की लागत से काशीपुर में पेयजल, सीवरेज, सड़क सुधार और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसे महत्वपूर्ण कार्य तेजी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। इसके अलावा यहां रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 1100 करोड़ रुपए की औद्योगिक हब परियोजना तथा 100 करोड़ रुपए की अरोमा पार्क परियोजना पर भी कार्य चल रहा है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। कहा कि हमारी सरकार चैती मंदिर को मानसखंड कॉरिडोर से जोड़कर इसे एक प्रमुख सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए भी तेजी से कार्य कर रही है। क्योंकि हमारा लक्ष्य है कि काशीपुर औद्योगिक नगर के साथ-साथ आस्था और श्रद्धा की नगरी के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। इधर प्रसिद्ध भजन गायक लखविंदर सिंह लक्खा के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। सीएम धामी ने मंदिर के पंडाओं को माता की चुन्नी ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही कई निर्धन कन्याओं का विवाह कराने वाली संस्था मां बाल सुंदरी परिणय सेवा संस्था के अध्यक्ष पूर्व प्रधान आनंद कुमार को माता की चुन्नी ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके इस नेक काम के लिये प्रशंसा की।

### ये जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, मेयर दीपक बाली, विनय रुहेला, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, दर्जाधारी मंजीत सिंह राजू, पूर्व सांसद बलराज पासी, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, अशोक कटारिया, डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, पार्षद दीपा पाठक, बीना नेगी, पुष्कर सिंह बिष्ट, सीमा सागर, विजय कुमार बॉबी, राम मेहरोत्रा, मुक्ता सिंह, प्रशांत पंडित, पवन अग्रवाल, रजत सिद्धू, गुरविंदर सिंह चंडोक, आशीष गुप्ता, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### त्रिशूल चौक पर सीएम का हुआ भव्य स्वागत

**रुद्रपुर :** रुद्रपुर के त्रिशूल चौक पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भाजपाइयों ने आतिशबाजी और पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान विधायक और महापौर ने सीएम धामी को गदा भेंट की। सोमवार की देर सायं काशीपुर से सड़क मार्ग द्वारा खटीमा जाते समय मुख्यमंत्री धामी त्रिशूल चौक पहुंचे। यहां पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने सुशासन और विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। सीएम धामी ने अपने साहसिक और ऐतिहासिक निर्णयों से न केवल उत्तराखंड, बल्कि पूरे देश में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं।

### भाजपा जिलाध्यक्ष के आवास पर व्यक्त की शोक संवेदना

**जसपुर :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल के महुवाडाबरा स्थित आवास पहुंचकर उनकी माता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। नादेही चीनी मिल ग्राउंड पर हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद मुख्यमंत्री का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सीएम धामी ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान यूपी के परिवहन मंत्री अशोक कटारिया, राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष विनय रोहेला, अनिल डब्बू, मुकेश कुमार, पूर्व विधायक डा. शैलेंद्र मोहन सिंघल, एसएसपी अजय गणपति, डा. यूनूस, प्रीतम सिंह, डा. एमपी सिंह, खड़क सिंह, राजकुमार, शीतल जोशी, सुरेंद्र सिंह, प्राशीष विश्नोई मौजूद रहे।

### नादेही चीनी मिल कर्मियों और स्वच्छकार संघ ने सौंपा ज्ञापन

**जसपुर :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के महुवाडाबरा पहुंचने पर नादेही चीनी मिल के कर्मचारियों और स्वच्छकार संघ के पदाधिकारियों ने सीएम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। मिल कर्मचारियों ने लंबे समय से लंबित वेतन में बढ़ोत्तरी करने और फिटमेंट कराने की मांग की। मुख्यमंत्री ने मिल कर्मियों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। यहां राजेंद्र सिंह, रुस्तम, महेंद्र राही, लियाकत, निपेंद्र, देवाराम, प्रभुनाथ आदि मौजूद रहे।

# विकास की ओर बढ़ रहा देशः मांझी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर बढ़ रहा है और आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

केंद्र सरकार में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी रविवार देर शाम मुरादाबाद रोड स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित विवाह समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार और एमएसएमई मंत्रालय द्वारा गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनके विभाग में जो भी योजनाएं हैं उनको संचालित करने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि जो हमारा लघु एवं सूक्ष्म मध्यम है उसके द्वारा ही देश आगे बढ़ सकता है, एवं तरक्की कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत सितंबर 2028 तक 30 लाख लोगों को रोजगार देने का जो लक्ष्य है उसकी दिशा में हम अब तक 13 लाख लोगों को रोजगार दे चुके हैं। इसमें भी हमारी अच्छी प्रगति है और हर तरह से हम एमएसएमई को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के लोग समझते हैं कि वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में सुरक्षित हैं।



काशीपुर में वर-वधू को आशीर्वाद देते केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी।

### किच्छा में भी हुआ सीएम का स्वागत

**किच्छा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के किच्छा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। रुद्रपुर से खटीमा की तरफ जा रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का काफिला कुछ देर के लिए भाजयुमो नेता विवेक दीप सिंह के कार्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह कार्यक्रम में रुका। अपने बीच सीएम धामी को पाकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित नजर आए। भाजयुमो नेता विवेक दीप सिंह, भाजपा नेता लवी सहगल, भाजपा नेता अजय तिवारी सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने सीएम धामी को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंजू जायसवाल, अभिषेक सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# विकास कार्यों का शिलान्यास किया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्रीय विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सोमवार को विभिन्न ग्राम सभाओं में पहुंचकर करीब 95 लाख रुपये की लागत से विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

ग्राम सभा बरखेड़ा पांडे स्थित ब्रिलिएंट एकेडमी स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक का ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने स्कूल में कंप्यूटर प्रोजेक्ट के लिए दो लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही बरखेड़ा पांडे से कानपुर मोटर मार्ग के निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया, जिसकी लागत करीब 63.73 लाख रुपये बताई गई। इसके बाद ग्राम सभा ढीमरखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने लोगों की जनसमस्याएं सुनीं और मौके पर ही अधिकारियों से वार्ता कर उनके समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने क्षेत्र में विभिन्न मार्गों के निर्माण की भी घोषणा की। वहीं ग्राम अजीतपुर में विधायक निधि से 17.60 लाख रुपये की लागत से होने वाले कार्यों का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान पति हरजिंदर सिंह के नेतृत्व में कई लोगों ने भारतीय जनता पार्टी छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।



बाजपुर में विकास कार्यों का शिलान्यास करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।



जसपुर में परिवहन एवं प्रभारी मंत्री का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

### जसपुर में परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा का स्वागत

**जसपुर :** नवनियुक्त परिवहन एवं प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा के जसपुर पहुंचने पर भाजपाइयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने भाजपाइयों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाएगा। सोमवार को देहरादून से रूद्रपुर जा रहे परिवहन एवं प्रभारी मंत्री प्रदीप बत्रा का भाजपाइयों ने दुल्हन पैलेस में स्वागत किया। इस दौरान भाजपाइयों ने जसपुर में रोडवेज बस अड्डा बनवाने की मांग प्रमुखता से रखी। इस मौके पर मुकेश कुमार, डा. शैलेंद्र मोहन सिंघल, तीरथ सिंह, हरिओम सिंह मौजूद रहे।

# गैस किल्लत को लेकर हंगामा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** नगर में रसोई गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत और कथित कालाबाजारी के विरोध में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय उपभोक्ताओं ने इंडेन गैस एजेंसी पर जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि एक सप्ताह पूर्व बुकिंग कराने के बावजूद उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी नहीं मिल पा रही है, जिससे रोजमर्रा के कामकाज ठप हो गए हैं।

भाजपा नेता आशीष ठाकुर ने व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई उपभोक्ताओं को बिना सिलेंडर मिले ही ''डिलीवरी'' के मैसेज प्राप्त हो रहे हैं, जो सीधे तौर पर धांधली का संकेत है। उन्होंने मांग की कि बुकिंग तिथि के आधार पर पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जाए और जिन लोगों को समय पर गैस नहीं मिली, उन्हें एजेंसी पर सत्यापन के बाद तुरंत सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।

प्रशासन ने जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान लीलाधर सैनी, बबलू सैनी, चन्द्रपाल, सुरेश आदि मौजूद रहे।



गैस एंजेसी के बाहर प्रदर्शन करते भाजपा नेता आशीष ठाकुर व उपभोक्ता।

# रामराज रोड से साप्ताहिक हाट बाजार को हटवाया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने ग्राम नंदपुर नरकाटोपा (एनएनटोपा) में रामराज रोड किनारे लग रहे साप्ताहिक हाट बाजार को हटवा दिया है। तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क किनारे लगी दुकानों को हटाया और अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

प्रशासन के अनुसार, बाजार संचालन से संबंधित कोई भी वैध अभिलेख या अनुमति पत्र उपलब्ध नहीं पाए गए। इसके चलते ठेकेदार को 15 दिन का समय दिया गया है। यदि तय समय में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए, तो बाजार को स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व में सोमवार का बाजार रविवार को स्थानांतरित किया गया था, जिसके बाद कुछ लोगों ने निजी भूमि पर सोमवार को बाजार लगाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे यह बाजार मुख्य सड़क तक फैल गया।

**आस्था** भगवान महावीर के वचन 'अहिंसा परमो धर्म' व 'जियो और जीने दो' का दिया गया संदेश

# काशीपुर में भगवान महावीर की भव्य रथयात्रा निकाली

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** स्थानीय बाबा रिसोर्ट में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के तत्वावधान में आयोजित 1008 श्री भगवान महावीर के 2625 वें जन्म कल्याणक एवं भव्य रथयात्रा महोत्सव मनाया गया। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ भगवान महावीर की रथयात्रा निकाली गई।

सोमवार को कार्यक्रम का क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, नैनी पेपर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पवन अग्रवाल व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। विशिष्ट जैन अतिथियों द्वारा भगवान महावीर के चित्र का अनावरण किया गया। जैन समाज की महिलाओं और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ हस्तिनापुर से आई रामकुमार परदेशी की संगीत और भजन मंडली ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम देवेंद्र जैन (आदर्श प्रेस) तथा बाजपुर के कृष्ण जैन परिवार द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक चीमा ने कहा कि अहिंसा परमो धर्म का संदेश लेकर बढ़ने वाला जैन समाज प्रशंसा का पात्र है।





काशीपुर में रथ यात्रा के दौरान मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### महावीर जयंती पर जैन मंदिर में पूजा अर्चना की

**जसपुर :** महावीर जयंती पर अहिंसा के अवतार और जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2625 वां जन्म कल्याणक महोत्सव दिगंबर जैन मंदिर में भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर प्रार्थना की। सोमवार को सुबह से ही मंदिर परिसर महावीर के जयकारों से गुंजायमान था। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर के भव्य महामस्तकाभिषेक और विश्व शांति की कामना के साथ शुरू हुआ। इस मौके पर राज बहादुर जैन, सरोज जैन, रवीश जैन, मानसी जैन, पारस जैन, नन्हीं आरना जैन, अंकित जैन, आंचल जैन, अंकुर जैन, सलोनी जैन, धन्या जैन, आन्या जैन, रिद्धि जैन, सिद्धि जैन, पार्थ जैन, श्रेष्ठ जैन मौजूद रहे।

# सेना के जवान दीपक सिंह डोवाल का निधन

संवाददाता, बाजपुर



दीपक सिंह डोवाल।

**अमृत विचारः** क्षेत्र के ग्राम हरिपुरा निवासी भारतीय सेना के जवान दीपक सिंह डोवाल (32) के असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक है। वर्ष 2012 में सेना में भर्ती हुए दीपक, गुजरात के बड़ौदा में एक सैन्य कोर्स के दौरान 27 मार्च को अचानक बीमार पड़ गए और उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

पूर्व सैनिक सरबजीत सिंह डोवाल के सबसे छोटे पुत्र दीपक एक सैन्य परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनके एक भाई भी वर्तमान में सेना में सेवारत हैं। जवान के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक निवास लाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट पर पूरे सैन्य सम्मान और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सेना के जवानों ने पुष्पचक्र अर्पित कर अपने साथी को अंतिम सलामी दी।

ब्रीफ न्यूज

## मुख्यमंत्री धामी आज चम्पावत में जनसभा को संबोधित करेंगे



**चम्पावत :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज चम्पावत दौरे पर रहेंगे। प्रात: 10 :30 बजे चम्पावत हेलीपैड में उतरने के बाद वे 10 :40 बजे कार से साइंस सेंटर के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां निर्माणाधीन साइंस सेंटर का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा करेंगे। पूर्वाह्न 11 :10 बजे सीएम मोटर स्टेशन के गांधी चौक पहुंचेंगे और राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण करेंगे। इस अवसर पर वे वीर-वीरांगनाओं, नगरपालिका प्रतिनिधियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन से संवाद कर जनसभा को संबोधित करेंगे। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री दोपहर 12 :20 बजे गौरलचौड़ मैदान स्थित ऑडिटोरियम में 'शी फार स्टेम उत्तराखंड के अंतर्गत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिभाग कर मेधावी छात्राओं को सम्मानित करेंगे। अंतिम चरण में वे प्रेक्षागृह परिसर में मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# अल्मोड़ा में किताबों की दुकानों पर उमड़ी भीड़

## शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ बच्चों के लिए कापी-किताब खरीदने उमड़े लोग, स्टेनरी दुकान में रौनक

संवाददाता, अल्मोड़ा

- कई किताबों की कमी होने से अभिभावक रहे परेशान
- नई कॉपी-किताब, बैग व अन्य सामग्री मिलने से बच्चे खुश

**अमृत विचार:** जिले भर में निजी विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत होते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सत्र शुरू होते ही अभिभावक अपने बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तकों और कॉपियों की खरीदारी में जुट गए हैं, जिससे बुक सेलर की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है।

अल्मोड़ा के तमाम स्कूलों में वार्षिक परीक्षा फल घोषित कर दिए गए हैं। इसके साथ ही अप्रैल से नया सत्र शुरू होने जा रहे हैं। नए शैक्षिक सत्र को लेकर अल्मोड़ा नगर के मालरोड, मिलन चौक समेत अन्य स्टेशनरी दुकानों में सोमवार को लोगों की भीड़ रही। तमाम स्टेशनरी की दुकानों में भीड़ बढ़ने के कारण कुछ किताबों की कमी भी देखने को मिली। कई किताबों की डिमांड इतनी ज्यादा रही कि कुछ अभिभावकों को उन्हें बुक करवाने की सलाह दी गई। दुकानदारों का कहना है कि आने वाले हफ्तों में नई खेप आने से किताबों की कमी दूर हो जाएगी। नई कक्षा में जाने को लेकर छात्रों में भी काफी उत्साह देखने को मिला।



अल्मोड़ा में एक स्टेशनरी की दुकान पर लगी अभिभावकों की भीड़। ● अमृत विचार

कक्षा बदलने के साथ-साथ नई किताबों और नई चीजें सीखने को लेकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। नए सत्र के पहले सप्ताह में ही अभिभावक अपने बच्चों के लिए कोर्स बुक्स, नोटबुक, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने में व्यस्त नजर आए। कुछ दुकानों पर भीड़ इतनी अधिक रही कि ग्राहकों को किताबें लेने के लिए काफी इंतजार भी करना पड़ा।

### निजी प्रकाशकों की किताबें भी महंगी

नगर के अधिकांश विद्यालयों में एनसीईआरटी पैटर्न की ही किताबें संचालित की जा रही हैं। विद्यालय भी अभिभावकों से एनसीईआरटी किताबों की खरीदारी करने को कह रहे हैं। इसके बावजूद कुछ निजी प्रकाशकों की किताबों की कीमतों में पांच से आठ फीसदी तक बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

### दस फीसदी तक महंगी हुई कॉपियां

अभिभावक बच्चों के लिए कापी-किताबें खरीदने लगे हैं, लेकिन किताबों की महंगाई झेल रहे अभिभावकों के लिए अब कापियों की कीमतों ने परेशानी पैदा कर दी है। इस बार कापियों के दाम में 20 से 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। निजी विद्यालयों में पहले से किताबों के दाम आसमान में हैं। यहां पढ़ने वाले बच्चों को विद्यालय से ही कापियां दी जा रही हैं। सामान्य रूप से 100 रुपये में मिलने वाली कापी की कीमत 125 रुपये तक पहुंच गई है। 40 रुपये की कापी 60 में मिल रही है। इससे अभिभावकों का शिक्षा बजट उम्मीद से आगे निकल रहा है।

### स्टेशनरी दुकानदारों की बिक्री बढ़ी

अल्मोड़ा के प्रमुख बुकस्टोर्स और स्टेशनरी विक्रेताओं ने बताया कि मार्च और अप्रैल का महीना उनकी बिक्री का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। मालरोड स्थित स्टेशनरी विक्रेता संजय अग्रवाल ने कहा कि हर साल नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में किताबों और स्टेशनरी की मांग तेजी से बढ़ जाती है। इस बार भी स्कूल खुलते ही ग्राहकों की भारी भीड़ आ रही है।



अल्मोड़ा में सोमवार को भाजयुमो नगर कार्यकारिणी का स्वागत किया गया।

# भाजयुमो पदाधिकारियों का किया जोरदार स्वागत

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर कार्यकारिणी की घोषणा हो गई है। सोमवार को चौघानपाटा में कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर जमकर आतिशबाजी की।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने नगर के नगर में स्वागत रैली निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी बहुमत के पार पहुंचेगी। नगर कार्यकारिणी में नवनियुक्ति उपाध्यक्ष पद पर पारस कांडपाल, नितिन भंडारी, नगर उपाध्यक्ष में अभिषेक तिवारी, महामंत्री पद पर अशीष डोगरा, कोमल जोशी, मंत्री में खजान पांडे, पुष्कर बिष्ट, पारस लोहनी, कोषाध्यक्ष में राजेश तिवारी, मीडिया संयोजक में निखिल तिवारी, सोशल मीडिया संयोजक में आर्यन कुमार का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर यहां जिला महामंत्री दर्शन रावत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री हरीश कनवाल, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक, जिला उपाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, भाजपा नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, देवेंद्र भट्ट रहे।

# ग्रामीणों को दी महिला सुरक्षा और नए कानूनों की जानकारी

- अल्मोड़ा पुलिस ने तमाम क्षेत्रों में चलाया जागरूकता अभियान

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिले भर में पुलिस का जागरूकता अभियान जारी है। सोमवार को पुलिस ने जिले भर के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सुरक्षा और नए कानूनों को लेकर लोगों को जानकारी दी।

जागरूकता अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक महिला कोतवाली और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग जानकी भंडारी ने ग्रामीणों को मानव तस्करी (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग), गौरा शक्ति ऐप, नये आपराधिक कानून के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों जैसे डिजिटल अरेस्टिंग, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड आदि से बचाव के उपायों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। साथ ही सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए गए। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को बताया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या व्यक्ति पर तुरंत विश्वास न करें व अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें। आपातकालीन सहायता के लिए डायल 112, साइबर अपराध से संबंधित शिकायत को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और मानव तस्करी व महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया। यहां अपर उप निरीक्षक बीना दोसाद, महिला कांस्टेबल अनीता टम्टा, महिला होमगार्ड आकांक्षा तिलारा आदि मौजूद रहे।



ग्रामीणों को महिला सुरक्षा व नये कानूनों की जानकारी देते पुलिस कर्मी।

# डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

संवाददाता, अल्मोड़ा

- अल्मोड़ा के लोधिया के पास हुए हादसे में की गई कार्रवाई
- डंपर ने ट्रक सहित वन विभाग के वाहन को भी मारी थी टक्कर

**अमृत विचार:** नगर के लोधिया के पास हुए हादसे का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाइवे पर लोधिया के पास अनियंत्रित डंपर की टक्कर से वाहनों के क्षतिग्रस्त होने का वीडियो वायरल हुआ था। अब मामले को लेकर ट्रक चालक गणाईगंगोली पिथौरागढ़ निवासी सूजर सिंह ने अल्मोड़ा कोतवाली में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह शुक्रवार रात वह किच्छा से ट्रक में कोल्ड ड्रिंक लेकर गणाई की ओर जा रहा था। इसी दौरान रात नौ बजे विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित डपंर ने ट्रक को टक्कर मार दी। इससे उनका ट्रक 25 मीटर खाई की ओर लुड़क गया। हादसे में वह और उनका हेल्पर 20 मिनट तक ट्रक में ही फंसे रहे। बाद में स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकालकर बचाया। घटना में गंभीर रूप से चोटिल उन्हें और हेल्पर को बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कहना था कि डंपर चालक की लापरवाही से हादसा हुआ, जिसमें उनका ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया तथा कोल्ड ड्रिंक का भी नुकसान हुआ। इधर, कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि आरोपी डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पूर्व प्रमुख ने दी अनशन की धमकी

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** क्षेत्र में इन दिनों गैस आपूर्ति बाधित होने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग सुबह से ही खाली सिलेंडर लेकर गैस एजेंसी पहुंच रहे हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख हीरा रावत ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द गैस आपूर्ति व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो वह अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे। उन्होंने बताया कि पिछले करीब 20 दिनों से रानीखेत क्षेत्र में गैस की भारी किल्लत बनी हुई है, जिससे आम जनता की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। हीरा रावत ने कहा कि ईरान में चल रहे युद्ध के कारण उत्पन्न गैस संकट से रानीखेत शहर भी प्रभावित हुआ है। पहले से ही व्यापार में गिरावट झेल रहे व्यापारियों पर इस संकट ने दोहरी मार डाली है। उन्होंने मांग की कि व्यापारियों को नियमित रूप से गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने बिजली विभाग से बकाया राशि के चलते किसी भी उपभोक्ता की बिजली आपूर्ति न काटने की मांग की। वहीं छावनी परिषद से टैक्स और जलकर बिलों में राहत देने तथा व्यापारियों को भुगतान के लिए अतिरिक्त समय देने की भी अपील की। हीरा रावत ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जनता और व्यापारियों की समस्याओं की अनदेखी की तो उन्हें जनहित में अनशन करने को बाध्य होना पड़ेगा। व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष यतीश रौतेला, व्यापारी नेता भुवन पांडे और व्यापार मंडल संयोजक संदीप पाठक सहित विभिन्न संगठनों ने इस आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की है।



रानीखेत में गैस ऑफिस कार्यालय पर कतार में खड़े लोग। ● अमृत विचार

**20** दिनों से गैस संकट, व्यापारियों व आम जनता में बढ़ा आक्रोश



आप के प्रदेश सह प्रभारी का स्वागत करते पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक जोशी। ● अमृत विचार

## 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता : सच्चिदानंद गौड़

**बनबसा :** आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी सच्चिदानंद गौड़ ने कार्यकर्ताओं से 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। एक दिवसीय दौरे पर बनबसा पहुंचे सच्चिदानंद गौड़ का प्रदेश समन्वयक व पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक जोशी ने स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सच्चिदानंद गौड़ ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले चार वर्षों में आम जनता को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी उत्तराखंड की सभी विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक जोशी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड का हो गठन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिले के पूर्व पैरामिलिट्री कल्याण संगठन की सोमवार को त्रिमासिक बैठक हुई। बैठक में सदस्यों ने समस्याओं का निदान नहीं होने पर रोष जताया। अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड के गठन समेत अन्य समस्याओं के निदान की मांग उठाई।

सोमवार को जिला सहकारी बैंक सभागार में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने कहा कि उत्तराखंड एक सैनिक और अर्ध सैनिक बाहुल्य राज्य है। इसके बावजूद सरकार ने अब तक अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड का गठन नहीं किया है। सेवानिवृत्त पैरामिलिट्री फोर्स के लोगों के लिए कोई मेडिकल सुविधा भी नहीं है। हल्द्वानी में सीजीएचएस की डिस्पेंसरी खोलने का आदेश हुआ था, लेकिन अब तक वह धरातल पर नहीं उतरी।



अल्मोड़ा में पूर्व पैरामिलिट्री कल्याण संगठन की बैठक में मंचासीन पदाधिकारी।

- अल्मोड़ा में पूर्व पैरामिलिट्री कल्याण संगठन की त्रिमासिक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

पूर्व सैनिकों ने अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड का गठन करने, सेवानिवृत्त पैरामिलिट्री फोर्स के लिए मेडिकल सुविधा देने, डिस्पेंसरी खोलने, पैरामिलिट्री के लिए अलग से मंत्रालय खोलने समेत आदि की मांग उठाई। यहां बैठक में मनोहर सिंह, रूप सिंह बिष्ट, जगत सिंह, दीवान सिंह, अल्का पंत, केएस रावत, गिरीश मैलानी, हरीश सिंह, जगदीश चंद्र आर्या, रमेश नेगी, हीरा सिंह अधिकारी, खीम सिंह अधिकारी, शंकर सिंह बिष्ट, नारायण सिंह, किशन सिंह, जय प्रकाश, महिपाल सिंह, रमेश राम, मदन मोहन समेत जिलेभर से अर्ध सैनिक बल के पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## पूर्णागिरि से लौट रहे श्रद्धालु की हुई मौत

**टनकपुर :** मां पूर्णागिरि के दर्शन कर लौट रहे एक श्रद्धालु की अचानक तबीयत बिगड़ गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्वजन में कोहराम मच गया।

उत्तर प्रदेश के सराई गईया, शाहाजहांपुर निवासी 30 वर्षीय निखिल गुप्ता पुत्र अभिषेक गुप्ता अपने साथी धीरज के साथ रविवार को पूर्णागिरि धाम पहुंचे थे। सोमवार सुबह दोनों ने देवी दर्शन किए। दर्शन के बाद वापस भैरव मंदिर लौट रहे थे, तभी काली मंदिर से कुछ दूरी पर निखिल की अचानक तबीयत बिगड़ गई। धाम के स्वास्थ्य कैंप में प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें टनकपुर उप जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पूर्व उनकी मौत हो गई।




पुलिस हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

## जिलेटिन की 104 छड़ों के साथ एक गिरफ्तार

**बागेश्वर :** बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 104 जिलेटिन की छड़ें बरामद की हैं। बरामद विस्फोटक सामग्री को पुलिस ने सुरक्षित स्थान पर रख दिया है। आरोपी ने मोटर मार्ग निर्माण के दौरान बची सामग्री को अपने पास रख लिया था। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जिले में सत्यापन और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान कपकोट थाने के अंतर्गत शामा चौकी प्रभारी सुमित कुमार ने लीती निवासी पान सिंह पुत्र उमेद सिंह की दुकान से 104 जिलेटिन की छड़ें बरामद कीं। पूछताछ में पान सिंह ने बताया कि वर्ष 2010-2012 में लीती मोटर मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा था। उस दौरान ठेकेदार का गोदाम श्याम सिंह कोरंगा के मकान में था। निर्माण कार्य के बाद बची जिलेटिन की छड़ें वहीं रह गईं, जिन्हें बाद में उसने अपने पास रख लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# शिविर में भाजपा की मजबूती पर जोर

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया।

शिविर का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, नगर अध्यक्ष विवेक तिवारी, विधायक पार्वती दास, मथुरा प्रसाद, नपा अध्यक्ष सुरेश खेतवाल तथा नगर प्रभारी सविता नगरकोटी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार आधारित संगठन है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात करने का आह्वान किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया।

जिला प्रभारी कुंदन लटवाल ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। सह प्रभारी बसंत जोशी ने टीम भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। जिला अध्यक्ष प्रभा गढ़िया ने महिला कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। जिला महामंत्री संजय परिहार ने संगठन विस्तार पर चर्चा की। इस अवसर पर दीपा आर्य, उमा बिष्ट, लीलाधर पांडा, डॉ. हर्ष कुमार मेहरा, सरस्वती बिष्ट, प्रवीण दफौटी, महेश खेतवाल और रमेश तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री एवं प्रशिक्षण संयोजक पंकज सिंह मेहता ने किया।



बागेश्वर में प्रशिक्षण में उपस्थित भाजपाई।

# टनकपुर स्टेडियम ने सिटी कॉन्वेंट खटीमा को हराया

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** खेलो इंडिया अस्मिता सिटी वॉलीबॉल लीग 2025-26 का दो दिवसीय आयोजन टनकपुर में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ 29 मार्च को टनकपुर कोतवाल चेतन सिंह रावत ने किया। प्रतियोगिता में जनपद की कुल 14 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टनकपुर स्टेडियम और सिटी कॉन्वेंट खटीमा की टीमें फाइनल में पहुंचीं। रोमांचक फाइनल मुकाबले में टनकपुर स्टेडियम की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सिटी कॉन्वेंट खटीमा को 25-22, 25-12 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी एवं पूर्णागिरि मेला मजिस्ट्रेट डॉ. ललित मोहन तिवारी रहे। इस अवसर पर प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट, वॉलीबॉल एसोसिएशन चम्पावत के अध्यक्ष अवतार सिंह तथा सचिव चंदन सिंह मेवाड़ी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. डीके सिंह, बॉक्सिंग कोच ललित कुंवर, शारीरिक शिक्षिका कल्पना आर्य, वरिष्ठ खिलाड़ी उमेश पाण्डे, जगदेव सिंह, अमन जोशी, साक्षी सिंह रहे।

# शिविर में 7378 मरीजों की जांच

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार:** सीमांत सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित पूर्णागिरि निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 7378 मरीजों की जांच की गई। 19 मार्च से 29 मार्च 2026 तक आयोजित 11 दिवसीय शिविर में श्रद्धालुओं, स्थानीय निवासियों और नेपाल से आए नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

शिविर के दौरान 7378 मरीजों का उपचार किया गया। साथ ही 1021 लैब और शुगर परीक्षण, 3010 रक्तचाप जांच तथा 22 मरीजों का ईसीजी किया गया। इसके अलावा 107 ड्रेसिंग, 54 टीटी इंजेक्शन, 44 डाइक्लोफेनाक इंजेक्शन, 15 ओन्डिरोन इंजेक्शन, 8 पेरिनॉर्म तथा 4 पीसीएम इंजेक्शन लगाए गए। आपातकालीन सेवाओं के तहत 7 मरीजों को आईवी फ्लूड और 2 मरीजों को नेब्युलाइजर सुविधा दी गई। नेत्र सेवा शिविर की विशेष उपलब्धि रही, जिसमें 3000 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई और 1540 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। शिविर संयोजक ललित सिंह कुंवर ने राममूर्ति मेडिकल कॉलेज बरेली, आरती ड्रग्स लिमिटेड, माइक्रो लैब्स लिमिटेड, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग चम्पावत का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। शिविर में पीयूष थपलियाल, चंदन बिष्ट, राहुल कश्यप, विक्रम बोरा, वंश मिश्रा, भुवन उपाध्याय, सृष्टि, मनोज कश्यप और लक्ष्मी कश्यप रहे।



शिविर में महिला की आंखों की जांच करता चिकित्सक।

# अमृत विचार

मंगलवार, 31 मार्च 2026




लोकतंत्र अच्छा है। मैं ऐसा इसलिए कहता हूं, क्योंकि अन्य प्रणालियां इससे बदतर हैं।
-जवाहर लाल नेहरू, पूर्व प्रधानमंत्री



## घर में घिरे ट्रंप

अमेरिकी जनता में उभरता व्यापक जन-असंतोष मात्र सत्ता से नीतिगत मतभेद ही नहीं, बल्कि शासन-शैली और संस्थागत संतुलन पर गहरे सवालों का संकेत है। अमेरिका में 'नो किंग्स मूवमेंट' के तहत डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के विरुद्ध जिस प्रकार देशव्यापी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं, वे इस बात का प्रमाण हैं कि लोकतांत्रिक समाजों में जनता केवल मतदाता नहीं, बल्कि सतत निगरानी करने वाली शक्ति भी है। इन प्रदर्शनों का दायरा केवल युद्ध नीतियों तक सीमित नहीं। संघीय इमिग्रेशन कानूनों की कठोरता, बढ़ती महंगाई और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर जनता की मुखरता ने ट्रंप के लिए नया मोर्चा खोल दिया है।

अमेरिकी जनता के एक वर्ग में यह धारणा मजबूत हुई है कि सत्ता का केंद्रीकरण बढ़ रहा है और कार्यपालिका, विशेषकर राष्ट्रपति, अपनी शक्तियों का विस्तार असाधारण रूप से कर रहे हैं। ट्रंप द्वारा एग्जीक्यूटिव ऑर्डर का व्यापक उपयोग, राज्यों की आपत्तियों के बावजूद नेशनल गार्ड की तैनाती और कथित राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ जांच या मुकदमे चलाने के संकेत, इन सबने इस असंतोष को हवा दी है। आलोचकों का आरोप है कि यह प्रवृत्ति अमेरिकी लोकतंत्र की संस्थागत परंपराओं के विपरीत है। ट्रंप स्वयं को 'राजा न होने और 'राष्ट्रहित में निर्णायक नेतृत्व' देने की बात भले ही कहते रहें, पर लोकतंत्र में केवल दावों से नहीं, बल्कि संस्थागत आचरण से विश्वास बनता है। व्हाइट हाउस द्वारा इन विरोध प्रदर्शनों को 'ट्रंप डिरेंजमेंट थेरेपी' कहकर खारिज करना भी चिंताजनक है। यह न केवल असहमति का सामान्यीकरण है, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करने वाला दृष्टिकोण भी है। इतिहास बताता है कि जनमत को नज़रअंदाज़ करने की कीमत राजनीतिक रूप से चुकानी पड़ती है, विशेषकर तब, जब मिडटर्म चुनाव नजदीक हों। यदि ये प्रदर्शन व्यापक और लगातार बने रहते हैं, तो ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग पर नकारात्मक असर पड़ना तय है और इससे चुनावी परिणाम भी प्रभावित हो सकते हैं। तमाम शहरों में जनता का सड़कों पर उतरना यह दर्शाता है कि युद्ध की कीमत समाज को भी चुकानी पड़ती है। लंदन सहित यूरोप के अन्य हिस्सों में भी अमेरिका-इजराइल की नीतियों के खिलाफ आवाज उठ रही है, जो वैश्विक जनमत के बदलते स्वरूप का संकेत है। ये विरोध युद्ध को प्रत्यक्ष तो नहीं रोक सकते हैं, परंतु वे राजनीतिक नेतृत्व पर दबाव अवश्य बनाते हैं। लोकतंत्रों में जनमत दीर्घकालिक नीति-निर्माण को प्रभावित करता है और यही इन आंदोलनों की वास्तविक शक्ति है। भारत के लिए इसमें महत्वपूर्ण सीख छिपी है। पहली, लोकतंत्र में असहमति को स्थान देना उसकी मजबूती का संकेत है, कमजोरी का नहीं। दूसरी, विदेश नीति में संतुलन न तो अंध समर्थन, न ही अनावश्यक विरोध- पारंपरिक 'रणनीतिक स्वायत्तता' का आधार होना चाहिए। तीसरी, आंतरिक रूप से यह सुनिश्चित करना कि विकास, सुरक्षा और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच संतुलन बना रहे।

अमेरिका में उठती ये आवाजें हमें याद दिलाती हैं कि लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, जवाबदेही और जनविश्वास से संचालित होता है। भारत को इस वैश्विक परिघटना से सीखते हुए अपने पहले ही सुदृढ़ लोकतांत्रिक मूल्यों को और प्रबलित करना चाहिए।

### प्रसंगवश

## भगवान महावीर: सत्य, तप व संयम की शाश्वत संहिता

प्रतिवर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जाता है। महावीर जयंती इस वर्ष 31 मार्च को मनाई जा रही है। भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडलपुर के राजघराने में हुआ था। भगवान महावीर ने जीवन पर्यन्त अपने अमृत वचनों से समस्त मानव जाति को ऐसी अनुपम सौगात दी, जिन पर अमल करके मानव चाहे तो इस धरती को स्वर्ग बना सकता है। 'अहिंसा परमो धर्मः' सिद्धांत के लिए जाने जाते रहे, भगवान महावीर का अहिंसा दर्शन आज के समय में सर्वाधिक प्रासंगिक और जरूरी प्रतीत होता है, क्योंकि वर्तमान समय में मानव अपने स्वार्थ के वशीभूत कोई भी अनुचित कार्य करने और अपने फायदे के लिए हिंसा के लिए भी तत्पर दिखाई देता है।




श्वेता गोयल
शिक्षिका


महावीर का जन्म होते ही उनके पिता राजा सिद्धार्थ के राज्य, मान-प्रतिष्ठा और धन-धान्य में वृद्धि होने लगी थी, इसीलिए उनका नाम वर्धमान रखा गया था और चूंकि वर्धमान बचपन से ही बड़े साहसी व निर्भीक थे, इसीलिए उनके पराक्रम के कारण आगे चलकर वे महावीर के नाम से प्रसिद्ध हुए। आज के परिवेश में हम जिस प्रकार की समस्याओं और जटिल परिस्थितियों में घिरे हैं, उन सभी का समाधान महावीर के सिद्धांतों और दर्शन में समाहित है।

भगवान महावीर कहा करते थे कि जिस जन्म में कोई भी जीव जैसा कर्म करेगा, भविष्य में उसे वैसा ही फल मिलेगा। वह कर्मानुसार ही देव, मनुष्य, नर्क व पशु-पक्षी की योनि में भ्रमण करेगा। कर्म स्वयं प्रेरित होकर आत्मा को नहीं लगते, बल्कि आत्मा कर्मों को आकृष्ट करती है। वह कहते थे कि रूग्णजनों की सेवा-सुश्रुषा करने का कार्य प्रभु की परिचर्या से भी बढ़कर है। अपने जीवनकाल में उन्होंने ऐसे अनेक उपदेश और अमृत वचन दिए, जिन्हें अपने जीवन तथा आचरण में अमल में लाकर हम अपने मानव जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

भगवान महावीर का कहना था कि जो मनुष्य स्वयं प्राणियों की हिंसा करता है, या दूसरों से हिंसा करवाता है अथवा हिंसा करने वालों का समर्थन करता है, वह जगत में अपने लिए बैर बढ़ाता है। उनका कहना था कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, अतः हिंसा को त्यागिए और 'जीओ व जीने दो' का सिद्धांत अपनाइए। वे कहते थे कि संसार में प्रत्येक जीव अवध्य है, अतः आवश्यक बताकर की जाने वाली हिंसा भी हिंसा ही है और वह जीवन की कमजोरी है।

उनके अनुसार छोटे-बड़े किसी भी प्राणी की हिंसा न करना, बिना दी गई वस्तु स्वयं न लेना, विश्वासघाती असत्य न बोलना, यह आत्मा निग्रह सद्पुरुषों का धर्म है। जो लोग कष्ट में धैर्य को स्थिर नहीं रख पाते, वे अहिंसा की साधना नहीं कर सकते। अहिंसक व्यक्ति तो अपने से शत्रुता रखने वालों को भी अपना प्रिय मानता है। उनका कहना था कि संसार में रहने वाले चल और स्थावर जीवों पर मन, वचन एवं शरीर से किसी भी तरह के दंड का प्रयोग नहीं करना चाहिए। भगवान महावीर के अनुसार किसी भी प्राणी की हिंसा न करना ही ज्ञानी होने का एकमात्र सार है और यही अहिंसा का विज्ञान है। जिस प्रकार अणु से छोटी कोई वस्तु नहीं और आकाश से बड़ा कोई पदार्थ नहीं, उसी प्रकार अहिंसा के समान संसार में कोई महान् व्रत नहीं। महावीर के शब्दों में कहें तो ज्ञानी होने का यही एक सार है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे और यही अहिंसा का विज्ञान है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# 'नो किंग्स' से गूंजा लोकतंत्र का वैश्विक संदेश







राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार


अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ उभरता जनाक्रोश अब केवल राजनीतिक असहमति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों, संस्थागत संतुलन और नागरिक चेतना की व्यापक अभिव्यक्ति बन चुका है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका के लगभग 50 शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए, वहीं यूरोप और ऑस्ट्रेलिया सहित 12 देशों में भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज बुलंद की। 3300 से अधिक स्थानों पर विरोध और 80 से अधिक विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन इस बात का प्रमाण हैं कि यह आंदोलन अब वैश्विक स्वरूप ग्रहण कर चुका है।

इस व्यापक विरोध के केंद्र में केवल ट्रंप की नीतियां ही नहीं, बल्कि सत्ता के केंद्रीकरण के प्रति बढ़ती चिंता भी है। इसी संदर्भ में नो किंग्स प्रोटेस्ट का उभार विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह आंदोलन इस विचार के खिलाफ है कि कोई भी नेता लोकतांत्रिक ढांचे में निरंकुश या राजा की तरह व्यवहार करे। नो किंग्स का संदेश स्पष्ट है, लोकतंत्र में सर्वोच्च सत्ता जनता के पास होती है, न कि किसी एक व्यक्ति के हाथों में।

ट्रंप के कार्यकाल के दौरान अपनाई गई नीतियों, जैसे- सख्त आव्रजन नीति, नस्लीय मुद्दों पर विवादित टिप्पणियां और मीडिया व न्यायपालिका के साथ टकराव ने अमेरिकी समाज को गहरे स्तर पर विभाजित किया। उनके समर्थक, जहां उन्हें एक मजबूत राष्ट्रवादी नेता के रूप में देखते हैं, वहीं आलोचक उन्हें लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए खतरा मानते हैं। यही विभाजन आज सड़कों पर दिखाई दे रहा है। नॉट माई प्रेसिडेंट और नो किंग्स जैसे नारों का उभार यह दर्शाता है कि एक बड़ा वर्ग सत्ता के प्रति असहमति को खुलकर व्यक्त कर रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए एक दोधारी तलवार की तरह है। एक ओर यह असहमति की स्वतंत्रता को दर्शाती है, वहीं दूसरी ओर यह प्रतिनिधित्व के संकट की ओर भी संकेत करती है। जब नागरिक अपने ही निर्वाचित नेता को स्वीकार करने से इंकार करते हैं, तो यह राजनीतिक व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन जाता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र की आत्मा होते हैं। अमेरिका का इतिहास नागरिक अधिकार आंदोलनों, युद्ध विरोधी अभियानों और सामाजिक न्याय के संघर्षों से भरा रहा है। नो किंग्स आंदोलन उसी परंपरा का आधुनिक संस्करण है, जो यह सुनिश्चित करना चाहता है कि सत्ता का दुरुपयोग न हो और लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत बनी रहें। इस आंदोलन में युवाओं और शिक्षित वर्ग की भागीदारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय परिसरों में हुए प्रदर्शन यह दर्शाते हैं कि नई पीढ़ी राजनीतिक रूप से जागरूक है और वह सत्ता से जवाबदेही की मांग कर रही है। डिजिटल युग ने इस आंदोलन को और गति दी है। सोशल मीडिया के माध्यम से विचारों का तेजी से प्रसार हो रहा है, जिससे आंदोलन की पहुंच और प्रभाव दोनों बढ़े हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इस विरोध के गहरे निहितार्थ हैं। अमेरिका को लंबे समय से लोकतंत्र का आदर्श माना जाता रहा है, ऐसे में वहां इस तरह के व्यापक विरोध-प्रदर्शन यह संकेत देते हैं कि लोकतंत्र एक सतत् प्रक्रिया है, जिसमें निरंतर सुधार की आवश्यकता होती है।

> अमेरिका के दर्जनों शहरों में 'नो किंग्स' आंदोलन हो रहे हैं। यह भारत सहित पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण संदेश है कि सत्ता चाहे जितनी मजबूत क्यों न हो, उसकी वैधता जनता की स्वीकृति पर ही निर्भर करती है।

अब यदि इस पूरे घटनाक्रम को भारत के संदर्भ में देखा जाए, तो कई महत्वपूर्ण समानताएं और सीख सामने आती हैं। भारत भी एक विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र है, जहां समय-समय पर नागरिक अपनी असहमति व्यक्त करते रहे हैं। चाहे वह नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन हों, किसान आंदोलन हो, या अन्य सामाजिक राजनीतिक मुद्दे, भारतीय समाज ने भी लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपनी आवाज उठाई है।

भारत में भी अक्सर यह बहस होती है कि क्या सत्ता का केंद्रीकरण लोकतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में अमेरिका का नो किंग्स आंदोलन भारतीय संदर्भ में एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि लोकतंत्र में संस्थाओं की स्वतंत्रता, मीडिया की निष्पक्षता और न्यायपालिका की स्वायत्तता अत्यंत आवश्यक है। यदि ये संतुलन बिगड़ता है, तो नागरिकों का असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है।

भारत और अमेरिका की परिस्थितियां पूरी तरह समान नहीं हैं। भारत की सामाजिक संरचना, राजनीतिक इतिहास और सांस्कृतिक विविधता अलग है। फिर भी, दोनों देशों में एक समान तत्व यह है कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। जब जनता जागरूक होती है और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहती है, तभी लोकतंत्र जीवंत बना रहता है। यह भी उल्लेखनीय है कि किसी भी विरोध-प्रदर्शन की सफलता उसकी प्रकृति पर निर्भर करती है। अमेरिका में हुए अधिकांश प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि नागरिक अपने अधिकारों का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं। भारत के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण सीख है कि लोकतांत्रिक आंदोलनों को शांतिपूर्ण और रचनात्मक बनाए रखना आवश्यक है, ताकि वे व्यापक समर्थन प्राप्त कर सकें और सकारात्मक बदलाव ला सकें।

ट्रंप के खिलाफ यह आक्रोश केवल एक व्यक्ति के विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस विचारधारा के खिलाफ है, जो लोकतंत्र को कमजोर कर सकती है। नो किंग्स आंदोलन इस बात का प्रतीक है कि नागरिक किसी भी प्रकार के निरंकुश व्यवहार को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत सहित पूरी दुनिया के लिए यह एक महत्वपूर्ण संदेश है कि सत्ता चाहे जितनी मजबूत क्यों न हो, उसकी वैधता जनता की स्वीकृति पर ही निर्भर करती है। जब नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हैं और आवश्यकता पड़ने पर सड़कों पर उतरते हैं, तभी लोकतंत्र जीवंत और प्रभावी बना रहता है। यही इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा निष्कर्ष है।

### आमने सामने



ममता दीदी हमेशा पीड़ित होने का नाटक करके राजनीति खेलती हैं। कभी उनका पैर टूट जाता है, कभी वो सिर पर पट्टी बांधे नजर आती हैं। कभी-कभी वह बीमार पड़ जाती हैं और अब वह (चुनाव) आयोग के सामने खुद को असहाय बता रही हैं और उसकी झूठी आलोचना कर रही हैं।
-अमित शाह
केंद्रीय गृहमंत्री

वे कहते हैं कि मैं चुनाव के समय पट्टी बांधकर घूमती हूं। मैं कई बार मौत के मुंह से वापस लौटी हूं। जाकर डॉक्टर की रिपोर्ट देखिए। क्या आपने साल 2021 के चुनाव में जानबूझकर मेरे पैर को चोट पहुंचाई थी? मैंने व्हीलचेयर पर बैठकर प्रचार किया।
-ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल



# उत्तर भारत की जल सुरक्षा पर मंडराता संकट




पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार


कश्मीर की वादियों में मार्च का महीना आमतौर पर बर्फ के पिघलने और नदियों के उफनते वेग का प्रतीक होता है, लेकिन साल 2026 के मार्च का पहला सप्ताह एक ऐसी खामोशी लेकर आया है, जिसने पर्यावरणविदों और नीति-निर्धारकों की नींद उड़ा दी है। झेलम नदी, जो सदियों से सभ्यता और संस्कृति की संवाहिका रही है, उसका प्रवाह अचानक थम सा गया है। श्रीनगर के बीचों-बीच सूखी गाद और उभरते पत्थरों का दृश्य केवल एक स्थानीय भौगोलिक परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह समूचे उत्तर भारत की जल व्यवस्था के लिए एक खतरे की घंटी है। इस संकट की जड़ें जितनी गहरी हैं, इसके परिणाम उतने ही व्यापक और विनाशकारी हो सकते हैं।

झेलम का उद्गम कश्मीर घाटी के ऊपरी हिस्से में स्थित बेरीनाग से है और यह लीदर घाटी की बर्फ से जल धारा प्राप्त करती है। वूलर झील में मिलने के पूर्व श्रीनगर के बाद इसमें सिंधु नदी मिलती है। बारामूला के नीचे झेलम कश्मीर घाटी को छोड़कर तेज गति से आगे बढ़ती है और गहरी घाटी बनाती हुई पश्चिम की ओर होती हुई मुजफ्फराबाद पहुंचती है, जहां दाईं ओर से आकर किशनगंगा मिलती है। इसके बाद नदी दक्षिण की ओर कश्मीर और पाकिस्तान की सीमा-रेखा बनाती हुई बहती है और झेलम शहर के उत्तर-पूर्व में पाकिस्तान में प्रवेश करती है। यहां से 322 किमी आगे बहने के बाद तिरमू के पास यह चेनाब में मिल जाती है। स्पष्ट है झेलम पर दोनों देशों के लाखों लोगों की उम्मीदें रहती हैं- खेत के लिए, पेयजल और बिजली परियोजनाओं के लिए। मार्च के तीसरे हफ्ते में कुछ बरसात और बर्फबारी हुई है, लेकिन नदी के हालात इतने खराब हैं कि यह जल-आवक ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। झेलम सूखने के संकट की जड़ें सर्दियों के दौरान हुई वर्षा और हिमपात की भारी कमी में छिपी हैं। झेलम जैसी नदियां मुख्य रूप से बर्फ के पिघलने पर निर्भर करती हैं और जब पहाड़ों का 'वाटर बैंक' ही खाली हो, तो मैदानों में प्रवाह की उम्मीद बेमानी हो जाती है, लेकिन संकट केवल नदी के सूखने तक सीमित नहीं है; इसका भयावह असर कश्मीर की पहचान मानी जाने वाली डल झील पर भी दिखने लगा है। झेलम में कम होते प्रवाह और पानी की गति थमने के कारण डल झील के बड़े हिस्से अचानक गहरे हरे रंग में तब्दील हो गए हैं। स्थानीय निवासी, जो दशकों से इस झील के किनारे रह रहे हैं, बताते हैं कि उन्होंने अपने जीवन में डल का ऐसा रूप पहले कभी नहीं देखा। विशेषज्ञों के अनुसार, जब नदी का इनफ्लो (आवक) कम हो जाता है और पानी स्थिर रहने लगता है, तो पोषक तत्वों (न्यूट्रिएंट्स) का जमाव बढ़ जाता है, जिससे पानी की सतह पर इस तरह के बदलाव दिखाई देते हैं।

> झेलम नदी के हालात इतने खराब हैं कि यह जल-आवक ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। इसके सूखने के संकट की जड़ें सर्दियों के दौरान हुई वर्षा और हिमपात की भारी कमी में छिपी हैं।

इस सूखे का तात्कालिक कारण सर्दियों के दौरान हिमालयी क्षेत्र में वर्षा और हिमपात की भारी कमी है। कश्मीर की नदियां मुख्य रूप से बर्फ के पिघलने पर निर्भर करती हैं। जब सर्दियों के 'चिल्लई कलां' जैसे कठिन समय में पहाड़ों पर बर्फ की परतें नहीं जमीं, तो बसंत के आगमन पर नदियों को मिलने वाला प्राकृतिक भंडार खाली रह गया। यह 'हिम-ऋण' अब झेलम के सूखे तल के रूप में हमारे सामने है। झेलम का सूखना केवल पानी की कमी नहीं, बल्कि एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के चरमराने का संकेत है। इसका सबसे पहला और सीधा प्रहार कृषि और खाद्य सुरक्षा पर पड़ेगा। झेलम घाटी के धान के खेत और दक्षिण कश्मीर के विश्व प्रसिद्ध फलों के बागान इसी नदी के जल पर आश्रित हैं। मार्च और अप्रैल का समय बुवाई और सिंचाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि इस समय जल का प्रवाह न्यूनतम रहा, तो इसका असर न केवल उत्पादन पर पड़ेगा, बल्कि भविष्य की फसल सुरक्षा भी अनिश्चित हो जाएगी। कृषि के बाद, ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा संकट हमारे सामने खड़ा है। भारत की कई महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाएं झेलम के बहाव पर टिकी हैं। नदी का स्तर गिरने से बिजली उत्पादन ठप हो सकता है, जिससे पूरे उत्तरी ग्रिड पर दबाव बढ़ेगा और हमें वैकल्पिक, प्रदूषित ऊर्जा स्रोतों की ओर मुड़ने को मजबूर होना पड़ेगा। जल कूटनीति के नजरिए से भी यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। सिंधु जल संधि के प्रावधानों के तहत झेलम के पानी का एक बड़ा हिस्सा सीमा पार जाता है, जबकि भारत के पास इसके सीमित उपयोग के अधिकार हैं। जब प्रकृति की ओर से ही पानी की आवक कम होगी, तो दोनों देशों के बीच संसाधनों के बंटवारे को लेकर तनाव बढ़ना लाजिमी है। ऐसी स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ सकती हैं, जो क्षेत्रीय स्थिरता के लिए नई चुनौतियां पेश करेंगी। शहरी जल जीवन और जैव विविधता पर पड़ने वाले प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। झेलम का धीमा पड़ता वेग वुलर और डल जैसी विशाल झीलों और आर्द्रभूमियों के अस्तित्व को संकट में डाल रहा है। प्रवासी पक्षियों के आवास और जलीय जीवों का विनाश इस त्रासदी का वह मौन अध्याय है, जिसे अक्सर विकास की फाइलों में जगह नहीं मिलती। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## पुरुष का मन

पुरुष के भीतर एक ऐसी जगह होती है, जहां वह खुद भी आसानी से नहीं पहुंच पाता। बाहर की दुनिया में वह चलता-फिरता, बोलता-बतियाता, फैसले लेता हुआ दिखाई देता है, लेकिन भीतर कहीं एक शांत, गोल-सी जगह होती है, जहां उसके अपने नियम चलते हैं। उस जगह में प्रवेश करना ऐसा होता है, जैसे किसी बंद कमरे में कदम रखना, जहां हर हरकत का अपना अर्थ होता है।




आरके आंद रश
कारोबारी


पुरुष का मन अक्सर बाहर से कठोर दिखता है, लेकिन भीतर वह एक अनुशासन चाहता है। यह अनुशासन किसी डर से नहीं बनता, बल्कि इसलिए बनता है कि भीतर की शांति टूट न जाए। जब आदमी अपने भीतर उतरता है, तो उसे महसूस होता है कि वहां हर दिशा, हर कदम का महत्व है। अगर वह जल्दी-जल्दी भागेगा, अगर वह बिना सोचे किसी भी भावना के बीच से गुज़र जाएगा, तो भीतर की व्यवस्था बिगड़ जाती है।

मन के भीतर भी एक 'आग' होती है। यह आग क्रोध की नहीं होती, बल्कि चेतना की होती है। यही वह जगह है, जहां आदमी अपनी बात खुद से कहता है, जहां उसके संदेह, पछतावे, उम्मीदें और प्रार्थनाएं एक साथ बैठती हैं। इस आग के साथ एक रिश्ता बनाना पड़ता है। अगर आदमी इसे अनदेखा करता है, अगर वह इसमें हर तरह का कचरा छोटी-छोटी शिकायतें, दूसरों की नकल, या बेकार की तुलना डालने लगता है, तो धीरे-धीरे यह आग धुंधली पड़ जाती है।

बहुत से पुरुष बाहर की दुनिया में तो मजबूत दिखते हैं, लेकिन जब वे अपने भीतर बैठते हैं तो उन्हें एहसास होता है कि बैठना भी एक अभ्यास है। शरीर की तरह मन को भी एक मुद्रा चाहिए। जब आदमी थोड़ी देर शांत बैठता है, अपनी पीठ सीधी रखता है, अपने विचारों को भागने नहीं देता, तभी भीतर की आवाज़ धीरे-धीरे साफ़ सुनाई देने लगती है। अगर वह बेचैन होकर हर पल उठने-बैठने लगे, तो वह आवाज़ खो जाती है।

पुरुष का मन एक बंद जगह की तरह भी होता है। उसमें हर कोई, हर विचार, हर भावना बिना इजाज़त नहीं आ सकती, लेकिन अक्सर पुरुष खुद ही इस नियम को भूल जाता है। वह हर आलोचना को भीतर आने देता है, हर तुलना को जगह दे देता है, हर डर को अपने कमरे में बैठा लेता है। धीरे-धीरे उसका मन भीड़ से भर जाता है। फिर उसे समझ नहीं आता कि उसकी अपनी आवाज़ कौन-सी है। -फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## बराबरी है तो जमीन पर भी नजर आनी चाहिए

भारत का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान रखता है। यह केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, अधिकारों और सपनों का प्रतिबिंब है। संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का वादा किया है, लेकिन यह सवाल आज भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या यह वादा वास्तव में हर नागरिक तक समान रूप से पहुंच पाया है? क्या आज भी एक गरीब और एक अमीर व्यक्ति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय की सुविधाएं बराबर हैं? यदि नहीं, तो यह स्वीकार करना होगा कि हमारा लोकतंत्र अभी भी अधूरा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में हाल के वर्षों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। दवाइयों को ब्रांड के बजाय 'साल्ट' के आधार पर उपलब्ध कराने की पहल ने यह साबित किया है कि सही नीति और नीयत के साथ आम जनता को बड़ी राहत दी जा सकती है। सस्ती दवाइयां केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम बनती हैं। यह एक उदाहरण है कि जब सरकार समानता को केंद्र में रखकर काम करती है, तो बदलाव संभव है। यही सोच यदि शिक्षा और न्याय जैसे क्षेत्रों में भी लागू की जाए, तो देश की तस्वीर बदल सकती है।




डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका


शिक्षा आज के समय में केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति का सबसे बड़ा साधन है, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में शिक्षा की व्यवस्था दो भागों में बंटी हुई है। एक ओर महंगे निजी स्कूल और संस्थान हैं, जहां विश्वस्तरीय सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध हैं और दूसरी ओर सरकारी स्कूल हैं, जहां कई जगह बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यह विभाजन केवल संस्थानों का नहीं, बल्कि अवसरों का विभाजन है। एक अमीर परिवार का बच्चा जिस स्तर की शिक्षा प्राप्त करता है, वह एक गरीब परिवार के बच्चे के लिए अक्सर एक सपना बनकर रह जाता है।

ऐसी स्थिति में यह विचार स्वाभाविक रूप से सामने आता है कि क्यों न पूरे देश में एक समान शिक्षा प्रणाली लागू की जाए। एक ऐसा ढांचा, जहां हर कक्षा के लिए एक जैसी किताबें हों, एक जैसा पाठ्यक्रम हो और हर बच्चे को समान अवसर मिले। इससे शिक्षा के स्तर में संतुलन आ सकता है और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी एक समान आधार तैयार हो सकता है। यह व्यवस्था न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगी, बल्कि देश की प्रतिभाओं को भी एक समान मंच प्रदान करेगी। यह भी समझना आवश्यक है कि भारत की विविधता इतनी व्यापक है कि पूरी तरह एकरूप शिक्षा प्रणाली लागू करना सरल नहीं है। अलग-अलग राज्यों की भाषाएं, संस्कृतियां और स्थानीय आवश्यकताएं हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, इसलिए एक 'कॉमन कोर' के साथ-साथ क्षेत्रीय लचीलापन भी जरूरी है, ताकि समानता और विविधता के बीच संतुलन बना रहे।

न्याय व्यवस्था भी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, लेकिन आम नागरिक के लिए न्याय तक पहुंचना आज भी एक कठिन प्रक्रिया है। न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलता और वकीलों की ऊंची फीस- ये सभी मिलकर न्याय को महंगा और दूर बना देते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के लिए न्याय प्राप्त करना कई बार असंभव जैसा हो जाता है। यदि न्याय व्यवस्था को सरल, सुलभ और निःशुल्क बनाया जाए, तो यह लोकतंत्र के वास्तविक अर्थ को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा* 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा।)






# ऋषियों की तपोभूमि चंदौली है प्राचीन काशी

पूर्वी उत्तर प्रदेश की पावन भूमि पर स्थित चंदौली जनपद को सामान्यत: आधुनिक प्रशासनिक इकाई के रूप में देखा जाता है, किंतु इतिहास, पुरातत्व और आध्यात्मिक परंपराओं की दृष्टि से यह क्षेत्र प्राचीन काशी परंपरा का अविभाज्य अंग रहा है। काशी केवल वर्तमान वाराणसी तक सीमित नहीं रही, अपितु प्राचीन काल में इसका सांस्कृतिक-धार्मिक विस्तार चंदौली, मिर्जापुर, सोनभद्र और गाजीपुर तक फैला हुआ था। मां गंगा ने संगम नगरी प्रयागराज के पश्चात विन्ध्य पर्वत को छूते हुए वाराणसी के दक्षिण दिशा से बाबा विश्वनाथ मंदिर वाले भाग काशी को अपनी गोद में लिया, तो तपस्थली वाले भाग प्राचीन काशी चंदौली को भी गाजीपुर के पूर्व ही उत्तर दिशा से काशी के दोनों संपूर्ण भाग को सामान्य रूप से गौरवान्वित किया है। प्राचीन काशी चंदौली के भौगोलिक मानचित्र पर ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के रसूलपुर से वैराठ तक आज भी विद्यमान है। इसकी महत्ता पौराणिक ग्रंथों में विधिवत वर्णित है। यहां ऋषियों की तपोभूमि, शिव-शक्ति उपासना और वैदिक संस्कृति की सशक्त छाप आज भी विद्यमान है। चंदौली का नाम चंद्रसाह नामक बरहौलिया राजपूत के नाम पर बताया जाता है, जिन्होंने यहां एक किला बनवाया था।


गौरीशंकर वैश्य विनम्र
लखनऊ

## नगर की प्राचीनता

यह पूरा जिला काशी राज्य के अधिकार में था। इस जिले से संबंधित अनेक कथाओं के अतिरिक्त यहां प्राचीनकाल की मूल्यवान धरोहरों के प्रमाण पाए गए हैं। ईंट आदि के अवशेष जहां-तहां बिखरे पड़े हैं, अनेक तालाब और कुंड हैं। एक बहुत प्राचीन क्षेत्र बलुआ है, जो सकलडीहा तहसील से 22 किलोमीटर दक्षिण गंगा नदी के तट पर स्थित है। यहां हिंदुओं का एक धार्मिक मेला हर वर्ष माघ महीने में मौनी अमावस्या के दिन लगता है। यह पश्चिम वाहिनी मेला के नाम से जाना जाता है। सकलडीहा तहसील का गांव एक महान अघोरेश्वर संत कीनाराम की जन्मभूमि है। वे वैष्णव धर्म के अनुयायी थे, इनका शिव और शक्ति में गहरा विश्वास था। हेतमपुर गांव एक प्राचीन स्थान है, यहां एक किला है, जिसे 'हेतमपुर किला' कहा जाता है। कहा जाता है कि इसको 14 वीं-15 वीं शताब्दी के बीच राजा टोडरमल के द्वारा निर्मित कराया गया था, जो शेरशाह सूरी के राज्य में निर्माण पर्यवेक्षक थे। मुगलकाल के बाद जागीरदार हेतमखां ने इस पर कब्जा कर लिया। चंदौली के राजदरी, देवदरी, चन्द्रप्रभा क्षेत्र तथा आसपास की पहाड़ियों में शैलचित्र, पत्थर के औजार और गुफाएं मिली हैं। ये प्रमाण बताते हैं कि यहां आदिम मानव निवास करता था और यह क्षेत्र जीवन, साधना और प्रकृति-पूजा का केंद्र था। चंदौली का चौसठी देवी क्षेत्र, चन्द्रप्रभा वन्य क्षेत्र और आसपास के स्थल बौद्ध काल में भी महत्वपूर्ण रहे। समीप स्थित सारनाथ से इसका सीधा सांस्कृतिक संबंध रहा। बौद्ध भिक्षु ध्यान और साधना हेतु इन वनों में निवास करते थे।





## मोक्षदायिनी नगरी

'काश्यां मरणान्मुक्ति:' काशी की यह आध्यात्मिक ऊर्जा केवल एक नगर तक सीमित नहीं थी। चंदौली उस ऊर्जा का वनांचली और तपस्वी स्वरूप रहा। चंदौली क्षेत्र में शिवलिंगों, देवी मंदिरों और शक्ति स्थलों की प्राचीन परंपरा है। यहां की लोक मान्यता के अनुसार भगवान शिव ने काशी क्षेत्र की रक्षा हेतु इन वनों में विचरण किया। चंदौली में स्थित चन्द्रप्रभा नदी और वन क्षेत्र को अत्यंत पवित्र चंद्रप्रभा तीर्थ के माना जाता है। यहां स्थित जलप्रपात और कुंडों को प्राचीन काल में तपस्या और स्नान के लिए श्रेष्ठ माना गया। यह स्थान केवल प्राकृतिक सौंदर्य ही नहीं, अपितु आध्यात्मिक शांति का केंद्र रहा है।

## विश्वामित्र की कर्मस्थली

चंदौली भूभाग पर हजारों वर्षों से अब तक ऋषि-महर्षियों के तप करने का प्रमाण उपलब्ध है। गंगा नदी के तटों से लेकर वाणगंगा और चकिया नौगढ़ के जंगलों तक विस्तृत यह क्षेत्र सभी दृष्टिकोण से सुरक्षित और शांतिप्रिय रहा है, जहां सैकड़ों वर्षों तक एक मुद्रा में बैठे ऋषि-मुनियों ने साधना की। प्राचीन काशी में ही महर्षि याज्ञवल्क्य को चकिया के पठारी तथा जंगली क्षेत्र की शांति खींच लाई थी। जहां उन्होंने एक पैर पर खड़े होकर सैकड़ों वर्ष तपस्या किया। भगवान शंकर से नाराज होकर महर्षि वेदव्यास ने प्राचीन काशी (चंदौली) के साहूपुरी (व्यासनगर) में आए, जहां अपना क्रोध - त्याग किया और वहीं साधना करने लगे। महर्षि विश्वामित्र ने अपनी कर्मस्थली और लीलास्थली नौगढ़ क्षेत्र को बनाया, इसका प्रमाण कर्मनाशा के रूप में विस्तृत है। महाराज दुष्यंत और शकुंतला की प्रेम कहानी इसी भूभाग से जुड़ी है, जहां मगरौर में महाराज भरत के जन्म का प्रमाण मिलता है, इनके नाम पर ही इस देश का नाम भारत पड़ा। विद्वानों का यह भी मानना है कि इस समृद्ध क्षेत्र में कभी है हयवंशी क्षत्रियों के संहार हेतु यमदग्नि-पुत्र परशुराम ने अशांति फैलायी थी, जिसका प्रमाण रायल ताल को माना जाता है।



## लोक आस्थाएं एवं परंपराएं

चंदौली की ग्राम्य संस्कृति में आज भी काशी की परंपराएं जीवित हैं। श्रावण मास की शिव पूजा, कार्तिक स्नान, लोक देवी-देवताओं की आराधना, संस्कारों में वैदिक मंत्रोच्चार यह सब दर्शाता है कि चंदौली केवल भौगोलिक इकाई नहीं, अपितु यहां के लोक जीवन में आध्यात्मिक निरंतरता व्याप्त है। चंदौली की लोक संस्कृति में काशी की छवि स्पष्ट दिखाई देती है। यहां की भोजपुरी-काशी बोली में राम, शिव, गंगा और काशी से जुड़े असंख्य लोकगीत प्रचलित हैं। विवाह, जन्म और पर्वों पर गाए जाने वाले गीतों में काशी को पुण्य स्थल के रूप में स्मरण किया जाता है। यहां के शिवरात्रि मेले, नवरात्र उत्सव, कार्तिक पूर्णिमा आदि आयोजनों में काशी परंपरा की झलक मिलती है।

## वर्तमान स्वरूप

आज का चंदौली जनपद आध्यात्मिक विरासत और आधुनिक विकास के संतुलन का उदाहरण है। वाराणसी से 20 मई, 1997 में अलग होकर चंदौली जनपद बना। यह उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में स्थित है, जो वाराणसी से 30 किलोमीटर दूरी पर है। यह जनपद वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र से घिरा हुआ है, जो इसके ऐतिहासिक-धार्मिक महत्व को और पुष्ट करता है। चंदौली को उत्तर प्रदेश का 'धान का कटोरा' कहा जाता है। उपजाऊ भूमि, नहर प्रणाली, कर्मनाशा और चन्द्रप्रभा के जल से परिपूरित यह क्षेत्र कृषि के साथ-साथ अब औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों की ओर भी बढ़ रहा है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां चन्द्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य, जलप्रपात, ऐतिहासिक स्थल और अनेक धार्मिक स्थल पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र हैं। यदि इनका समुचित विकास किया जाए, तो चंदौली आध्यात्मिक-पर्यटन मानचित्र पर विशेष स्थान प्राप्त कर सकता है। चंदौली और काशी का पुराना अटूट संबंध है। जहां काशी (वाराणसी) ज्ञान, मोक्ष और चेतना का केंद्र रही, वहीं चंदौली उसका वन्य, तपस्वी और प्राकृतिक विस्तार क्षेत्र कहा जा सकता है। चंदौली ने काशी की आत्मा को अपने वनों, नदियों, लोक जीवन और आस्थाओं में सुरक्षित रखा है। आज आवश्यकता है कि इस विरासत को पहचाना जाए, संरक्षित किया जाए और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाए। चंदौली केवल एक जनपद नहीं, अपितु यह प्राचीन काशी की जीवित स्मृति है।

---

पौराणिक कथा

## कर्ण और वृषकेतु

वेदव्यास लिखित महाभारत में कर्ण की कथा अत्यंत मार्मिक और रहस्यमयी रूप में वर्णित मिलती है। विवाह से पूर्व ऋषि दुर्वासा के वरदान के प्रभाव से कुंती को एक पुत्र प्राप्त हुआ, जिसे समाज के भय से उन्होंने नदी में बहा दिया। यह बालक सूर्यपुत्र कर्ण था। नदी की धारा में बहते हुए उस शिशु को सारथी अधिरथ और उनकी पत्नी ने अपनाकर उसका पालन-पोषण किया। आगे चलकर हस्तिनापुर के महाराज धृतराष्ट्र के ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन ने कर्ण की प्रतिभा को पहचानते हुए उसे अपना मित्र बनाया और अंग देश का राजा बनाया। कर्ण के जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यही रही कि न तो वह स्वयं अपने जन्म का सत्य जान पाया और न ही पांडव और कौरव इस रहस्य से परिचित थे कि वह कुंती का ज्येष्ठ पुत्र है। कर्ण की दो पत्नियां थीं-ऋषाली और सुप्रिया। ऋषाली सूत कुल की थीं। उनसे कर्ण को नौ पुत्र प्राप्त हुए। महाभारत युद्ध के दौरान कर्ण के आठ पुत्र- वृषसेन, चित्रसेन, सत्यसेन, सुसेन, शत्रुंजय, प्रसेन, बनसेन और अन्य अर्जुन, भीम तथा सात्यकि जैसे महारथियों के हाथों वीरगति को प्राप्त हुए। केवल सबसे छोटा पुत्र वृषकेतु, जो उस समय अल्पायु था, भीष्म पितामह के आदेश से युद्ध में शामिल नहीं हुआ।


शिवचरण चौहान
लेखक



महाभारत युद्ध के उपरांत कर्ण का अंतिम संस्कार उसके वरदानानुसार श्रीकृष्ण के हाथों संपन्न हुआ। कर्ण की पत्नी ऋषाली पति-वियोग सहन न कर सकीं और सती हो गईं। इधर वृषकेतु ने पिता की मृत्यु का प्रतिशोध लेने का संकल्प लिया, परंतु सम्राट युधिष्ठिर ने सत्य स्वीकार करते हुए कर्ण को अपना बड़ा भाई घोषित किया और वृषकेतु को स्नेहपूर्वक इंद्रप्रस्थ का अधिपति बना दिया। वृषकेतु ने बाद में अर्जुन के साथ कई सैन्य अभियानों में भाग लिया। कुंती द्वारा कर्ण जन्म का रहस्य छिपाए जाने पर धर्मराज युधिष्ठिर ने अपनी माता को श्राप दिया कि भविष्य में कोई भी स्त्री रहस्य नहीं छिपा सकेगी। इसके पश्चात उन्होंने कुंती का त्याग कर दिया। कुंती, धृतराष्ट्र, गांधारी, विदुर और संजय वन को प्रस्थान कर गए। कहा जाता है कि कर्ण को न स्वीकार पाने का पश्चाताप कुंती को जीवनभर व्यथित करता रहा, ऐसे में वृषकेतु ने ही उनका सहारा बनकर सेवा की।

एक दिन जंगल में आग लग गई और आग बहुत तेजी से फैलने लगी। आंखों में पट्टी बांधे गांधारी और धृतराष्ट्र नहीं भाग सके। जंगल की आग में जलने लगे तो उनके साथ कुंती, विदुर और संजय ने साथ नहीं छोड़ा और सभी के सभी जंगल की आग में जलकर मृत्यु को प्राप्त हुए। बाद में जब पांडव हिमालय की ओर प्रस्थान कर गए, तब इंद्रप्रस्थ का शासन वृषकेतु और हस्तिनापुर का राज्य परीक्षित के हाथों में रहा। परीक्षित की मृत्यु तक्षक नाग के दंश से हुई, जिसके पश्चात उनके पुत्र जनमेजय ने नाग यज्ञ का आयोजन किया।

---

# अलखनाथ मंदिर: भाव ही भक्ति



आनंद अखाड़ा के नागा बाबा अलखिया के नाम पर पड़ा अलखनाथ मंदिर नाम किला रोड स्थित 84 बीघे में फैला बेहद प्राचीन है। मुगलों के आक्रमण के समय धर्मरक्षा का केंद्र था यह मंदिर। बताते हैं कि वट वृक्ष के बीचो-बीच शिवलिंग स्वयं प्रकट हुए थे। मुगल शासकों के आक्रमण के समय में मंदिर व धर्म की साख बचाने के लिए आनंद अखाड़ा ने नागा बाबा अलखिया को यहां भेजा था। उन्होंने न सिर्फ मंदिर परिसर मुगल आक्रांताओं से सुरक्षित रखा, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा शुरू कर अलखनाथ मंदिर को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित कर दिया। बाबा अलखिया ने यहां पर रहकर तपस्या की फिर मंदिर की स्थापना भी कराई।

*-फीचर डेस्क*




अलखनाथ मंदिर में वट वृक्ष के बीचो-बीच प्रकट हुए शिवलिंग के दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि यहां पर भक्त जिस भाव से आते हैं भोलेनाथ भी उसकी इच्छा उसी भाव से पूरी करते हैं। अलखिया बाबा के बाद 1008 सूरज गिरि, नागा बाबा दत्त गिरि और कमल गिरि ने मंदिर की गद्दी संभाली फिर देव गिरि महाराज 24 वर्ष तक गद्दी पर विराजमान रहे। धर्म गिरि और इनके बाद बालक गिरि ने 9 वर्ष की आयु में यहां आकर अपना पूरा जीवन लगा दिया। अब उनके शिष्य कालू गिरि महाराज 2016 से मंदिर की व्यवस्था देख रहे हैं। मंदिर परिसर में ही मंदिर की गद्दी संभालने वाले महंतों की समाधियां भी बनी हैं।

पुजारी सलोने श्याम के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में मंदिर का विकास तेजी से हुआ है। वर्ष 2022 में नाथ मंदिरों में शामिल किए जाने के बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था भी दुरुस्त की गई है। मंदिर परिसर में राम-सीता का दरबार, शनि मंदिर, शिव विवाह की झांकी, विष्णु दरबार की झांकियां बनी हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर हनुमान की 51 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। मंदिर परिसर में सावन, शिवरात्रि आदि त्योहारों पर भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मंदिर परिसर में करीब 25 संत-महंत रहते हैं।

### भक्तों के लिए सीधे-सच्चे हैं बाबा अलखनाथ

पिछले 40 साल से मंदिर आने वाली 60 वर्षीय सुमन ने बताया कि बाबा अलखनाथ बहुत सच्चे हैं। जीवन में जो मांगा आज तक सब कुछ मिला है। इस उम्र में भी यहां रोजाना आती हूं। रमेश ने बताया ठेले पर सामान बेचता था, कभी उन्नति नहीं हुई। पांच साल से बाबा के दर्शन के बाद ही काम पर जाता हूं, अब अपनी कमाई से संतुष्ट हूं। बाबा पर पूरा भरोसा है। मंदिर में मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित है। अलखनाथ मंदिर के बाहर मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित लिखा है। हालांकि मंदिर के पुजारी सलोने श्याम के अनुसार ये बोर्ड तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए लगाया गया था। वर्तमान में मंदिर में केवल असामाजिक तत्वों का आना मना है।





---

# किसे कहा जा सकता है गुरु

गुरु मूल रूप से वह शिक्षक नहीं है, जैसा कि हम आमतौर पर इस शब्द का प्रयोग करते हैं-यानी वह व्यक्ति जो अपने मन से ज्ञान को आप तक पहुंचाता है। ज्ञान पुस्तकों में मिल सकता है। अवधारणाएं एक ही दोपहर में समझी जा सकती हैं। गुरु के पास जो ज्ञान है, उसे न तो समझाया जा सकता है, न ही सिखाया जा सकता है। यह केवल संचारित होता है, ठीक वैसे ही जैसे एक लौ बुझी हुई मोमबत्ती को अग्नि प्रदान करती है। मोमबत्ती लौ नहीं बन जाती, बल्कि वह स्वयं ही उसी अग्नि से भीतर से प्रज्वलित हो जाती है। यही शक्तिपात है।


शिवानंद मिश्रा
आध्यात्मिक लेखक

गुरु उपायः- गुरु ही साधन हैं। एक विशेष प्रकार का अंधकार होता है, जो प्रकाश की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि प्रकाश के अस्तित्व को ही भूल जाना है। आप इसमें वर्षों, दशकों तक भी रह सकते हैं-संसार में कुशलतापूर्वक, बुद्धिमानी से, यहां तक कि कुछ क्षणों के लिए प्रसन्नतापूर्वक भी आगे बढ़ सकते हैं-फिर भी भीतर ही भीतर एक शांत, अनकहा दर्द लिए रहते हैं। एक अनुभूति कि कुछ आवश्यक चीज़ गायब



है। कि आप अपने आप की सतही अवस्था में जी रहे हैं। कि आपके भीतर की गहराई को कभी छुआ ही नहीं गया है। यदि आप भाग्यशाली हैं, यदि ब्रह्मांड में कोई असाधारण कृपा से आपकी ओर मुड़ता है, तो एक व्यक्ति प्रकट होता है। सहमेशा वस्त्रों में नहीं। हमेशा औपचारिकता के साथ नहीं। कभी-कभी सबसे साधारण परिस्थितियों में-एक आकस्मिक मुलाकात में, सही समय पर बोले गए एक वाक्य में, किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा आपके हाथों में रखी गई पुस्तक में, जिसने बस इतना कहा हो-इसे पढ़ो। लेकिन उस मुलाकात में कुछ ऐसा होता है, जो आपकी अब तक की सभी मुलाकातों से अलग होता है। उसमें कुछ ऐसा होता है, जो आपको केवल जानकारी नहीं देता, आपका मनोरंजन नहीं करता या आपको सांत्वना नहीं देता-वह आपको बदल देता है। वही व्यक्ति गुरु है। और यह सूत्र-मात्र दो शब्द-'गुरु उपायः', उस बात की घोषणा करता है जिसे तर्कसंगत मन गंभीरता से लेने के लिए लगभग बहुत सरल पाता है-गुरु साधन हैं। केवल साधन नहीं। आध्यात्मिक उपकरणों के अनेक साधनों में से एक नहीं-साधन। वह स्वयं साधन। वह माध्यम, जिसके द्वारा सोई हुई आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप को जागृत करती है। गुरु की आवश्यकता क्यों है? आपमें ऐसी कई बातें हैं, जिन्हें आप स्वयं नहीं देख सकते, लेकिन दूसरे उन्हें स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। आंख स्वयं को नहीं देख सकती। मन अपनी कमियों को पूरी तरह से नहीं देख सकता। चेतना में एक विशेष प्रकार की गांठ होती है-वह है अपने आप को केंद्रीय मानने वाली छोटी-सी 'स्व' की गांठ, जिसे उसी हाथ से खोलना असंभव है जिसने उसे बांधा है। आपको एक दूसरे हाथ की आवश्यकता है। ऐसा हाथ नहीं, जो आपको नियंत्रित करे। ऐसा हाथ नहीं, जो आपको छोटा करे। बल्कि एक ऐसा हाथ, जो आपके विस्मृति के अंधकार में इतनी स्थिरता, इतने प्रेम और सत्य में इतनी अटूट दृढ़ता के साथ पहुंचे कि उनकी उपस्थिति में वह गांठ स्वतः ही खुलने लगे। वही हाथ गुरु है।

---

बोधकथा

## दीपक और हवा

एक गांव में अर्जुन नाम का एक युवक रहता था। वह बहुत महत्वाकांक्षी था और जीवन में बड़ा नाम कमाना चाहता था, लेकिन हर बार जब वह कोई नया काम शुरू करता, तो थोड़ी सी कठिनाई आते ही हिम्मत हार बैठता। असफलताओं से परेशान होकर एक दिन वह गांव के एक वृद्ध गुरु के पास पहुंचा। अर्जुन ने कहा, "गुरुदेव, मैं मेहनत तो करता हूं, लेकिन बार-बार असफल हो जाता हूं। समझ नहीं आता कि मेरी मेहनत में कमी है या किस्मत साथ नहीं दे रही।" गुरु ने कुछ देर सोचा और उसे रात को अपने साथ बैठने को कहा। जब अंधेरा हुआ, तो गुरु एक छोटा सा दीपक जलाकर अर्जुन के सामने रख दिया। फिर उन्होंने खिड़की खोल दी, जिससे तेज हवा अंदर आने लगी। हवा के झोंकों से दीपक की लौ बार-बार डगमगाने लगी और कुछ ही क्षणों में बुझ गई। गुरु ने फिर दीपक जलाया, इस बार खिड़की बंद कर दी। अब दीपक की लौ स्थिर और शांत जलने लगी। गुरु मुस्कुराते हुए बोले, "अर्जुन, क्या तुमने कुछ समझा?" अर्जुन ने कहा, "जी गुरुदेव, जब हवा तेज थी तो दीपक बुझ गया और जब हवा बंद कर दी तो वह स्थिर जलने लगा।" गुरु ने समझाया, "यह दीपक तुम्हारी मेहनत है और हवा तुम्हारी कमजोरियां-जैसे अधैर्य, डर और जल्दी हार मान लेना। जब तक तुम इन कमजोरियों को अपने ऊपर हावी होने दोगे, तुम्हारी मेहनत का दीपक बार-बार बुझता रहेगा।" अर्जुन ध्यान से सुन रहा था। गुरु ने आगे कहा, "सफलता के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास भी जरूरी है। जब तुम अपने मन को स्थिर कर लोगे, तब कोई भी कठिनाई तुम्हें रोक नहीं पाएगी।" अर्जुन को अपनी गलती समझ में आ गई। उसने निश्चय किया कि अब वह हर कठिनाई का सामना धैर्य से करेगा और जल्दी हार नहीं मानेगा। कुछ समय बाद वही अर्जुन अपने काम में सफल होने लगा। अब वह हर परिस्थिति में शांत और दृढ़ बना रहता था। इस कथा से सीख मिलती है केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास भी सफलता की कुंजी हैं।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,947 .55 | 22,331 |
| गिरावट | 1635 .67 | 488 .20 |
| प्रतिशत में | 2 .22 | 2 .14 |

सोना 1,51,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,37,000 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, मंगलवार ,31 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2670, राज श्री 2040, फ़ॉर्चून कि . 2780, रविन्द्रा 2650, फॉर्चुन 13kg 2450, जय जवान 2200, सचिन 2330, सूरज 2200, अवसर 2155, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2160, क्लासिक ( kg ) 2560, मोर 2405, चक्र टिन 2640, ब्लू 2410, आशीर्वाद मस्टर्ड 2485, स्वास्तिक 2625
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, ( प्रतिकि0 ) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050
**चावल– ( प्रति कु0 )**–डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200
**दाल दलहन**– मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800
**चीनी**– पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## बरेली सर्राफा

**नोट : दाम प्रति 10 ग्राम–**
सोना पक्के आभूषण 148500, सोना गिन्नी 144500, चांदी ( पक्की ) 2290 ( अनुमानित )

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**
**चावल :** शरबती– 3900 मसूरी–1200 बासमती– 7200–7800 परमल– 1400–3500
**दाल दलहन**–काला चना– 2400–3000 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5400 राजमा– 7800–12500 दाल उड़द– 5200 साबुत मसूर दाल– 2000 मसूर दाल–1400 उड़द साबुत– 10500 काबुली चना– 5600–10100 अरहर दाल–10000 –12000 लोबिया/करमानी–1500–3200

# पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा हर जिले में 2 पंपों पर होगी सुविधा

## केंद्र का फैसलाः पीडीएस के तहत 60 दिन के लिए केरोसिन के वितरण की अनुमति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट के बीच एलपीजी से दबाव कम करने के लिए सरकार ने पीडीएस के तहत 60 दिनों के लिए कैरोसिन यानी मिट्टी के तेल के वितरण की अनुमति दी है। इसके तहत अब पेट्रोल पंपों से भी केरोसिन मिलेगा। प्रशासन जिले में सरकारी कंपिनयों के अधिकतम दो पेट्रोल पंप इस सुविधा के लिए चुन सकेगा। इनमें से प्रत्येक पंप पर 5,000 लीटर तक केरोसिन स्टोर किया जा सकेगा।

केंद्र सरकार का यह आदेश 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होगा, जो राज्य पहले केरोसिन-मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। यह 60 दिन की आपातकालीन व्यवस्था रसोई गैस (एलपीजी) पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए की गई है। यह निर्णय पश्चिम एशिया में पिछले एक माह से जारी युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति, विशेषकर रसोई गैस (एलपीजी) में बाधा आने के बाद लिया गया है। भारत अपनी रसोई गैस की लगभग 60 प्रतिशत जरूरत को आयात के जरिये पूरा करता है, जिनमें से 85-90 प्रतिशत गैस खाड़ी देशों से आती है।



युद्ध के कारण इसकी आपूर्ति में रुकावट आई है, जिससे होटल और रेस्तरां जैसे वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं के लिए गैस की आपूर्ति कम करनी पड़ी है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 29 मार्च की अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 और पेट्रोलियम नियम, 2002 के तहत अस्थायी छूट प्रदान की है ताकि 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत केरोसिन का वितरण सुचारू रूप से किया जा सके।

अधिसूचना के अनुसार, प्रत्येक जिले में अधिकतम दो नामित सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी (ओएमसी) के पेट्रोल पंप को 5,000 लीटर तक केरोसिन रखने की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। इन पेट्रोल पंप पर केरोसिन भरने के लिए एजेंट और डीलर को लाइसेंस लेने से छूट दी गई है, जबकि पहले से लाइसेंसधारी टैंकर वाहनों को भी इसके लिए अतिरिक्त अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। ये छूट कड़ाई से सुरक्षा मानकों और पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) द्वारा जारी संचालन संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करने के शर्त पर दी गई है।

- **एलपीजी पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए उठाया कदम**

केरोसिन के भंडारण, भराई और वितरण का पूरा रिकॉर्ड रखा जाना चाहिए और इसे जिला प्रशासन तथा पीईएसओ द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

यह आदेश तुरंत प्रभावी होगा और 60 दिन तक या अगले आदेश तक वैध रहेगा। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, केरोसिन का उपयोग खाना पकाने और रोशनी के लिए किया जाएगा।

इसे उन 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अस्थायी रूप से फिर से उपलब्ध कराया जाएगा, जिन्हें पहले 'पीडीएस एसकेओ (केरोसिन-मुक्त)' घोषित किया गया था। इनमें दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गोवा, मध्य प्रदेश और गुजरात शामिल हैं।

# आईटी मंत्री की चेतावनीः प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो रोकेंगे सरकारी फंड

## गुणवत्ता मानक पूरे नहीं करने वाली कंपनी होगी योजना से बाहर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साफ किया है कि भारत में प्रोडक्ट डिजाइन और क्वालिटी पर निवेश नहीं करने वाली कंपनियों को ईसीएमएस स्कीम का सरकारी फंड नहीं मिलेगा। साथ ही सिक्स सिग्मा मानक पूरे नहीं करने पर उन्हें योजना से ही बाहर किया जा सकता है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को ईसीएमएस के तहत 7,104 करोड़ रुपये के नए निवेश से जुड़े 29 प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद आगाह किया कि जो लाभार्थी उत्पाद डिजाइन प्रौद्योगिकी में निवेश नहीं करेंगे, उन्हें योजना से बाहर किया जा सकता है। वैष्णव ने कहा कि यदि उद्योग की ओर से अपेक्षित प्रयास नहीं किए जाते हैं तो मैं आगे किसी भी भुगतान या नई मंजूरी को रोकने के लिए तैयार हूं।

मंत्री ने मंत्रालय द्वारा निर्धारित एकीकृत दृष्टिकोण का पालन नहीं करने पर उद्योग संगठन इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन और उसकी सदस्य कंपनियों की आलोचना भी की। कहा कि मैं यह बहुत स्पष्ट रूप से कह रहा हूं क्योंकि यह हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हम हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' में विश्वास करते हैं। वैष्णव ने कहा कि देश को इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन, कलपुर्जा डिजाइन और मशीन डिजाइन के क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है।

मंत्री ने उद्योग को 15 दिन की समय सीमा दी है, जिसके भीतर कंपनियों को यह बताना होगा कि उन्होंने उत्पाद डिजाइन, 'सिक्स सिग्मा' मानक, प्रतिभा विकास और स्थानीय आपूर्ति (सोर्सिंग) जैसे प्रमुख मुद्दों पर क्या कदम उठाए हैं। सिक्स सिग्मा एक ऐसी कार्यप्रणाली है जिसका उद्देश्य उत्पादन में त्रुटियों को न्यूनतम करना और लगभग पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।




नई दिल्ली में 'इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम' पर आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

### तेज हुई डीपफेक हटाने की कार्रवाई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार किए जाने वाले डीपफेक पर बढ़ती चिंताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया मंचों ने भी अपनी ओर से डीपफेक सामग्री को हटाने के प्रयासों को काफी तेज कर दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में डीपफेक को समाज के लिए एक नया खतरा और अभिशाप बताया। डीपफेक वह प्रौद्योगिकी है जिसके जरिये किसी व्यक्ति की फोटो, आवाज या वीडियो को डिजिटल माध्यम से बदलकर बिल्कुल असली जैसा दिखने वाला फर्जी रूप दे दिया जाता है। बताया– सोशल मीडिया मंचों ने डीपफेक सामग्री को हटाने की अपनी कार्रवाई को लगभग दोगुना या तिगुना कर दिया है।

### प्रौद्योगिकी उद्योग पर फिलहाल असर नहीं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि सरकार उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग संगठनों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके पड़ने वाले प्रभाव को लेकर बातचीत कर रही है। उद्योग निकायों ने अपने संचालन पर किसी भी प्रतिकूल प्रभाव की सूचना नहीं दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री की यह टिप्पणी उन खबरों के बीच आई है कि हीलियम की कमी ने वैश्विक प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि हमने यहां मौजूद हर उद्योग संगठन से बात की है और सभी ने कहा है कि अभी तक कोई प्रभाव नहीं पड़ा है...। इसमें सेमीकंडक्टर, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे और हार्डवेयर क्षेत्र शामिल हैं...। हम उद्योग के साथ बातचीत जारी रखेंगे।

# रुपया 2025-26 में 9.88 प्रतिशत टूटा 14 साल की सबसे बड़ी गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रुपया वित्त वर्ष 2025-26 में डॉलर के मुकाबले 9.88 प्रतिशत कमजोर हुआ है, जो 14 साल में डॉलर के मुकाबले सबसे बड़ी गिरावट है। वित्त वर्ष 2011-12 में, घरेलू मुद्रा, डॉलर के मुकाबले 12.4 प्रतिशत कमजोर हुई थी, उस समय चालू खाते का घाटा बढ़कर 4.2 प्रतिशत हो गया था।

मौजूदा वित्त वर्ष में, यह भारी गिरावट लगातार विदेशी कोषों की निकासी, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक स्तर पर डॉलर के मजबूत होने की वजह से हुई। वैश्विक वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और नकदी की तंगी ने भी 2025-26 में रुपये पर और दबाव डाला। बाजार के जानकारों के अनुसार, एक अप्रैल से अब तक दूसरी एशियाई मुद्राओं में भी डॉलर के मुकाबले भारी गिरावट देखी गई है। जापानी येन छह प्रतिशत, फिलिपीन की मुद्रा पीसो 5.74 प्रतिशत और दक्षिण कोरियाई वॉन 2.88 प्रतिशत कमजोर हुआ है।



दक्षिण कोरियाई बैंक शिन्हान बैंक के भारत में ट्रेजरी प्रमुख, सुनल सोधानी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 बाहरी झटकों, पूंजी के बाहर जाने और ढांचागत कमजोरियों जैसी कई समस्याओं के एक साथ आने की वजह से रुपया कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि 2025-26 में असर डालने वाले कारक 2011-12 के कारकों से अलग हैं।

### केंद्र का राजकोषीय घाटा लक्ष्य के 80.4% पर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी में 2025-26 के बजट लक्ष्य का 12 .52 लाख करोड़ रुपये यानी 80 .4 प्रतिशत रहा है। एक साल पहले इसी अवधि में यह 85 .8 प्रतिशत था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। केंद्र सरकार ने 2025-26 में राजकोषीय घाटा ( व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) सकल घरेलू उत्पाद के 4 .4 % यानी 15 .58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा है। महालेखा नियंत्रक ( सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 के अंत तक केंद्र की कुल प्राप्तियां 27 .91 लाख करोड़ रुपये रहीं, जो बजट लक्ष्य का 82 प्रतिशत है। इन प्राप्तियों में 21 .45 लाख करोड़ का कर राजस्व ( शुद्ध) और 5 .8 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल है। सीजीए के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल-फरवरी, 2025-26 के दौरान केंद्र सरकार का कुल व्यय 40 .44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पूरे वित्त वर्ष के बजट लक्ष्य का 81 .5% है।

# विनिर्माण क्षेत्र के प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन 5.2% बढ़ा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** देश का औद्योगिक उत्पादन विनिर्माण क्षेत्र में सुधार से फरवरी में 5.2 प्रतिशत बढ़ा। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा जाने वाला कारखाना उत्पादन फरवरी, 2025 में 2.7 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जनवरी, 2026 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुमान को पहले जारी 4.8 प्रतिशत के अस्थायी अनुमान से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 में विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि तेज होकर छह प्रतिशत हो गई जबकि एक वर्ष पहले इसी महीने में यह 2.8 प्रतिशत थी। खनन क्षेत्र की वृद्धि भी थोड़ा सुधरकर 3.1 प्रतिशत हो गई।

- **राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जारी किये आंकड़े**

# डब्ल्यूटीओ वार्ता समाप्त, ई-कॉमर्स पर शुल्क संबंधी रोक बढ़ाने पर नहीं बन सकी सहमति

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का चार दिन का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) सोमवार को कैमरून के याउंडे में समाप्त हो गया। लेकिन ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क नहीं लगाने की व्यवस्था को आगे बढ़ाने के मुद्दे पर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन सकी।

यह व्यवस्था 1998 से लागू है, जिसके तहत डिजिटल डाउनलोड और स्ट्रीमिंग जैसी इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं पर सीमा शुल्क नहीं लगाया जाता। तब इसे दो साल के लिए लागू किया गया था और बाद में हर दो साल में इसे बढ़ाया जाता रहा। अब इस पर सहमति नहीं बनने से देशों के पास इन सेवाओं पर शुल्क लगाने का रास्ता खुल सकता है। बैठक में इस मुद्दे पर अमेरिका और ब्राजील के बीच मतभेद सामने आए। कुछ देश इस व्यवस्था को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं थे या केवल दो साल का विस्तार चाहते थे, जबकि अमेरिका इसे पांच साल तक बढ़ाने की मांग कर रहा था। मौजूदा व्यवस्था 31 मार्च को समाप्त होने वाली है। सम्मेलन 26 मार्च से शुरू हुआ था और 29 मार्च को खत्म होना था, लेकिन इसे बढ़ाकर 30 मार्च तक चलाया गया।

सम्मेलन की अध्यक्षता करने वाले कैमरून के व्यापार मंत्री ल्यूक मैग्लॉयर म्बार्गा अतांगाना ने कहा कि व्यापार मंत्रियों ने कई मुद्दों को निपटाने की कोशिश की, लेकिन समय की कमी के कारण कुछ लंबित मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। इनमें ई-कॉमर्स पर डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रक्रिया, इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क वसूलने पर लगी वर्तमान रोक को जारी रखने और बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (टीआरआईपीएस) से जुड़ी शिकायतों का समाधान जैसे विषय सम्मिलित थे।

उन्होंने कहा कि अब इन विषयों पर चर्चा संगठन के मुख्यालय जिनेवा में जारी रहेगी।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम







# पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के लिए चुनाव अधिसूचना जारी, 6 अप्रैल तक नामांकन

## पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 234 और पश्चिम बंगाल में 152 सीटों पर होगा मतदान

**कोलकाता, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने सोमवार को तमिलनाडु विधानसभा चुनावों और पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी कर दी, जिससे दोनों राज्यों में औपचारिक रूप से चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतदान 23 अप्रैल को होने वाला है, जो दो राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों में एक निर्णायक चुनावी प्रक्रिया होगी। पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 अप्रैल है, जबकि नामांकनों की जांच 7 अप्रैल को की जाएगी। उम्मीदवार 9 अप्रैल तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार, पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान शेष 142 विधानसभा क्षेत्रों में होगा, जिसके लिए मतदान 29 अप्रैल को प्रस्तावित है। इसके लिए अधिसूचना 2 अप्रैल को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल तय की गई है। नामांकनों की जांच 10 अप्रैल को होगी, जबकि उम्मीदवार 13 अप्रैल तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इससे राज्य में चुनावी मुकाबले के अंतिम चरण की तैयारी हो जाएगी। विधानसभा चुनावों की मतगणना 4 मई को होगी तथा पूरी चुनाव प्रक्रिया 6 मई तक पूरी कर ली जाएगी। इस अधिसूचना के साथ ही मतदान वाले क्षेत्रों में आचार संहिता (मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट) लागू हो गई है, जो प्रचार गतिविधियों को नियंत्रित करेगी और सभी उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करेगी। निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की जाएगी।

### स्टालिन ने कोलाथुर विस सीट पर्चा भरा



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम ( द्रमुक ) अध्यक्ष एम .के . स्टालिन ने सोमवार को चेन्नई के कोलाथुर विधानसभा क्षेत्र से 13 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद स्टालिन ने विश्वास जताया कि कोलाथुर क्षेत्र की जनता उन्हें लगातार चौथी बार शानदार जीत दिलाएगी। स्टालिन 2011, 2016 और 2021 के विधानसभा चुनावों में कोलाथुर निर्वाचन क्षेत्र से विजयी रहे हैं। नामांकन के तुरंत बाद उन्होंने रोड शो किया और लोगों का अभिवादन कर समर्थन मांगा। इस दौरान द्रमुक अध्यक्ष ने कोलाथुर क्षेत्र में अपने कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया।

### शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम से पर्चा दाखिल किया

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को नंदीग्राम निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में निर्णायक जीत दर्ज करेगी। अधिकारी ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एसडीओ के समक्ष अपना नामांकन पत्र सौंपा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। अधिकारी के साथ जिले से भाजपा के दो और प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त अधिकारी कहा कि इस बार मतदाताओं में भाजपा की मांग कहीं अधिक है। भाजपा पश्चिम बंगाल में स्वच्छ, भ्रष्टाचार मुक्त, विकासोन्मुखी और नैतिक सरकार लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मोदी शबरिमला पर मौन, उन्हें धर्म की परवाह नहींः राहुल

**पत्तनमथिट्ठा (केरल), एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि वह केरल दौरे के दौरान शबरिमला मुद्दे पर चुप रहे, जो साफ संकेत है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) साथ काम कर रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने अडूर में कांग्रेस की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि नौ अप्रैल को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भाजपा के गठजोड़ से मुकाबला करना पड़ रहा है। कहा कि हम एलडीएफ के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जिसे भाजपा का पूरा समर्थन प्राप्त है। एक तरफ संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) है और दूसरी तरफ माकपा-भाजपा का गठजोड़ है। गांधी ने कहा कि भाजपा यहां यूडीएफ को नहीं चाहती क्योंकि वे जानते हैं कि देश में उसे चुनौती देने वाली एकमात्र ताकत कांग्रेस है।

# देश लूटने को समाज के सभी वर्गों में झगड़ा पैदा कर रही भाजपाः ममता



**बेल्दा (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा कराने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह इस स्थिति का फायदा उठाकर देश लूटना चाहती है।

- **कहा-आरोप पत्र उन पर जारी हो जो दंगे भड़का कर जीत चुनाव**

मुख्यमंत्री ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल सरकार के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सियासी 'आरोपपत्र' पर कड़ी आपत्ति जताई। कहा कि पहला आरोपपत्र उनके (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह) खिलाफ दाखिल किया जाना चाहिए, जिन्होंने दंगे भड़काकर सत्ता हासिल की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा समाज के सभी वर्गों में झगड़ा करा रही है। वह ऐसी स्थिति का फायदा उठाकर देश को लूटना चाहती है। उन्होंने भाजपा पर प्रशासनिक व पुलिस सेवाओं तक सभी मामलों में हिंदू और मुसलमानों को बांटने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

# भाजपा ने ममता और तृणमूल नेताओं पर लगाया मतदाताओं को धमकाने का आरोप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने सोमवार को निर्वाचन आयोग का रुख कर आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को भाजपा को वोट देने से रोकने के लिए डरा-धमका रहे हैं। इस संबंध में एक अर्जी सौंपते हुए, भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से ममता बनर्जी को चुनाव प्रचार में भाग लेने से रोकने और तृणमूल नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की।

- **चुनाव आयोग से शिकायत, प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग**

निर्वाचन आयोग कार्यालय में अधिकारियों से मिलने गए भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, पीयूष गोयल और सुकांत मजूमदार तथा भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी और राज्यसभा सदस्य अरुण सिंह शामिल थे। भाजपा ने संवेदनशील और असुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाने की भी मांग की। कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस अप्रभावी हो गई है। भाजपा ने अर्जी में कहा कि राज्य प्रशासन और पुलिस द्वारा हिंसा या धमकी के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई के लिए निर्वाचन पर्यवेक्षकों के रूप में अधिक आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को तैनात किया जाए।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### दक्षिण सूडान में बंदूकधारियों ने 70 लोगों की हत्या की

**जुबा।** अफ्रीकी देश दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा के बाहरी इलाके में सोने की खदान को लेकर हुए विवाद में अज्ञात बंदूकधारियों ने 70 से अधिक लोगों की हत्या कर दी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार घटना का वीडियो प्रसारित हुआ है, जिसमें एक खुले मैदान में दर्जनों शव दिखाई दे रहे हैं। एक स्थानीय पत्रकार ने बताया कि माना जा रहा है कि कई अन्य पीड़ित झाड़ियों में भाग गए हैं। सूडान के राज्य जेबेल इराक में स्थित सोने की खदान को लेकर पूर्व में भी अवैध खनिकों और खनन कंपनियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं। पुलिस प्रवक्ता क्वासीजवोक डोमिनिक अमोण्डोक ने बताया कि जैसे ही उन्हें हमले के बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी, वह उसे साझा करेंगे।

### शंघाई-कोलकाता के लिए इंडिगो ने सीधी उड़ान सेवा शुरू की

**बीजिंग।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को शंघाई और कोलकाता के बीच अपनी दैनिक उड़ान सेवा शुरू की, जिससे भारत और चीन के बीच हवाई संपर्क को मजबूती मिलेगी। शंघाई में भारत के महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने 'इंडिगो6ई' उड़ान सेवा का उद्घाटन किया। शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर जानकारी दी कि इंडिगो के प्रबंधन से मुलाकात में माथुर ने कहा कि यह नई उड़ान सेवा भारत और क्षेत्र के बीच हवाई संपर्क बढ़ने और आर्थिक संबंधों में सकारात्मक संकेत है। इंडिगो और एयर इंडिया जैसी भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने शंघाई को नयी दिल्ली और कोलकाता जैसे महानगरों से जोड़ना शुरू कर दिया है।

### ब्रिटेन का राजनयिक को जासूसी के आरोप में रूस से निष्कासित

**मास्को।** रूस ने ब्रिटेन के एक राजनयिक को जासूसी के आरोप में सोमवार को निष्कासित कर दिया और उसे दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया है। एफएसबी (सोवियत काल में केजीबी के नाम से मशहूर) ने कहा, ब्रिटेन के राजनयिक जेन्स वान रेंसबर्ग की राजनयिक मान्यता रद्द करने का निर्णय लिया गया है और उन्हें दो सप्ताह के भीतर रूस छोड़ने का आदेश दिया गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को रूस में ब्रिटेन की कार्यवाहक राजदूत डैनी ढोलकिया को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। यह कार्रवाई उस खुलासे के बाद की गई, जिसमें कहा गया है कि ब्रिटिश दूतावास के एक राजनयिक ने देश में प्रवेश करते समय अपने बारे में जानबूझकर गलत जानकारी दी थी।

# न्यूजीलैंड में इंदिरा गांधी के हत्यारे के भतीजे की पहचान उजागर

वेलिंगटन, एजेंसी



इंदिरा गांधी के हत्यारों में से एक के भतीजे की पहचान न्यूजीलैंड की अदालत में पहचान गुप्त रखने का मुकदमा हारने के बाद जाहिर कर दी गई है। उसे मादक पदार्थ से जुड़े एक मामले में दोषी करार दिया गया था।

न्यूजीलैंड के वेब पोर्टल ''स्टफ'' ने शनिवार को खबर दी कि बलतेज सिंह को 700 किलोग्राम से अधिक मेथमफेटामाइन आयात करने के आरोप में 22 साल कारावास की सजा सुनाई गई है। यह न्यूजीलैंड के अधिकारियों द्वारा जब्त की गई अब तक की सबसे बड़ी मात्रा है। वह स्थायी रूप से अपना नाम गुप्त रखने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहा था। इससे पहले, 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले उनके अंगरक्षकों में से एक सतवंत सिंह के भतीजे बलतेज सिंह के नाम को स्थायी रूप से सार्वजनिक नहीं करने का आदेश यहां के उच्च न्यायालय ने दिया था। अदालत ने यह आदेश बलतेज की इस दलील को स्वीकार करते हुए सुनाया था कि यदि उसकी पहचान उजागर हो जाती है तो उसे और उसके परिवार को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

- **पहचान उजागर न करने की अदालत में लड़ रहा था लड़ाई**

## कितनी उपयोगी कितनी दिलचस्प

भारत में जनगणना का इतिहास काफी पुराना है। यह जनसंख्या की गिनती ही नहीं, देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे को समझने का जरिया भी है। भारत में जनगणना की जड़ें वैसे तो कौटिल्य के अर्थशास्त्र से जुड़ी हैं, लेकिन आधुनिक पद्धति की शुरुआत ब्रिटिश काल में हुई। पहली गैर तुल्यकालिक जनगणना सन् 1872 में हुई थी, लेकिन यह जनगणना पूरे देश में एक साथ नहीं की गई थी। पहली पूर्ण जनगणना सन् 1881 में लॉर्ड रिपन के समय में पूरे देश में एक साथ हुई। तभी से हर 10 साल में एक बार जनगणना कराने की परंपरा शुरू हुई। वर्ष 2011 तक भारत में 15 बार जनगणना हो चुकी है। स्वतंत्रता के बाद अब तक सात और ब्रिटिश काल में आठ बार जनगणना हुई जिसमें 1921 को महान विभाजक वर्ष कहा जाता है क्योंकि तब जनसंख्या वृद्धि दर ऋणात्मक थी। वर्ष 2021 की जनगणना कोविड-19 के कारण टल गई थी।

# भारत में जनगणना



### जनगणना के नियम और कानूनी ढांचा

- जनगणना अधिनियम 1948 मुख्य कानून है, इसे तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने पेश किया था।
- संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत जनगणना संघ सूची का विषय है। यानी इसे केंद्र सरकार ही करा सकती है।
- गृह मंत्रालय के अधीन महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त इस प्रक्रिया का संचालन करने के जिम्मेदार होते हैं।
- जनगणना के दौरान ली गई जानकारी बेहद गोपनीय होती है, इसे साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकते।
- हर नागरिक के लिए सवालों का सही जवाब देना कानून के तहत अनिवार्य, गलत जानकारी देने पर दंड का प्रावधान।

### जनगणना के दो चरण

- **मकान सूचीकरण :** इसमें घरों की स्थिति और उनमें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली जाती है।
- **जनसंख्या गणना :** लोगों की उम्र, लिंग, साक्षरता, व्यवसाय व धर्म जैसी जानकारी जुटाई जाती है।

### वर्ष 2011 की जनगणना

- इसमें भारत की आबादी लगभग 121.08 करोड़ दर्ज की गई थी।
- उस समय भारत दुनिया की कुल आबादी का 17.5% हिस्सा था।
- 2001 से 2011 के बीच देश की जनसंख्या 17.7% की दर से बढ़ी।
- औसत साक्षरता 2001 में 64.8% थी जो 74.04% हो गई थी थी।

### लिंगानुपात

वर्ष 2001 में प्रति 1,000 पुरुषों पर 933 महिलाएं थीं जो 2011 में 943 हो गईं। सबसे अच्छा लिंगानुपात केरल में 1084 और सबसे कम 879 का हरियाणा में था। 2011 में शून्य से 6 वर्ष का बाल लिंगानुपात चिंताजनक ढंग से गिरकर 919 पर आ गया था।

**ये थे खास तथ्य**

- वर्ष 2011 की जनगणना में पहली बार ट्रांसजेंडर को अलग श्रेणी के रूप में शामिल किया गया था।
- उत्तर प्रदेश की आबादी 20 करोड़ थी, यह दुनिया के 5वें सर्वाधिक आबादी वाले देश के बराबर है।

### इस बार जनगणना में क्या खास

- नागरिकों के पास इस बार मोबाइल एप या वेब पोर्टल पर अपना विवरण खुद भरने का विकल्प होगा।
- जो सरकारी कर्मचारी घर-घर आएंगे, वे फॉर्म के बजाय स्मार्टफोन और टैबलेट पर डेटा दर्ज करेंगे।
- सरकार का लक्ष्य जनगणना के डेटा को जन्म-मृत्यु पंजीकरण और चुनावी रोल के साथ जोड़ने का है।
- कोई व्यक्ति 18 वर्ष का होगा, तो उसका नाम स्वत: मतदाता सूची में जुड़ने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।
- मृत्यु होने पर डेटाबेस से नाम हटाना आसान होगा, सरकारी योजना का लाभ सही आदमी तक पहुंचेगा।
- अब तक एससी-एसटी का डेटा ही अलग से लिया जाता था, इस बार ओबीसी का भी डेटा अलग होगा।

# ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से ट्रांजिट टोल वसूल करने की तैयारी में

## सांसद अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने की कानून बनाने के लिए विधेयक लाने की घोषणा

- **परमाणु रुख को कड़ा कर अप्रसार संधि से हटने का भी दिया संकेत**

तेहरान, एजेंसी

ईरान सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर कड़ा नियंत्रण करने की तैयारी में है। ईरानी सांसद एक ऐसा विधेयक लाने की कोशिश कर रहे हैं जो पारगमन शुल्क (ट्रांजिट टोल) और गुजरने वाले जहाजों के लिए अनिवार्य मंजूरी सहित एक नई नियामक प्रणाली पेश करेगा। वरिष्ठ ईरानी सांसद अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने कहा कि इस कानून को ईरानी संसद (मजलिस) की ओर से जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है और यह कानून लागू होने के बाद ईरान की अनुमति के बिना किसी भी जहाज को इस जलमार्ग से गुजरने नहीं दिया जाएगा।

प्रस्तावित कानून के तहत, जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा और संबंधित सेवाओं के बदले शुल्क देना होगा। एसएनएन टीवी चैनल ने बोरुजेर्दी के हवाले से कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य पर हमारा पूर्ण नियंत्रण है। मजलिस द्वारा विधेयक अपनाए जाने के बाद जल्द एक नई प्रणाली इस जलमार्ग को नियंत्रित करेगी। यह कदम ईरानी संसद की नागरिक मामलों की समिति के अध्यक्ष मोहम्मद रजा रजाई कूची की पिछली टिप्पणियों के बाद आया है, जिन्होंने पुष्टि की थी कि पारगमन शुल्क लगाने का कानून प्रक्रिया में है।

बोरुजेर्दी ने ईरान के परमाणु रुख को कड़ा करने का भी संकेत दिया और कहा कि ईरान के लिए परमाणु अप्रसार संधि से हटने का समय आ गया है। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरानी परमाणु सुविधाओं पर हाल के हमलों के बाद यह समझौता अपनी प्रासंगिकता खो चुका है। होर्मुज पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध की पृष्ठभूमि में भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बना हुआ है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह खर्ग द्वीप पर कब्जा करना पसंद करेंगे जहां से ईरान का 90 प्रतिशत तेल गुजरता है।



इजराइल के शेफाराम शहर में ईरान के मिसाइल हमले के बाद क्षतिग्रस्त एक घर।

### आर्थिक आतंकवाद शुरू कर रहा है ईरान : यूएई

होर्मुज से संबंधित इस प्रस्तावित कानून की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी आलोचना हो रही है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रौद्योगिकी मंत्री सुल्तान अहमद अल जाबेर ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को हथियार बनाने का कोई भी प्रयास आर्थिक आतंकवाद के समान होगा, जिसके वैश्विक उपभोक्ताओं के लिए दूरगामी परिणाम होंगे। उन्होंने कहा, जब ईरान होर्मुज पर नियंत्रण स्थापित करेगा तो हर देश को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरान ने यह भी कहा कि मौजूदा संघर्ष ने उसकी सांस्कृतिक विरासत को नुकसान पहुंचाया है। इस युद्ध के दौरान लगभग 131 ऐतिहासिक स्थल और 64 पर्यटन स्थल क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### ईरान के मिसाइल हमले के बाद इजराइली तेल रिफाइनरी में आग लगी

**दुबई।** ईरान के मिसाइल हमले के बाद उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में बाजार तेल रिफाइनरी में सोमवार को आग लग गई। घटनास्थल के वीडियो में बड़े रिफाइनरी टैंक में आग की लपटें और घना काला धुआं दिखाई दिया, जिसे बाद में इजराइल की अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने बुझा दिया। हमले में एक औद्योगिक भवन भी क्षतिग्रस्त हो गया। इजराइल के अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दमकलकर्मी आग को अन्य हिस्सों में फैलने से रोकने के साथ संभावित रूप से फंसे लोगों की तलाश में जुटे हैं। इजराइल में केवल दो ही रिफाइनरियां हैं।

### स्पेन: अमेरिकी विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद

**मैड्रिड।** रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने सोमवार को घोषणा की कि स्पेन ने ईरान युद्ध में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। रोबल्स ने कहा, यह बात शुरू से ही स्पष्ट कर दी गई थी। इसलिए ईरान युद्ध से संबंधित किसी भी कार्रवाई के लिए स्पेन के हवाई क्षेत्र का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के नेतृत्व वाली स्पेन सरकार पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजराइली सैन्य कार्रवाई की सबसे मुखर आलोचक रही है।

# हम खुश, ईरान और अमेरिका ने मध्यस्थता के लिए हमें चुना

- **पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा- जल्द होगी शांति समझौते के लिए वार्ता**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द ही ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता वार्ता की मेजबानी करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने रविवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है।

ये बातचीत ऐसे समय में हुई जब ईरान ने अमेरिका को जमीनी हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी और अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के चलते वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। डार ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत सीधी होगी या परोक्ष, या यह कब और कहां होगी लेकिन उन्होंने कहा कि यह आने वाले दिनों में होगी। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान में से किसी ने तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की। डार ने कहा, पाकिस्तान बहुत खुश है कि ईरान और अमेरिका दोनों ने बातचीत में पाकिस्तान की मध्यस्थता पर भरोसा जताया है। राजनयिकों से मुलाकात के बाद डार ने दावा किया कि उन्होंने मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है और पाकिस्तान से अपील की है कि वह शामिल पक्षों के बीच व्यवस्थित बातचीत के लिए माहौल तैयार करे।



### लेबनान : तीन हफ्ते में 3,70,000 बच्चों समेत 10 लाख लोगों ने घर छोड़ा

**यूनिसेफ की रिपोर्ट**

**बेरूत।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक ओर सेना को दक्षिणी लेबनान में आक्रमण का विस्तार करने का निर्देश दिया है, वहीं दूसरी ओर यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि लेबनान में तेजी से बढ़ते संघर्ष ने बड़ा मानवीय संकट पैदा कर दिया है। मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है। प्रभावित लोगों में 3,70,000 से अधिक बच्चे शामिल हैं।

यूनिसेफ के अनुसार, हर दिन औसतन 19,000 बच्चे घर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। नेतन्याहू ने रविवार को नॉर्दर्न कमांड से जारी वीडियो संदेश में कहा है, मैंने अभी मौजूदा सुरक्षा बफर जोन का और विस्तार करने का निर्देश दिया है। हम इजराइल के उत्तर की स्थिति को मौलिक रूप से बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही उन्होंने कब्जे वाले गाजा मॉडल को दोहराने के प्रयास को आगे बढ़ाया। यूनिसेफ के अधिकारियों का कहना है कि विस्थापन की गति और पैमाना हाल के वर्षों में अभूतपूर्व है। पूरे देश में 10 लाख से अधिक लोग घरों से भागने को मजबूर हुए हैं। कई तीसरी या चौथी बार विस्थापित हुए हैं।

### इजराइल की संसद में बजट पारित, कार्यकाल पूरा कर सकेंगे नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजराइल की संसद ने सोमवार को रातभर चले मैराथन सत्र में वार्षिक बजट पारित कर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकेगी। इजराइल को समय पूर्व चुनाव से बचने के लिए एक अप्रैल से पहले बजट पारित करना आवश्यक था। इजराइल के विपक्षी दल ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इसमें अति-रूढ़िवादी समुदायों को मिलने वाली धनराशि में वृद्धि की गई है, जबकि देश ईरान युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई का सामना कर रहा है और गाजा में दो साल से जारी युद्ध से उबर नहीं पाया है।

# लिव इन में रहने वालों को माना जाएगा वैवाहिक दंपती के समान

नई दिल्ली, एजेंसी

- **जनगणना के पहले चरण के लिए 33 अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची जारी**

भारत में जनगणना के सिलसिले में स्वगणना पोर्टल पर दिए गए अक्सर पूछे जाने वाले सवालों में कहा गया है कि अगर सहजीवन यानी लिव इन में रहने वाले दो लोग एक-दूसरे को हमेशा के लिए अपना मानते हैं तो उन्हें जगणना के दौरान वैवाहिक दंपती के समान माना जाए।

जनगणना के दौरान स्वगणना का विकल्प चुनने वालों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल जनगणना के दोनों चरणों हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना (एलएलओ) और जनसंख्या गणना के लिए उपलब्ध होगा। पोर्टल पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) की सूची दी गई है ताकि लोग देश की 16वीं जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले सवालों का आसानी से उत्तर दे सकें। एफएक्यू में कहा गया है, क्या लिव इन संबंध में रहने वाले जोड़े को विवाहित जोड़ा माना जाएगा, यदि वे हमेशा के लिए एक-दूसरे को अपना मानते हैं तो उन्हें विवाहित जोड़े के रूप में माना जाए।

सरकार ने एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाले जनगणना हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग गणना के पहले चरण के दौरान लोगों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं। पहले चरण में पूछे जाने वाले प्रश्नों में घर के फर्श और छत में इस्तेमाल सामग्री, वहां रहने वाले विवाहित जोड़ों की संख्या, परिवार के मुखिया का लिंग, उपभोग किए जाने वाले अनाज का प्रकार, बुनियादी और आधुनिक आवश्यकताओं तक पहुंच और स्वामित्व वाले वाहनों के प्रकार शामिल होंगे।

### ऐसे होगी प्रश्नों की शुरुआत

प्रश्नों की शुरुआत भवन संख्या (नगरपालिका या स्थानीय प्राधिकरण या जनगणना संख्या), जनगणना मकान संख्या, और घर के फर्श, दीवार और छत में उपयोग की गई प्रमुख सामग्री पूछने से होगी। इसके बाद गणनाकर्ता घर के उपयोग, उसकी स्थिति, और उसमें सामान्य रूप से रहने वाले व्यक्तियों की संख्या के बारे में पूछेंगे। अधिकारी परिवार के मुखिया के बारे में नाम और लैंगिक पहचान की जानकारी भी एकत्र करेंगे।

# पटरी पर गिरा यात्री, दिल्ली में डेढ़ घंटे थमी रही मेट्रो सेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन के विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पटरी पर गिर जाने के कारण मेट्रो सेवाएं करीब डेढ़ घंटे तक बाधित रहीं। इस बीच मेट्रो का इंतजार कर रहे यात्रियों की प्लेटफॉर्मों पर भारी भीड़ इकट्ठी हो गई गई।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पटरी पर होने के कारण येलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं के संचालन में देरी हुई। डीएमआरसी ने कहा कि घटना के बाद सुरक्षा कारणों से येलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं को नियंत्रित किया गया, जिससे सुबह के व्यस्त समय में इस कॉरिडोर के कई स्टेशन पर मेट्रो के लिए प्रतीक्षा का समय बढ़ गया और भीड़ एकत्रित हो गई।

डीएमआरसी के अनुसार, करीब डेढ़ घंटे बाद येलो लाइन पर सामान्य सेवाएं बहाल कर दी गईं। दिल्ली पुलिस की मेट्रो इकाई ने एक बयान में कहा कि विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर 52 वर्षीय एक व्यक्ति पटरी पर गिरने से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी स्टेशन नियंत्रक से मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मेट्रो कर्मियों द्वारा घायल को हिंदू राव अस्पताल भेजा जा चुका था। घायल की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई है, जो करावल नगर के निवासी हैं। अस्पताल में उन्होंने पुलिस को बताया कि प्लेटफॉर्म के किनारे खड़े रहने के दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गिर गए।



- **मेट्रो के इंतजार में प्लेटफॉर्मों पर इकट्ठी हुई यात्रियों की भारी भीड़**

### बडगाम : बीएसएफ जवान के घर में मिले नशीले पदार्थ, अफसरों ने शुरू की जांच

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक कांस्टेबल के खिलाफ उसके आवास से संदिग्ध नशीले पदार्थ बरामद होने के बाद मामला दर्ज किया है।

प्राथमिकी रविवार को बडगाम थाने में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धारा 8/20 के तहत दर्ज की गई। यह कार्रवाई बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर मुख्यालय, हुमहामा की ओर से शिकायत पर की गई। उन्होंने बताया 28 मार्च की शाम बीएसएफ अधिकारियों ने 112 बटालियन के एक कांस्टेबल के हुमहामा स्थित आवास पर तलाशी ली जिसमें 2.3 किलो गांजा और एक सिम कार्ड सहित एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### वानूआतू के समीप आया 7.3 तीव्रता का भूकंप

**वेलिंगटन।** दक्षिण प्रशांत महासागर में वानूआतू के समीप सोमवार को जबर्दस्त भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र लगभग 115 किमी की गहराई पर था। कम गहराई पर आने वाले भूकंप सतह पर अधिक तीव्रता से महसूस किए जाते हैं। यह भूकंप वानूआतू के लुगानविले से लगभग 35 किमी उत्तर-पूर्व में आया। हालांकि भूकंप के कारण किसी प्रकार की क्षति या सुनामी लहरों की कोई खबर नहीं है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों के प्रति समर्पित रहेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**वृष** — आज सरकारी नियमों के पालन में सावधानी रखें। अनावश्यक यात्राओं से बचें। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

**मिथुन** — आज आय के साथ आपके खर्च अचानक बढ़ सकते हैं। साझेदारी वाले व्यवसाय में सावधानी बरतनी अत्यन्त आवश्यक है।

**कर्क** — आज नए कार्यों को आरंभ करना उचित नहीं है। पैरों में चोट लग सकती है। कार्यक्षेत्र में ओवरटाइम करना पड़ सकता है।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। बच्चों से शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं। कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा।

**कन्या** — आज कानूनी मामलों में समझौता हो सकता है। अटकी हुई परियोजनाएं पुन: प्रारम्भ हो सकती हैं। अधिकारियों के साथ तालमेल बढ़ेगा।

**तुला** — आज आप एक साथ अनेक कार्य करना पसंद करेंगे। पिछले काफी समय से उतार-चढ़ाव की परिस्थितियों में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — आज आकस्मिक खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। लोग आपको स्वार्थी समझ सकते हैं। कब्ज और गैस के कारण आपकी दिनचर्या खराब हो सकती है।

**धनु** — आज जीवनसाथी के साथ रिश्तों को लेकर प्रेम भाव बढ़ेंगे। व्यापार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**मकर** — आज अपनी जिम्मेदारियों को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। डायबिटीज के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ेगा।

**कुंभ** — आज प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करेंगे। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन अत्यन्त उत्तम है।

**मीन** — आज नए निवेश करने में सावधानी रखने की आवश्यकता है। नजदीकी लोग आपसे शत्रुवत व्यवहार रख सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 31 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 06.55 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-पूर्वाफाल्गुनी 03.20 तक तत्पश्चात उत्तरफाल्गुनी।

### सुडोकू - 104 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 9 | 7 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 |

### सुडोकू -105

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | |
| 4 | 7 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 6 | | | | | | | 2 | |
| 3 | | 7 | | | | 5 | | 8 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | 1 | |
| | | | 9 | | | | | |
| | | 9 | | | 6 | | 7 | |
| | | 5 | | 4 | | | | |

### नेपाल में ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन जारी

**काठमांडू।** नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहे। इस बीच, प्राधिकारियों ने धन शोधन को लेकर तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ जांच तेज कर दी है। ओली नीत कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) और उसके सहयोगी संगठनों एवं छात्र इकाइयों के सैकड़ों कार्यकर्ता सोमवार सुबह नया बनेश्वर क्षेत्र में इकट्ठा हुए। उन्होंने हाथों में तख्तियां थाम रखी थीं।

**रक्षा उपलब्धि** | सरकारी स्वामित्व वाली गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने निर्मित किए हैं तीनों जहाज

# भारतीय नौसेना को मिले तीन जहाज, बढ़ेगी सामरिक ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना को सोमवार को सरकारी स्वामित्व वाली गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) की ओर से निर्मित तीन नए जहाज प्राप्त हुए। दूनागिरि, संशोधक और अग्रय नाम के इन जहाजों से नौसेना की समग्र युद्धक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

दूनागिरि, प्रोजेक्ट 17ए के तहत नीलगिरी श्रेणी का पांचवां जहाज है और इस श्रेणी का दूसरा पोत भी है। प्रोजेक्ट 17ए के अंतर्गत बनाए गए ये जहाज बहुउद्देश्यीय प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस जहाज का नाम पुराने आईएनएस दूनागिरि से लिया गया है, जो एक लीएंडर श्रेणी का फ्रिगेट था और 1977 से 2010 तक भारतीय नौसेना के बेड़े का हिस्सा रहा।

इस पोत में ब्रह्मोस मिसाइल, रॉकेट और टॉरपीडो जैसे शक्तिशाली हथियारों का समावेश किया गया है। संशोधक एक सर्वेक्षण पोत है जो यह बंदरगाहों के तटीय और गहरे समुद्री क्षेत्रों का पूर्ण स्तर पर हाइड्रोग्राफिक सर्वे करने में सक्षम है। 110 मीटर लंबाई वाले संशोधक में अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरण हैं। इसी श्रेणी के अन्य जहाज़ आईएनएस संधायक, आईएनएस निर्देशक और आईएनएस इक्षाक को क्रमशः फरवरी 2024, दिसंबर 2024 और नवंबर 2025 में सेवा में शामिल किया गया था।



### क्रूज मिसाइलों व उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस है दूनागिरि

नौसेना ने एक बयान में कहा कि पोत विध्वंसक ब्रह्मोस और जमीन पर हमला करने वाली क्रूज मिसाइलों के साथ उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस दूनागिरि नौसेना की मारक और रक्षा क्षमताओं का एक महत्वपूर्ण प्रतिबिंब है। बयान के अनुसार, जीआरएसई द्वारा निर्मित चार बड़े सर्वेक्षण पोतों में से अंतिम 'संशोधक' नौसेना की सर्वेक्षण क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण वृद्धि का परिचायक है। जीआरएसई द्वारा बनाए जा रहे आठ पनडुब्बी रोधी जलयानों में से एक 'अग्रय' को तटीय जलक्षेत्र में अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है।



श्रेयस अय्यर के लिए आईपीएल की ट्रॉफी जीतने की ललक अब पहले से कहीं अधिक है जिससे वह 2026 सत्र में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं। मैं उनकी आंखों में उनके जुनून को देख सकता हूं।
-रिकी पोंटिंग, मुख्य कोच, पंजाब किंग्स

# स्टेडियम

हल्द्वानी, मंगलवार, 31 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

पंजाब किंग्स
बनाम
गुजरात टाइटंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

## औरेंज कैप

रियन रिकलटन मुंबई 81 रन
ईशान किशन हैदराबाद 80 रन
रोहित शर्मा मुंबई 78 रन

## पर्पल कैप

जैकब डफी आरसीबी 3 विकेट
शार्दुल ठाकुर मुंबई 3 विकेट
रोमारियो शैफर्ड आरसीबी 3 विकेट

**हाईलाइट**

## यानिक सिनर ने लेहेका को हराकर जीती मियामी ओपन



**मियामी गार्डन्स।** यानिक सिनर ने जिरि लेहेका को 6-4, 6-4 से हराकर मियामी ओपन पुरुष एकल खिताब जीत लिया और एरिना सबालेंका के बाद उनका भी 'सनशाइन डबल' पूरा हो गया। सबालेंका ने कोको गाफ को हराकर महिला एकल खिताब जीता था। इंडियन वेल्स और मियामी ओपन एक साथ जीतने को 'सनशाइन डबल' कहा जाता है और 2017 में रोजर फेडरर के बाद यह कमाल करने वाले सिनर दूसरे पुरुष खिलाड़ी हैं। सिनर ने तीन साल पहले भी मियामी ओपन जीता था। पिछले साल प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण निलंबन की वजह से वह इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे।

## फखर जमां, अफरीदी और रजा ने आरोपों को खारिज किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज फखर जमां, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच पाकिस्तान सुपर लीग के मैच के दौरान गेंद से छेड़खानी के आरोपों को खारिज किया है। 35 वर्ष के फखर को मैच रैफरी रोशन महानामा ने पीएसएल की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिये आचार संहिता की धारा 2.14 के तहत लेवल तीन के अपराध का दोषी पाया था। जमां को पीएसएल के अनुच्छेद 41.3 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह अनुच्छेद गेंद की स्थिति को बदलने वाली किसी भी हरकत पर रोक लगाता है।

## मिहिका और अर्जुन अमेरिकी ओपन के लिए पिकलबॉल टीम में

**मुंबई।** मिहिका यादव और अर्जुन सिंह उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें नौ से 18 अप्रैल तक फ्लोरिडा के नेपल्स में होने वाले अमेरिकी ओपन पिकलबॉल टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। टीम के अन्य सदस्यों में पूर्वांश पटेल (ओपन), आदित्य सिंह (ओपन), नागा मोक्षा (लड़कियां अंडर-18), जीत सूद (अंडर-16) और युवराज सिंह (अंडर-16) शामिल हैं। भारतीय पिकलबॉल संघ ने सोमवार को विज्ञप्ति में बताया कि इसमें सब-जूनियर वर्ग में पंथ ठक्कर और अथर्व शेठ के अलावा सूर्यवीर सिंह भुल्लर (पुरुषों के 50 से ज्यादा उम्र के युगल और मिश्रित युगल) भी शामिल हैं। टीम को धीरेन पटेल कोचिंग देंगे जो 40 से ज्यादा उम्र के पुरुषों के प्रो एकल में भी हिस्सा लेंगे। भारतीय संघ और अमेरिकी ओपन के बीच साझेदारी की वजह से भारतीय खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिल जाएगा।

# वैभव सूर्यवंशी के तूफानी अर्धशतक से राजस्थान ने चेन्नई को 8 विकेट से रौंदा

### आईपीएल-2026 : बारिश के कारण पिच में आए बदलाव का रॉयल्स के तेज गेंदबाजों ने उठाया लाभ





वैभव सूर्यवंशी।

गुवाहाटी, एजेंसी

गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद वैभव सूर्यवंशी (52) और यशस्वी जायसवाल (नाबाद ) की पारियों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने सोमवार को इंआईपीएल के तीसरे मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर 47 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की।

वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने 128 रनों के छोटे से लक्ष्य को अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से उड़ाते हुए महज 6.2 ओवरों में 75 रन ठोक डाले। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 गेंदों में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 50 रन बनाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्हें अंशुल काम्बोज ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 17 गेंदों में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर की तीसरी गेंद पर काम्बोज ने ध्रुव जुरेल को बोल्ड आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। ध्रुव जुरेल ने नौ गेंदों में चार चौकों की मदद से 18 रन बनाये। इसके बाद आरआर ने 12.1 ओवरों में दो विकेट पर 128 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। यशस्वी जायसवाल ने 36 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 38 रनों की पारी खेली और रियान पराग ने 11 गेंदों में एक चौका और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 14 रन बनाये। इससे पहले आज यहां आरआर के गेंदबाजों ने पहले बल्लेबाजी कर रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 19.4 ओवरों में 127 रन पर समेट दिया था। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। संजू सैमसन और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ छह-छह रन बनाकर आउट हुये। आयुष म्हात्रे अपना खाता भी नहीं खोल पाये। इसके बाद मैथ्यू शॉट पांच रन बनाकर आउट हुये। सरफराज खान और कार्तिक शर्मा ने पारी को संभाले का प्रयास किया। लेकिन रवींद्र जडेजा और बृजेश शर्मा ने दोनों बल्लेबाजों को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। सफराज खान ने 17 और कार्तिक शर्मा ने 18 रन बनाये। शिवम दुबे (छह) का रवींद्र जडेजा ने शिकार किया। नूर अहमद एक रन बनाकर आठवें विकेट के रूप में आउट हुये। मैट हेनरी पांच रन बनाकर आउट हुये। 20वें ओवर की चौथी गेंद पर जेमी ओवर्टन के रनआउट होने के साथ चेन्नई सुपर किंग्स की पारी 127 रन के स्कोर पर सिमट गई। जेमी ओवर्टन और अंशुल काम्बोज ने 10वें विकेट के लिए 33 रन जोड़कर स्कोर 100 रनों के पार पहुंचाया। जेमी ओवर्टन ने 36 गेंदों में दो चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 43 रनों की पारी खेली। राजस्थान रॉयल्स के लिए जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिये। बृजेश शर्मा और कार्तिक शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**15** गेंदों पर वैभव सूर्यवंशी ने अर्धशतक पूरा किया

**चेन्नई सुपरकिंग्स**

**127/10** (19.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन बो बर्गर | 06 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो आर्चर | 06 |
| आयुष म्हात्रे स्टं. जुरेल बो बर्गर | 00 |
| मैथ्यू शॉर्ट का जायसवाल बो संदीप | 02 |
| सरफराज खान पगबाधा जडेजा | 17 |
| कार्तिक शर्मा पगबाधा बृजेश | 18 |
| शिवम दूबे का बिश्नोई बो जडेजा | 06 |
| जैमी ओवरटन रन आउट | 43 |
| नूर अहमद का जुरेल बो आर्चर | 01 |
| मैट हेनरी का एवं बो बिश्नोई | 05 |
| अंशुल कंबोज नाबाद | 07 |

**गेंदबाजी :** आर्चर 4-0-19-2, बर्गर 4-0-26-2, बृजेश 3-0-17-1, संदीप 2.4-0-22-1, बिश्नोई 3-0-16-1, जडेजा 3-0-18-2

**राजस्थान रॉयल्स**

**128/2** (12.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 38 |
| सूर्यवंशी का सरफराज बो कंबोज | 52 |
| ध्रुव जुरेल बो कंबोज | 18 |
| रियान पराग नाबाद | 14 |

गेंदबाजी : हेनरी 3-0-40-0, खलील 3-0-17-0, कंबोज 3-0-27-2, नूर 2-0-24-0, ओवरटन 1-0-14-0, शॉर्ट 0.1-0-1-0

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 4. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |
| 6. | दिल्ली कैपिटल्स | - | - | - | - | - | - |
| 7. | गुजरात टाइटंस | - | - | - | - | - | - |
| 8. | लखनऊ सुपर जायंट्स | - | - | - | - | - | - |
| 9. | पंजाब किंग्स | - | - | - | - | - | - |
| 10. | राजस्थान रॉयल्स | - | - | - | - | - | - |

## रोहित शर्मा 2.0 अपना दबदबा बनाने के लिए तैयार : कुंबले



**मुंबई।** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले आईपीएल के इस सत्र के पहले मैच में रोहित शर्मा के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं और उनका मानना है कि रोहित का '2.0 अवतार' पूरे टूर्नामेंट में विरोधी टीमों के लिये चिंता का सबब रहेगा। 38 वर्ष के रोहित ने 38 गेंद में 78 रन बनाये जिसकी मदद से मुंबई इंडियंस ने रविवार को आईपीएल के पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। कुंबले ने स्टार स्पोटर्स' से कहा लगता है कि रोहित शर्मा अपने 2 . 0 अवतार में आ गए हैं । उनकी पारी से साबित हो गया है कि वह फिर से अपना दबदबा बनाने को तैयार हैं। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहे थे, मुझे उनके कैरियर के शीर्ष दिनों की याद आ गई। उन्होंने कहा वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण और ब्लेसिंग मुजरबानी जैसे गेंदबाजों को छक्के लगाना आसान नहीं है लेकिन उसने इसे आसान बना दिया। उसने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और ब्रेक के बाद लौटने पर लय और टाइमिंग हासिल करने में पांच से सात दिन लगते हैं। कुंबले ने कहा वह शानदार पारी थी। छक्के आसानी से लग रहे थे । इस पारी ने साबित कर दिया कि रोहित का यह अवतार आईपीएल की बाकी टीमों के लिए चिंता का सबब होगा।

## सूर्या को इंपैक्ट सब के तौर पर एहतियातन इस्तेमाल किया गया : जयवर्धने



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को टीम के पहले आईपीएल मैच में चोट के कारण 'इंपैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया गया और इसमें कोई गैर जरूरी कहानी बनाने की जरूरत नहीं है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार ने फील्डिंग नहीं की और आठ गेंद में 16 रन बनाए। मुंबई ने केकेआर को छह विकेट से हराया। मैच के बाद जयवर्धने से पूछा गया कि पिछले सत्र में भारत और मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के बाद क्या अब सूर्यकुमार यादव को 'इंपैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया जायेगा, इस पर उन्होंने कहा उम्मीद है कि कोई अवांछित कहानी नहीं बनाई जाएगी। टीम खुश है । उसे अतिरिक्त ब्रेक दिया गया था जो वह चाहता था। उन्होंने कहा उसे मामूली सी जकड़न है और वह फील्डिंग वगैरह कर रहा था । मुझे पता है कि अगले मैच में पांच दिन का समय है तो उसे अतिरिक्त समय देना चाहता था। वह तीन चार ओवर फील्डिंग के लिये तत्पर था लेकिन मैने मना किया। जयवर्धने ने कहा इसलिए प्लीज कोई कहानियां मत बनाइये। मैने कहा कि एहतियात के तौर पर ऐसा किया गया था । ये काफी अनमोल खिलाड़ी हैं और ये फैसले सोच समझकर लिये जाते हैं। उन्होंने खुशी जताई कि आखिरकार मुंबई इंडियंस ने पहला मैच हारने का सिलसिला तोड़ा । रोहित (78) और रियान रिकेलटन (81) की पारियों के दम पर मुंबई ने 221 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया। कोच ने कहा यह बल्लेबाजी के लिये अच्छा विकेट था। मुझे लगा कि 220 रन का स्कोर ज्यादा था और हमने 20 रन फालतू दिये लेकिन जिस तरह से रोहित और रियान ने बल्लेबाजी की, देखकर बहुत अच्छा लगा।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि केकेआर को पता है कि ग्रीन गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे

**सिडनी।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सोमवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबंधन को कैमरन ग्रीन की चोट की स्थिति के बारे में पूरी तरह से पता है जबकि केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि सिर्फ मेजबान बोर्ड को ही पता है कि ग्रीन गेंदबाजी क्यो नहीं कर सके। ग्रीन से गेंदबाजी नहीं कराने के बारे में पूछे गए सवालों पर रहाणे ने कहा क्रिकेट आस्ट्रेलिया से पूछो। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने बताया कैमरन को कमर में चोट लगी थी जिससे वह कुछ समय तक गेंदबाजी नहीं कर सकेगा। वह 10.12 दिन के बाद गेंदबाजी कर पायेगा और केकेआर को इसकी पूरी जानकारी है। ग्रीन ने सितंबर 2024 से अक्टूबर 2025 तक गेंदबाजी नहीं की । उन्होंने 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में गेंदबाजी की थी । पूरे विश्व कप में वह 19 गेंद ही डाल सके। केकेआर ने 25.20 करोड़ रुपये में ग्रीन को खरीदा था।

# खुद को साबित करने उतरेंगे गिल और अय्यर

मुल्लांपुर, एजेंसी

भारतीय टीम से बाहर टी20 बल्लेबाज शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जब इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में क्रमशः गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स की अगुवाई करेंगे तो उनका इरादा खुद को साबित करने का भी होगा।

भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी20 टीम का उपकप्तान बनाया गया था लेकिन बाद में विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह संजू सैमसन को चुना गया था जिनका भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान रहा। वर्ष 2023 के बाद से आईपीएल में गिल से ज्यादा रन सिर्फ विराट कोहली ने बनाये हैं लेकिन अब फोकस निरंतरता की बजाय स्ट्राइक रेट पर है । गिल का टी20 कैरियर का स्ट्राइक रेट 138 है लेकिन पिछले साल उन्होंने 155 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। अब बल्लेबाजी कोच के तौर पर मैथ्यू हेडन स्टाफ का हिस्सा है लिहाजा गिल की छक्के मारने के कौशल और बल्लेबाजी पर नजर रखी जायेगी। हार्दिक पंड्या के जाने के बाद से गिल ने कप्तानी का जिम्मा भी बखूबी संभाला है। अपने पदार्पण वर्ष 2022 में आईपीएल खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस पिछले साल तीसरे स्थान पर रही। एक बार फिर टीम संतुलित लग रही है। सलामी बल्लेबाज गिल और साइ सुदर्शन सबसे बड़ी ताकत हैं। सुदर्शन ने पिछले सत्र में सर्वाधिक 759 रन बनाये थे। वह पसली के फ्रेक्चर से उबरकर लौट रहे हैं पर घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात के पास विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र जैसे विकल्प हैं जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 160 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाये थे।



शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर।

पंजाब किंग्स के लिये एक बार फिर श्रेयस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा जो तीन अलग अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक ले जा चुके हैं। उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में और पंजाब पिछले सत्र में फाइनल तक पहुंची जबकि केकेआर ने 2024 में खिताब जीता था। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद श्रेयस को भारतीय टी20 टीम में जगह नहीं मिली और भारत के लिये आखिरी टी20 उन्होंने दिसंबर 2023 में खेला था। पिछले सत्र में उन्होंने 175 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 604 रन बनाये थे।

- गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स का मुकाबला आज

**टीम**

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), निहाल वढेरा, विष्णु विनोद, हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बरार , मार्को यानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, प्रियांश आर्य, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाख विजयकुमार, यश ठाकुर, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे व विशाल निषाद।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साइ सुदर्शन, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, टॉम बेंटोन, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधू, वॉशिंगटन सुंदर , मोहम्मद अरशद खान, साइ किशोर, जयंत यादव, जैसन होल्डर, राहुल तेवतिया, शाहरूख खान, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर सिंह बरार, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, कुलवंत हेजरोलिया, राशिद खान।

## भज्जी ने की रहाणे की आलोचना

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान रोहित शर्मा के खिलाफ सुनील नारायण का इस्तेमाल नहीं करने को लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे की आलोचना की।

रोहित तूफानी बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्होंने 38 गेंद में 78 रन बनाए और सलामी जोड़ीदार रेयान रिकलटन (81 रन) के साथ 72 गेंद में 148 रन की भागीदारी की। तब रहाणे ने नारायण का इस्तेमाल नहीं किया जबकि मुंबई इंडियंस के इस स्टार खिलाड़ी के खिलाफ इस गेंदबाज का रिकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है। सबसे अच्छा मुकाबला यह होता कि पावरप्ले में नारायण से गेंदबाजी कराई जाती, कम से कम एक या दो ओवर तो जरूर ताकि रोहित को शुरुआत में ही निशाना बनाया जा सके। विकेट लेकर मुंबई पर दबाव बनाने का उनके पास यही सबसे अच्छा मौका था। बल्कि नारायण ने अपने कोटे के पूरे ओवर भी नहीं फेंके, जिससे पता चलता है कि कप्तानी उस स्तर की नहीं थी।

# हुनर साबित करने के लिए मैं नहीं खेल रहा : रहाणे

मुंबई, एजेंसी

अपने भविष्य को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलों को खारिज करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान और भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने कहा कि वह अपने विकास के लिये क्रिकेट खेल रहे हैं, किसी को कुछ साबित करने के लिये नहीं।

सैतीस वर्ष के रहाणे ने पिछले सत्र में मुंबई रणजी टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने सफेद गेंद के टूर्नामेंट में भी कप्तानी नहीं की जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। वह भारत के लिए आखिरी बार 2023 में खेले थे।मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में 40 गेंद में 67 रन बनाने वाले रहाणे ने कहा लोगों को मेरे बारे में बोलने दीजिए।



वे 20 साल से बोलते आ रहे हैं। उन्होंने कहा मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश हूं । मैं किसी को यह साबित करने के लिये नहीं खेल रहा हूं कि मैं कितना हुनरमंद हूं । लोग देख रहे हैं। उन्हें देखने दीजिये और बोलने दीजिए। उन्होंने कहा मैं बहुत खुश हूं कि पिछले दो तीन साल में सफेद गेंद के प्रारूप में मेरा खेल बेहतर हुआ है। एक क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी है और मैं वही करने की कोशिश कर रहा हूं।

**एशियाई खेल**

### पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर दे रहीं खास ध्यान

# तीरंदाज कोमोलिका की निगाहें भारतीय टीम में चयन पर

रायपुर, एजेंसी

भारतीय तीरंदाज कोमोलिका बारी के लिए जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में सफर उतना आसान नहीं रहा लेकिन अब वह 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर खास ध्यान दे रही हैं।

विश्व कैडेट और विश्व जूनियर खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटी हैं।

एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ में पहुंचने के बाद कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। वह पुणे में चल रहे शिविर में अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं।



उन्होंने 'साई मीडिया' से कहा, मैं फिलहाल शीर्ष-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं और अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं।

कोमोलिका ने 2021 में अपनी राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया। उनकी मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं जिन्होंने बेटी को तीरंदाजी अपनाने के लिए प्रेरित किया। झारखंड की यह प्रतिभाशाली तीरंदाज यहां चल रहे पहले 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में तीरंदाजी स्पर्धा की मुख्य आकर्षण हैं।

कोमालिका ने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य 2028 ओलंपिक है। इस समय मेरी ट्रेनिंग काफी अच्छा चल रही है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा, अभी तक के सफर ने मुझे सिखाया है कि उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है।

## शॉटगन विश्व कप में वापसी की कोशिश करेंगे ट्रैप निशानेबाज

**टैंगियेर (मोरक्को)।** भारतीय ट्रैप निशानेबाज मंगलवार को यहां आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप के फिर से शुरू होने पर स्कीट निशानेबाजों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। सत्र के पहले शॉटगन विश्व कप में पुरुष और महिला स्कीट टीम का प्रदर्शन फीका रहा था, जहां अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद कोई भी भारतीय निशानेबाज फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका। भवनेश मेंदीरत्ता जैसे खिलाड़ी सत्र की सकारात्मक शुरुआत करने के इरादे से उतरेंगे, क्योंकि इस साल जापान में एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप भी होने हैं।